ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12:54 उपरांत मूल विक्रम संवत 2083

आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.29
सूर्यास्त 06.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

मंगलवार, 5 मई 2026, वर्ष 4, अंक 254, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 5 रुपये

बंगाल-असम में भगवा आंधी

पूर्वी भारत के राजनीतिक मानचित्र पर आज एक ऐसा 'भगवा सूर्योदय' हुआ है, जिसने दशकों पुराने स्थापित समीकरणों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। पश्चिम बंगाल से लेकर असम की वादियों तक चली प्रचंड 'भगवा आंधी' में विपक्ष के तमाम किले ताश के पत्तों की तरह ढह गए। पश्चिम बंगाल में पिछले 15 वर्षों से राज्य की सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस का किला ढह गया है। भाजपा यहां 200 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करके पहली बार सत्ता पर काबिज होने जा रही है। असम के चुनावी नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पूर्वोत्तर में भगवा रंग अब स्थायी हो चुका है। पहले गठबंधन के सहारे सरकार चलाने वाली भाजपा ने पहली बार स्पष्ट बहुमत हासिल किया है।

प.बंगाल में पहली बार खिला कमल, असम में हिमंता सरकार दोबारा, पुडिचेरी में भी एनडीए

कोलकाता/ नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की राजनीति में सोमवार को एक नया इतिहास रचा गया। मां, माटी, मानुष के नारे को पीछे छोड़ते हुए बंगाल की जनता ने इस बार 'परिवर्तन' के पक्ष में मतदान किया। भाजपा ने 294 सीटों वाली राज्य विधानसभा में देर रात तक 199 सीटें पर जीत हासिल कर ली है और 7 सीटों पर बढ़त है। इस तरह से उसकी जीत का आंकड़ा 207 तक पहुंचता दिख रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने केवल 69 सीटों पर जीत हासिल की और 11 सीटों पर बढ़त के साथ उसकी झोली में अधिकतम 80 सीट ही आ सकेंगी। कांग्रेस ने दो सीटें जीतीं और आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) ने भी दो ही सीटों पर विजय हासिल की है।

- **ऐतिहासिक परिवर्तन: तृणमूल के 15 साल के शासन का अंत**

2021 के विधानसभा चुनाव में बड़ा बदलाव देखा गया, जहां तृणमूल ने 47.94 प्रतिशत मतों के साथ 213 सीटें जीतकर अपनी पकड़ मजबूत की थी, जबकि भाजपा 38.13 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 77 सीटों पर सिमट गई थी। इस चुनावी मैदान में एक तरफ जुझारू ममता बनर्जी ने अपनी पूरी शक्ति झोंक दी थी, लेकिन सत्ता विरोधी लहर और विकास के वादों के सामने उनकी घेराबंदी विफल रही। आखिरकार, कोलकाता के मुख्यालय से लेकर सुदूर गांवों तक भगवा की लहर दौड़ गई है और बंगाल की धरती पर पहली बार कमल खिला है।

असम में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद लगातार तीसरी बार असम में सरकार बनाने के लिए तैयार है। राजग ने सोमवार को 126 सदस्यीय विधानसभा में 101 सीटों पर जीत दर्ज की। उसके सहयोगी दलों बोडो पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) को 10-10 सीट पर जीत मिली है। भाजपा एक सीट पर आगे चल रही थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस उम्मीदवार बिदिशा नियोग को 89,434 मतों से हराकर लगातार छठी बार जालुकबारी निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई जोरहाट में अनुभवी नेता और मौजूदा भाजपा विधायक हितेंद्रनाथ गोस्वामी से 23,181 मतों के अंतर से हार गए। भाजपा के चुनाव जीतने वाले प्रमुख नेताओं में मंत्री अजंता नियोग (गोलाघाट), रानोज पेगु (धेमाजी), पीजूष हजारिका (जागीरोड), कौशिक राय (लखीपुर), प्रशांत फूकन (डिब्रूगढ़), कृष्णेंदु पॉल (पाथरकांडी) और बिमल बोरा (तिंगखोंग) शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी ने यूपीपीएल के पूर्व बीटीसी प्रमुख प्रमोद बरो को हराकर तामुलपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विधानसभा चुनाव में राजग के शानदार प्रदर्शन के लिए जनता का आभार जताते हुए सोमवार को कहा कि यह परिणाम सरकार के अच्छे काम और राज्य के विकास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोर का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक-दो को छोड़कर विपक्ष में कोई हिंदू विधायक नहीं होगा।

(आंकड़े रुझान और जीत के आधार पर)

पश्चिम बंगाल

सीट : 294 बहुमत : 147

भाजपा	टीएमसी	अन्य
206	81	06

असम

सीट : 126 बहुमत : 64

भाजपा	कांग्रेस	अन्य
102	21	03

सियासी भागीरथी का महासंगम

गंगोत्री से गंगासागर तक अब भगवा

भारतीय राजनीति के मानचित्र पर आज एक ऐसी इबारत लिखी गई है, जिसकी गूंज हिमालय की कंदराओं से लेकर बंगाल की खाड़ी तक सुनाई दे रही है। उत्तराखंड की पहाड़ियों में स्थित गंगोत्री से शुरू हुई भाजपा की वैचारिक धारा अब पश्चिम बंगाल के गंगासागर तक पहुंच कर एक अखंड राजनीतिक प्रवाह में बदल गई है। बंगाल चुनाव 2026 के इन ऐतिहासिक परिणामों ने न केवल सत्ता का केंद्र बदला है, बल्कि भाजपा के गंगोत्री से गंगासागर तक वाले भाजपा के नारे को हकीकत बना दिया है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोनार बांग्ला के आह्वान, अमित शाह की अभेद्य रणनीति और योगी आदित्यनाथ के प्रखर नेतृत्व ने मिलकर बंगाल की खाड़ी में वह राजनीतिक सुनामी पैदा की, जिसने दशकों पुराने किलों को ध्वस्त कर दिया। यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि यह उत्तर भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पूर्वी भारत की बौद्धिक चेतना के मिलन का प्रतीक बन गई है।

देश के 21 राज्यों में एनडीए का दबदबा

विपक्ष के लिए नई चुनौतीबंगाल की इस जीत के साथ ही भारत के राजनीतिक नक्शे पर भाजपा और उसके सहयोगियों एनडीए का प्रभाव अब 21 राज्यों तक विस्तृत हो गया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में अपनी जड़ें मजबूत करने के बाद, अब बंगाल और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्य भाजपा के नए 'पावर हाउस' बनकर उभरे हैं। बंगाल की इस जीत ने भाजपा को वह ऊर्जा दी है जिससे वह कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक बार फिर नए सिरे से 'अजेय' होने का दावा कर रही है।

यूडीएफ ने केरलम में सत्ता हासिल की

सीट : 140 बहुमत : 71

यूडीएफ	एलडीएफ	भाजपा
102	35	03

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने केरल विधानसभा चुनावों में 102 सीटें जीतकर दो तिहाई से अधिक बहुमत के साथ ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए 10 साल बाद सत्ता में जबरदस्त वापसी की है। 140 सदस्यीय विधानसभा के सोमवार को घोषित नतीजों के अनुसार कांग्रेस को 63 सीटें मिली हैं जबकि उसके गठबंधन यूडीएफ में शामिल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को 22, केरल कांग्रेस को सात और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी को तीन सीटें मिली हैं। यूडीएफ से संबद्ध चार निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी जीत हासिल की है। दूसरी ओर माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। एलडीएफ की करारी हार के बाद पिनरायी विजयन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे उनका एक दशक लंबा कार्यकाल समाप्त हो गया। माकपा को 26 सीटें ही मिल पायी हैं।

टीवीके सबसे बड़ी पार्टी

चेन्नई। अपनी सुपरहिट फिल्मों की तरह, जिनमें वह एक हीरो के तौर पर दुश्मनों का सफाया करते हैं, अभिनेता विजय ने तमिलनाडु के चुनावी मैदान में धमाकेदार शुरुआत की है। विजय ने अपने पहले ही चुनाव में द्रविड़ राजनीति के उस मजबूत किले को ढहा दिया है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

थलपति विजय

उन्होंने अकेले अपने दम पर तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) को शानदार जीत दिलाई है। उन्होंने न केवल सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को पछाड़ा, बल्कि अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) जैसी सशक्त पार्टी को तीसरे नंबर पर धकेल दिया। इस चुनाव में द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन को भी कोलाथुर सीट पर हार झेलनी पड़ी है। उनके साथ ही दिग्गज मंत्री दुरईमुरुगन समेत कई बड़े मंत्रियों को अपने ही गढ़ में शिकस्त मिली है।

स्टालिन को टीवीके उम्मीदवार वी.एस. बाबू ने 9,000 से ज्यादा मतों से हराया है। कोलाथुर से लगातार तीन बार जीत चुके श्री स्टालिन की यह पहली हार है। पहली बार चुनाव लड़ रही टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, हालांकि वह बहुमत के लिए जरूरी 118 सीटों के जादुई आंकड़े से थोड़ी पीछे रह गई है। विजय ने खुद चेन्नई की पेरम्बूर और त्रिची पूर्व, दोनों सीटों से भारी मतों से जीत हासिल की है।

विजय ने अपने करोड़ों प्रशंसकों को एक मजबूत वोट बैंक में बदल दिया। उन्होंने खुद को एक 'द्रविड़ विकल्प' के रूप में पेश किया और वह सफलता पाई जो बड़ी राष्ट्रीय पार्टियां 1967 के बाद से कभी हासिल नहीं कर सकीं।

तमिलनाडु

सीट : 234 बहुमत : 118

टीवीके	एडीएमके	डीएमके	अन्य
107	53	65	09

- **द्रविड़ राजनीति के मजबूत किले को ढहाकर विजय की शानदार शुरूआत**

पुडुचेरी में फिर खिला 'कमल' एनडीए की शानदार वापसी

सीट : 30 बहुमत : 16

एनडीए	कांग्रेस	अन्य
18	6	06

केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव 2026 के परिणामों ने एक बार फिर एनडीए के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है। मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाले ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस और भाजपा गठबंधन ने अपनी सत्ता बरकरार रखते हुए बहुमत का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। रंगासामी ने अपनी पारंपरिक सीट थट्टनचावडी से 4,441 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर अपनी लोकप्रियता साबित की है।दिग्गजों की जीत और बड़े उलटफेरइस चुनाव में न केवल रंगासामी ने जीत हासिल की, बल्कि भाजपा के कद्दावर नेता ए. नमस्वयम ने भी मन्नडिपेट सीट से 6,110 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। कांग्रेस के दिग्गज नेता वी. वैथिलिंगम को थट्टनचावडी में करारी हार का सामना करना पड़ा, जहां वे चौथे स्थान पर रहे। विधानसभा अध्यक्ष आर. सेल्वम और विपक्ष के नेता आर. शिवा जैसे बड़े चेहरे भी अपनी सीटें बचाने में नाकाम रहे।

योगी के प्रखर हिंदुत्व और बुलडोजर मॉडल से बंधा जीत का सेहरा

कोलकाता : पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक बढ़त के पीछे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'प्रखर हिंदुत्व' और 'सुरक्षा मॉडल' एक बड़ा कारक बनकर उभरा है। योगी आदित्यनाथ ने इस चुनाव में भाजपा के पक्ष में 20 से अधिक रैलियां और रोड शो किए।विश्लेषणों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने जिन प्रमुख सीटों पर प्रचार किया, उनमें से 75% से अधिक सीटों पर भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपनी सभाओं में 'बुलडोजर' और 'भ्रष्टाचार मुक्त शासन' के यूपी मॉडल की बात की, जिसे बंगाल की जनता ने हाथों-हाथ लिया। सोनामुखी, मालदा और पुरुलिया जैसे क्षेत्रों में उनकी रैलियों ने ध्रुवीकरण और जमीनी कार्यकर्ताओं के उत्साह को नई ऊंचाई दी।

मोदी-शाह-योगी: विजय के तीन शिल्पकार

पीएम मोदी ने जहां बंगाल के घर-घर में विकास की उम्मीद जगाई, वहीं अमित शाह के 'बूथ-मैनेजमेंट' ने हर चुनौती को मात दी। दूसरी ओर, योगी आदित्यनाथ की रैलियों ने पूरे बंगाल में हिंदुत्व और सांस्कृतिक गौरव का वह ज्वार पैदा किया, जिसने चुनाव को पूरी तरह 'भगवा' रंग में रंग दिया। आज ये तीनों नेता बंगाल के मानचित्र पर खड़े होकर देश को एक नए 'राजनीतिक एकीकरण' का संदेश दे रहे हैं।

नई दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचने पर मोदी का किया गया भव्य स्वागत। ● एजेंसी

यह भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसे का दिन : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा मुख्यालय पर जश्न

- **प्रधानमंत्री ने कहा -हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है, हमारी रगों में दौड़ता हुआ संस्कार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ अब गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला हुआ है। उन्होंने सभी दलों से बदले के बजाय बदलाव के लिए काम करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह देश के उज्ज्वल भविष्य की उद्घोषणा का दिन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसे का दिन है, काम करने की राजनीति पर भरोसे का दिन है, स्थिरता के संकल्प पर भरोसे का दिन है और एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना पर भरोसे का दिन है। उन्होंने विजय समारोह में कहा कि मैं पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता को नमन करता हूं। समारोह में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित थे। पिछले साल 14 नवंबर को, जब बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए थे, मोदी ने इसी स्थान से भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि गंगा बिहार से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक बहती है। उन्होंने कहा कि और आज, पश्चिम बंगाल में जीत के साथ, गंगोत्री (उत्तराखंड) से गंगा सागर (पश्चिम बंगाल) तक कमल ही कमल खिला हुआ है। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के इस उत्सव में भय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीत हुई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीत और हार लोकतंत्र और राजनीति का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन इन पांच राज्यों की जनता ने दुनिया को दिखा दिया है कि क्यों हमारा देश लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है, यह हमारी रगों में दौड़ता हुआ संस्कार है। आज भारत का संविधान भी जीता है। हमारी संवैधानिक संस्थाएं जीती हैं। हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं जीती हैं। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगभग 93 प्रतिशत मतदान अपने आप में ऐतिहासिक है तथा असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भी मतदान के नये रिकॉर्ड बने हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में महिलाओं की भागीदारी असाधारण रूप से अधिक रही और यह भारतीय लोकतंत्र की सबसे उज्ज्वल तस्वीर के रूप में उभर रही है।

एसआईआर : चुनाव आयोग से लड़ती रहीं ममता बनर्जी... भाजपा ने कर दिया 'खेला'

न सत्ताविरोधी लहर को भांप पाईं, न ही भाजपा की रणनीति को

कोलकाता में चुनाव नतीजों से मायूस टीएमसी कार्यकर्ता।

ध्रुवीकरण और हिंदू वोटरों का रुझान

उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल के कई हिस्सों में हिंदू मतदाताओं का भाजपा के पक्ष में मजबूत ध्रुवीकरण देखा गया। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर अल्पसंख्यक तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक गौरव को मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया। घुसपैठ के मुद्दे को भी भाजपा ने ध्रुवीकरण के लिए हथियार बनाया और टीएमसी को अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के लिए घुसपैठियों को नजरंदाज करने के आरोप लगाए। पार्टी से निष्कासित होकर चुनाव मैदान में उतरे विधायक हुमायूं कबीर ने भी राज्य के कुछ क्षेत्रों में ध्रुवीकरण को और ज्यादा बढ़ावा दिया।

वोटर लिस्ट से 23 लाख नाम साफ

भाजपा ने दावा किया कि उन्होंने मतदाता सूची से लगभग 23 लाख बाहरी लोगों के नाम हटवाए, जिससे चुनाव केवल वास्तविक मतदाताओं तक सीमित रहा। इसके अलावा, इस बार अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण मतदान ने चुनावी परिणामों को निर्णायक रूप से प्रभावित किया। बंगाल के चुनावों का इतिहास हिंसा से भरा रहा है, लेकिन चुनाव आयोग ने इस बार भारी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती करने के साथ प्रशासनिक अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले कर दिए जिस कारण राज्य में काफी हद तक माहौल बदल गया। भाजपा ने बूथ स्तरीय प्रबंधन पर भी काफी सूक्ष्मता से काम किया, जिससे उसके मतदाता मतदान केंद्रों तक पहुंचे।

कोलकाता, एजेंसी

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 2016 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटें जीतकर राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। महज 10 साल में पार्टी ने राज्य में इतनी गहरी पैंठ बनाई कि इस बार शानदार ढंग से बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी राज्य की मुख्यमंत्री होते हुए भी अंत तक नहीं भांप सकीं कि उनकी सत्ता के किले को भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अंदर ही अंदर कितना कमजोर कर दिया है।

तृणमूल कांग्रेस की इस चुनाव में सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि वह चुनाव शुरू होने तक राज्य में चल रही सत्ता विरोधी लहर का आंकलन नहीं कर सकी। भाजपा लगातार इस सुलगती आंच को और भड़काने में जुटी रही। तृणमूल नेताओं की मनमानी, भ्रष्टाचार के आरोप और प्रशासनिक सुस्ती ने मतदाताओं को बदलाव के विकल्प की ओर धकेला। इसी बीच भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू कराई तो तृणमूल कांग्रेस इसी में उलझकर रह गई। चुनाव आयोग के एक-एक निर्णय को लेकर तृणमूल कांग्रेस हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की दौड़ लगाती रही। भाजपा इस बीच राज्य में अपनी चुनावी गोटें बिछाने में जुटी रही। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में लंगर डाल लिया। रही-सही कसर चुनाव आयोग की ओर से पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की ऐतिहासिक तैनाती ने पूरी कर दी। तृणमूल कांग्रेस के लिए विकल्प लगातार कम होते गए। आखिरकार सोमवार को इसका नतीजा सामने आ गया।

महिलाओं का झुकाव भाजपा की ओर

महिला मतदाताओं का झुकाव भाजपा ने इस चुनाव में महिला मतदाताओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। अनुमान है कि मिशन शक्ति और विधानसभा में महिला आरक्षण जैसे केंद्रीय प्रयासों के साथ राज्य में कानून-व्यवस्था विशेषकर आरजी कर जैसे मुद्दों ने महिलाओं के बड़े वर्ग को भाजपा के पक्ष में मोड़ दिया। अनुमान जताया जा रहा है कि महिला वोटों में लगभग 5% की बढ़ोतरी भाजपा के पक्ष में हुई है।

भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के मुद्दों पर तृणमूल कांग्रेस से रूठा युवा वोटर

पश्चिम बंगाल के चुनाव में भाजपा ने रोजगार और विकास को मुद्दा बनाकर युवा मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत की। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में 25 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदाता युवा हैं। इनमें काफी संख्या ऐसे युवाओं की थी जो पहली बार वोट डालने जा रहे थे। ये मतदाता बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर तृणमूल कांग्रेस से छिटक गया और भाजपा से अपनी उम्मीदें जोड़ बैठा। शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े 26 हजार नियुक्तियां रद्द होने का फैसला इस वर्ग की नाराजगी का प्रमुख कारण बना। भाजपा को चुनाव में इसका व्यापक लाभ मिला। इसके अलावा राज्य में लगातार तेज होती रही सत्ताविरोधी लहर का असर भी युवा मतदाताओं पर पड़ा।

सोमवार को दोपहर तक नतीजे काफी हद तक साफ हो गए, इसी बीच ममता बनर्जी ने मीडिया से बात की।

मोदी का चेहरा, शाह की रणनीति... पिछली गलतियों से सबक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस चुनाव में अपना पूरा दमखम झोंकने में कोई कसर नहीं छोड़ी। खासतौर पर अमित शाह की चुनावी रणनीति और उसका प्रबंधन अपने हाथ में रखने का काफी असर पड़ा। नतीजा यह रहा कि भाजपा को कोलकाता और उसके आसपास के शहरी इलाकों में संघर्ष करना पड़ता था, लेकिन 2026 में शहरी-उपनगरीय क्षेत्रों में भाजपा ने टीएमसी के इस मजबूत गढ़ में बड़ी सेंध लगाने में कामयाबी हासिल की। भाजपा ने इसके साथ पिछले चुनावों में की गई गलतियों से भी सबक लिया और उनको दोहराने से बचती रही। पिछले चुनावों की तरह भाजपा के शीर्ष नेताओं ने ममता बनर्जी पर सीधे हमले करने से परहेज किया बल्कि इस पर ज्यादा जोर दिया कि उनकी नीतियों और कार्यप्रणाली से बंगाल की जनता को भारी नुकसान हो रहा है। सीमाओं की सुरक्षा का मुद्दा भी भाजपा के प्रमुख हथियारों में शामिल रहा। अमित शाह ने अपनी चुनावी जनसभाओं में कई बार बीएसएफ को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन न देने का मुद्दा भी बार-बार जनता के सामने रखा।









पश्चिम बंगाल में 2016 के बाद भाजपा के लंबे कदम... तीन सीटों से शुरुआत... 10 साल में 200 पार

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा की 34 साल पुरानी सत्ता को उखाड़कर 2011 में बंगाल की मुख्यमंत्री बनी थीं। इसके बाद से वह लगातार तीन बार राज्य का चुनाव जीतीं। वर्ष 2011 तक भाजपा का इस राज्य में नामोनिशान तक नहीं था। पहली बार 2016 के विधानसभा चुनाव में भाजपा राज्य में सिर्फ तीन सीटें जीतकर अपने सियासी कदम रखने में कामयाब हुई। लेकिन इसके बाद उसने 2021 में हुए अगले ही चुनाव में बेहद लंबा कदम रखा और राज्य में 77 सीटें जीतकर अपने सियासी वजूद को काफी मजबूत कर लिया। वर्ष 2026 के चुनाव में भाजपा ने और लंबा सियासी कदम रखा और 77 सीटों में बड़ा इजाफा करते हुए बहुमत का आंकड़ा पार कर सत्ता हासिल कर ली।

कोलकाता में एक-दूसरे के चेहरे पर गुलाल लगाकर भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न मनातीं युवतियां।

असम में हैट्रिक : ढीली नहीं होने दी मतदाताओं की नब्ज से पकड़

महिलाओं, राज्यकर्मियों, चाय बागान श्रमिकों पर रहा फोकस

गुवाहाटी, एजेंसी

भाजपा ने असम विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव से काफी पहले ठोस रणनीति पर काम शुरू कर दिया था। पार्टी ने राज्य में सिर्फ रणनीतिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि प्रशासनिक और सामाजिक मोर्चे पर भी काफी काम किया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्वशर्मा ने अपनी सत्ता बरकरार करने के लिए एक तो विपक्ष को सेंध लगाने का कोई मौका नहीं दिया, दूसरे हवा को अपने पक्ष में मोड़ने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

असम में सत्ता के पक्ष में लहर का एक बड़ा आधार सरकार की कल्याणकारी योजनाएं रहीं। महिलाओं के लिए सीधे नकद हस्तांतरण की ओरुनोदोई योजना को गेम चेंजर माना गया। भाजपा ने इस सहायता राशि को बढ़ाकर 3,000 करने और 15 लाख और परिवारों को जोड़ने का वादा कर महिला मतदाताओं का समर्थन हासिल करने में कामयाबी पाई। इसके अलावा राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए भारत में पहली बार आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा ने मध्यम वर्ग और सरकारी कर्मचारियों के वोट सुनिश्चित किए।

इसके अलावा भाजपा ने अपने सहयोगी असोम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के साथ मिलकर मजबूत सोशल इंजीनियरिंग तैयार की। ऊपरी असम में चाय बागान श्रमिकों के लिए भूमि अधिकार और बेहतर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर भाजपा ने अपने आधार को मजबूत किया। बुनियादी ढांचा और विकास डबल इंजन सरकार का दावा करते हुए भाजपा ने राज्य में सड़क और बुनियादी ढांचे के विस्तार को मुख्य मुद्दा बनाया। 'असोम माला' और 'भारतमाला' जैसे प्रोजेक्ट्स ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कनेक्टिविटी में सुधार किया, जिससे लखीमपुर, धेमाजी और माजुली जैसे जिलों में भाजपा को बढ़त मिली। दूसरे राज्यों की तरह यहां भी भाजपा ने ध्रुवीकरण को प्रमुख हथियार बनाया।

गुवाहाटी में भाजपा की हैट्रिक की खुशी मनाती एक महिला।

सीटों के परिसीमन ने बदला खेल

असम की 126 विधानसभा सीटों का 2023 में जो नया परिसीमन हुआ, उसने चुनावी गणित को भाजपा के पक्ष में करने में बड़ी भूमिका निभाई। निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को इस तरह से बदला गया जिससे कई इलाकों में जनसांख्यिकीय संतुलन भाजपा के अनुकूल हो गया। अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटें 16 से बढ़ाकर 19 और अनुसूचित जातियों के लिए 8 से बढ़ाकर 9 कर दी गईं। बोडोलैंड क्षेत्रीय क्षेत्र में सीटों की संख्या 12 से बढ़ाकर 15 करना और स्थानीय दलों के साथ तालमेल बिठाना सफल रहा। इसके अलावा, हिमंता के नेतृत्व और आक्रामक छवि ने भी इस जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 'विकास और विरासत' के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ा। मिया मुस्लिम और अवैध अप्रवास पर कड़ा रुख अपनाकर हिंदू मतों को एकजुट करने में सफल रहे।

तमिलनाडु: युवाओं ने लिखी विजय की सियासत में हीरो जैसी एंट्री की कहानी

द्रमुक के खिलाफ सत्ताविरोधी लहर के बीच भ्रष्टाचारमुक्त शासन के वादे पर किया एतबार

चेन्नई, एजेंसी

तमाम अनुमानों को ध्वस्त करके थलपति विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) ने अपने पहले ही चुनाव में राज्य के दशकों पुराने द्रविड़ द्विध्रुवीय (द्रमुक बनाम अन्नाद्रमुक) वर्चस्व को तोड़ दिया। देर शाम तक रुझानों और परिणामों के अनुसार टीवीके करीब 110 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी, जो बहुमत के आंकड़े 118 के बेहद करीब है। टीवीके की सियासत में फिल्मी सी लगने वाली इस एंट्री में युवाओं ने प्रमुख भूमिका निभाई।

माना जा रहा है कि युवा और पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं ने टीवीके की जीत की पटकथा लिखी। चुनाव प्रचार अभियान में भी विजय की रैलियों में युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी थी जिसे चुनावी वोट बैंक में बदलने में टीवीके सफल रही। पार्टी ने 85.1% के रिकॉर्ड मतदान का फायदा उठाया। युवा पीढ़ी ने द्रविड़ दलों के पारंपरिक गठजोड़ के बजाय विजय के फ्रेश फेस और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के वादे पर ज्यादा विश्वास दिखाया। द्रमुक के खिलाफ अंदर ही अंदर चल रही प्रचंड सत्ता विरोधी लहर ने टीवीके का काम और आसान कर दिया। द्रमुक इसी वजह से तीसरे नंबर पर खिसक गई।

टीवीके का शहरी क्षेत्रों में क्लीन स्वीप

टीवीके ने शहरी क्षेत्रों, विशेषकर चेन्नई में द्रमुक के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाई। नतीजों के हिसाब से देखा जाए तो मतदाताओं ने द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बारी-बारी वाले पलटने वाले शासन के प्रति अपनी अरुचि दिखाई है और टीवीके को तीसरे विकल्प के रूप में आजमाने की इच्छा जताई है। चेन्नई की 34 में से 29 सीटों पर टीवीके ने बढ़त बनाई, जिससे द्रमुक का किला पूरी तरह ध्वस्त हो गया। विजय ने खुद पेराम्बुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की, जबकि तिरुचिरापल्ली में भी पार्टी को भारी समर्थन मिला।

अकेले चुनाव लड़ने की रणनीति सफल

किसी बड़े दल के साथ गठबंधन न करने के विजय के फैसले ने मतदाताओं को विश्वास दिलाया कि वे किसी के पिछलग्गू नहीं हैं। पार्टी की विचारधारा को धर्मनिरपेक्ष सामाजिक न्याय के रूप में पेश करना और द्विभाषी नीति का समर्थन करना तमिल पहचान के साथ गहराई से जुड़ गया।

टीवीके की अप्रत्याशित जीत का जश्न माने के लिए चेन्नई में उमड़े युवा।

बड़े चेहरों पर पराजय का दाग

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य की भवानीपुर विधानसभा सीट से चुनाव हार गईं। उन्हें उनके निकटतम विरोधी उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी ने 15, 105 मतों से पराजित किया। शुभेंदु अधिकारी को 73, 917 वोट मिले जबकि ममता बनर्जी को महज 58,812 वोट ही मिल पाए।

कोलाथुर सीट से चुनाव लड़े तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके के उम्मीदवार वीएस बाबू ने 8,795 वोटों से हराया। स्टालिन को 74,202 और बाबू को 82,997 वोट मिले। यह 1996 के बाद स्टालिन की पहली चुनावी हार है। वह तमिलनाडु के चौथे ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं जो पद पर रहते हुए विधानसभा चुनाव हार गए।

पश्चिम बंगाल : टीएमसी की वरिष्ठ नेता और मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य दमदम उत्तर सीट से चुनाव हार गईं। सुविमल डे नंदाकुमार सीट से निवर्तमान विधायक भाजपा के खानरा निर्मल से हार गए। एगरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के दिव्येंदु अधिकारी ने टीएमसी के निवर्तमान विधायक तरुण मैती को हराया।

तमिलनाडु : भाजपा की वरिष्ठ नेता तमिलिसाई सुंदरराजन मायलापुर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव हार गईं। भाजपा का एक और प्रमुख चेहरा वानाति श्रीनिवासन कोयंबटूर उत्तर से चुनाव हार गईं। एनटीके पार्टी के नेता सीमन को करईकुडी निर्वाचन क्षेत्र में अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा।

केरलम : राज्य के परिवहन मंत्री और अभिनेता केबी गणेश कुमार को पठानपुरम में कांग्रेस के ज्योति कुमार चमाकला ने हराया। मंत्री वी शिवनकुट्टी भी नेमोम सीट से भाजपा के राजीव चंद्रशेखर से पिछड़ गए। अरूर सीट से निवर्तमान विधायक और प्रसिद्ध गायिका डालीमा जोजो को कांग्रेस की शनीमोल उस्मान ने हराया। वीएन वासावन, वीणा जॉर्ज, और एमबी राजेश जैसे कई वरिष्ठ मंत्री भी पीछे रहे या हार गए।

असम : कांग्रेस के प्रमुख चेहरे गौरव गोगोई को जोरहाट सीट पर भाजपा के हितेंद्र नाथ गोस्वामी ने 23,000 वोटों से हराया। विश्वनाथ में कांग्रेस नेता जयंत बोरा भी भाजपा के पल्लब लोचन दास से हार गए।

भाजपा ने राज्य में 100 से अधिक सीटें लूटीं : ममता

कोलकाता। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने राज्य चुनावों में भाजपा की भारी जीत को अनैतिक करार दिया और आरोप लगाया कि 100 से अधिक सीटों पर जनादेश लूटा गया है। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में मतगणना केंद्र से बाहर निकलते हुए उन्होंने कहा, हम वापसी करेंगे। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मिलीभगत से केंद्रीय बलों की मदद से चुनाव आयोग की गतिविधियाँ अवैध थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें निर्वाचन आयोग के कदाचार के खिलाफ बोलने के कारण निशाना बनाया गया। कहा, मैंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल से शिकायत की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

केरलम: कांग्रेस ने ढहाया वाम का आखिरी गढ़

भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अंहकारी शासन के आरोपों से घिरी थी विजयन सरकार

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रचंड सत्ताविरोधी लहर ने केरलम में वाम मोर्चा की अगुवाई वाली एलडीएफ सरकार को उखाड़ फेंका। इसी के साथ वाम का पूरे देश से सफाया हो गया। कांग्रेस की अगुवाई वाले यूडीएफ ने 140 में से 102 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ राज्य में अपनी सरकार बनाने का रास्ता साफ कर लिया।

एलडीएफ सरकार के 10 साल के शासन के बाद जनता में इस बार असंतोष की प्रबल लहर थी। मतदाताओं ने भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और शासन में अहंकार के आरोपों के कारण पिनाराई विजयन सरकार को सिरे से नकार दिया। इससे पहले एक्जिट पोल और सर्वेक्षणों में भी शासन के प्रति भारी नाराजगी सामने आई थी। यूडीएफ के प्रमुख सहयोगी दल आईयूएमएल ने मालाबार क्षेत्र में रिकॉर्ड 22 सीटें जीतकर जीत को निर्णायक बना दिया। मलप्पुरम जिले की सभी 16 सीटों पर यूडीएफ ने पहली बार कब्जा किया है। मध्य केरल जैसे त्रिशूर, कोट्टायम और पतनमतिट्टा में ईसाई मतदाताओं का बड़ा वर्ग वापस यूडीएफ की ओर मुड़ा। भाजपा द्वारा लाए गए कुछ कानूनों से नाराजगी और रबड़ की कीमतों जैसे कृषि मुद्दों ने भी इस समुदाय को कांग्रेस के और करीब लाने में भूमिका अदा की।

कल्याणकारी वादों ने वोटरों को लुभाया

कांग्रेस ने इंदिरा गारंटीज नाम से अपने घोषणापत्र में वादों का एक पैकेज पेश किया, जिसने मतदाताओं को प्रभावित किया। इसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा, वरिष्ठ नागरिक कल्याण योजनाएं और रोजगार के वादे शामिल थे। टिकट वितरण में युवा नेताओं को तरजीह दी गई।

■ पश्चिम एशिया संकट : बजट अनुमान से अधिक रह सकती है उर्वरक सब्सिडी -12

■ चुनावी नतीजों से शेयर बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा -12

■ जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अमेरिका ने होर्मुज में बनाया अलग मार्ग -13

■ घरेलू मैदान पर अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का प्रयास करेगी दिल्ली कैपिटल्स -14

आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.29
सूर्यास्त 06.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12:54 उपरांत मूल विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 5 मई 2026, वर्ष 4, अंक 254, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 5 रुपये

नई ट्रांसफर नीति लागू, तबादले आज से

योगी कैबिनेट ने 29 प्रस्तावों पर लगाई मुहर | अधिकतम 10% कर्मचारियों के होंगे तबादले | विभागाध्यक्ष और संबंधित मंत्री मिलकर लेंगे निर्णय, कड़ाई से होगा पालन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में पेश किए गए 31 प्रस्तावों में से 29 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। सरकार ने वर्ष 2026-27 की ट्रांसफर पॉलिसी को मंजूरी देते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है। अब 5 मई से 31 मई तक विभागाध्यक्ष और संबंधित मंत्री मिलकर तबादलों का निर्णय लेगें।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि 31 मई के बाद सामान्य परिस्थितियों में तबादलों पर रोक रहेगी। साथ ही, किसी भी विभाग में कुल स्वीकृत पदों के अधिकतम 10 प्रतिशत तक ही स्थानांतरण किए जा सकेंगे। इससे मनमानी और अत्यधिक तबादलों पर अंकुश लगाने की कोशिश की गई है। लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात कर्मचारियों के स्थानांतरण को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे कार्य संस्कृति में सुधार और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। नीति के तहत समूह 'क' व 'ख' के ऐसे अधिकारी, जिन्होंने किसी जनपद में 3 वर्ष या मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं, उनका स्थानांतरण अनिवार्य होगा, जबकि विभागाध्यक्ष/मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अवधि इसमें शामिल नहीं होगी। मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अधिकतम अवधि 3 वर्ष होगी। समूह 'क' व 'ख' के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत अधिकारियों की संख्या के अधिकतम 20% और समूह 'ग' व 'घ' के कार्मिकों के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत कुल कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 10% की सीमा तक किए जा सकेंगे। समूह 'ख' व 'ग' के ट्रांसफर यथासंभव मेरिट आधारित ऑनलाइन प्रणाली से होंगे तथा समूह 'ग' में पटल/क्षेत्र परिवर्तन के नियमों का कड़ाई से पालन होगा। दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को सुविधा अनुसार तैनाती, आकांक्षी जनपदों में प्राथमिकता पोस्टिंग और स्थानांतरण सत्र के बाद समूह 'क' व 'ख' के ट्रांसफर हेतु मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य जैसे प्रावधान भी शामिल किए गए हैं।

लखनऊ में कैबिनेट बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी।

ऊर्जा क्षेत्र : किसानों को मुआवजा और सोलर प्लांट को मंजूरी

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि कैबिनेट ने ऊर्जा विभाग के तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है। हाईटेंशन लाइनों के टावर से प्रभावित जमीन के लिए अब किसानों को मुआवजा मिलेगा। टावर के नीचे की जमीन और उसके एक मीटर क्षेत्र का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा, जबकि तार खींचने वाले हिस्से का 30 प्रतिशत मुआवजा तय किया गया है। इसके अलावा जालौन में 500 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसे उत्तर प्रदेश उत्पादन निगम और कोल इंडिया मिलकर विकसित करेंगे। क्षेत्र में बढ़ती जरूरत को देखते हुए 653 करोड़ रुपये की लागत से 400/220 केवी का नया पावर स्टेशन भी बनेगा।

'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना को स्वीकृति

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने बताया कि 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना शुरू की जाएगी, जिसमें गुणवत्ता और पैकेजिंग सुधार पर जोर रहेगा। इसके तहत व्यंजन महासम्मेलन भी आयोजित होगा। संत कबीर टेक्सटाइल्स एंड अपेरल पार्क के तहत नगीना (बिजनौर), बहेड़ी (बरेली), अमरोहा और मगहर में पार्क विकसित किए जाएंगे, जिसके लिए भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है।

अन्य अहम फैसले

- लखनऊ में 540 करोड़ से आउटर रिंग रोड से टेक्सटाइल पार्क तक 6-लेन सड़क
- लोनिवि में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधारने को नई व्यवस्था
- फिरोजाबाद में अमरदीप विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी
- एनटीपीसी की परियोजनाओं में फ्लाई ऐश आधारित ईंटों के उपयोग को बढ़ावा
- हाईकोर्ट में ई-सेवा केंद्रों के कर्मचारियों का कार्यकाल 2 से बढ़ाकर 3 वर्ष करने का निर्णय
- वाराणसी में बनेगा टेक्सटाइल पार्क, सहकारी कताई मिल की 251.805 एकड़ भूमि नि:शुल्क हस्तांतरित
- टाटा एंटरप्राइजेज के सहयोग से प्रदेश के 150 राजकीय विद्यालयों में बनेंगे ड्रीम स्किल लैब
- झांसी में 300 जल निगम (नगर) के देय जल मूल्य का भुगतान स्वीकृत
- डिजिटल कचरे के सुरक्षित निस्तारण को ई-वेस्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू
- कुशीनगर में नया नर्सिंग कॉलेज को 0.405 हेक्टेयर भूमि दी गई नि:शुल्क
- ग्रेटर नोएडा में बनेगा 400/220 केवी सबस्टेशन, 653 करोड़ की परियोजना
- बिटुमिन की कीमत बढ़ोतरी पर राहत, ठेकेदारों को मिलेगा समायोजन

अद्भुत दृश्य

अयोध्या में सोमवार दोपहर आंधी-पानी के दौरान राम मंदिर परिसर से एक अद्भुत तस्वीर सामने आई है। कड़कती बिजली के प्रकाश के बीच मंदिर की निराली छटा बिखर गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी इस पल के साक्षी बने। ट्रस्ट पहले ही दावा कर चुका है कि राम मंदिर को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए मंदिर के शिखर पर तड़ित चालक यंत्र स्थापित किया गया है। यह तस्वीर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर साझा की है।

यूपी में आंधी-बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 9 लोगों की गई जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 22 जिलों में तूफानी बारिश कई जगह पेड़-पोल उखड़े, टंकी क्षतिग्रस्त, शादी के मंडप उड़े
- मौसम विभाग का अलर्ट, 64 जिलों में अगले कुछ दिनों तक तेज हवाएं और बारिश होगी

अमृत विचार : प्रदेश में सोमवार को तेज आंधी-बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। अयोध्या, सीतापुर व बाराबंकी में ओलावृष्टि हुई, जबकि वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर समेत 22 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश ने कहर बरपाया। इस दौरान नौ लोगों की मौत हुई। कई जगह पेड़-पोल व शादी मंडप उखड़ गए। सिद्धार्थनगर में पानी की टंकी ढह गई। मौसम विभाग ने 64 जिलों में अगले कुछ दिनों तक तेज हवाएं और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

लखनऊ में सुबह अचानक मौसम बदला और दिन में अंधेरा छा गया। करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश और गरज-चमक का दौर चला, जिससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और जलभराव की स्थिति बन गई। लखनऊ में मड़ियांव के भरत नगर में दीवार ढहने से अंकित शर्मा (34) की मौत हो गई और मिस्त्री चोटिल हो गया। वहीं बिजली गिरने से बहराइच में 52 वर्ष निवासी नत्थनपुर किसान के अलावा गोंडा में आंधी-पानी से तीन व बलरामपुर में ई-रिक्शा चालक तुलाराम (32) की मौत हो गई है। कासगंज में मकान गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि संभल में आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्ची की जान चली गई। सिद्धार्थनगर में पानी की टंकी क्षतिग्रस्त हो गई और शादी के मंडप उड़ गए। बाराबंकी में सबसे ज्यादा 50 मिमी बारिश हुई। सुल्तानपुर में 35.3 मिमी और गोंडा में 31.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है।

प्रतिकूल मौसम में लोगों के बीच रहें अधिकारी : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में हुई आंधी-बारिश व विपरीत मौसम की स्थितियों को देखते आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों को लेकर प्रशासन को निर्देश दिए हैं। सीएम ने मौसम से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के बीच जाएं और उनसे सीधा संपर्क करें और राहत कार्यों के लिए समन्वय बनाएं।

तूफान में फंसी केशव-ब्रजेश की फ्लाइट

दिल्ली से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6476 को खराब मौसम के कारण भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इस विमान में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान ने तीन बार उतरने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवाओं और कम दृश्यता के कारण सफल नहीं हो सका।

न्यूज ब्रीफ

रुपया 39 पैसे टूटा, अब तक के सबसे निचले स्तर 95.23 पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 39 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.23 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, तेल की कीमतों में उछाल और मुद्रास्फीति और आर्थिक नरमी की आशंकाएं बढ़ने से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 110 डॉलर के आसपास बनी हुई है जिससे भारत जैसी तेल आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाएं दबाव में हैं।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 23.40 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

नई दिल्ली। सरकार का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 5.12 प्रतिशत बढ़कर 23.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। हालांकि यह मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए तय संशोधित बजट लक्ष्य से कम है। 2025-26 के संशोधित अनुमान में संग्रह 24.21 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया था। मूल बजट अनुमान 25.20 लाख करोड़ रुपये था।

भीषण हादसे में ललितपुर के आठ लोगों की मौत

संवाददाता, कालपी (जालौन)

अमृत विचार। अयोध्या स्थित श्री रामलला के दर्शन कर लौट रहे ललितपुर के दर्शनार्थियों की टवेरा कार सोमवार भोर कोतवाली क्षेत्र स्थित चौरासी गुंबद के पास खड़े अज्ञात वाहन में घुस गई। इससे कार सवार 8 लोगों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर घायलों को इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है। हादसा ललितपुर उरई हाईवे पर हुआ।

सभी हताहत लोग ललितपुर के महरौनी कस्बा के टीकमगढ़ रोड के निवासी हैं। 2 मई को सभी 10 लोग कार से अयोध्या श्री रामलला के दर्शन करने गए थे। 3 मई की शाम को दर्शन करके लौट रहे थे तभी सोमवार भोर पहर ललितपुर उरई हाईवे पर कार खड़े अज्ञात वाहन में कार घुस गई। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान स्वामी प्रसाद तिवारी (70), शशिकांत तिवारी (40), कृष्ण कान्त नायक (40), देशराज नामदेव (40), उमेश तिवारी (26) मनोज भोडेरे (40) के रूप में की। दो अन्य घायलों की भी बाद में मौत हो गई। उनके नाम नहीं पता चल सके। दुर्घटना की जानकारी पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। दो घायलों का प्राथमिक उपचार कालपी सामुदायिक स्वास्थ्य के केंद्र में करने के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया।

कालपी सीएचसी में घायलों से जानकारी लेते डीएम व एसपी।

- चौरासी गुंबद के पास टवेरा कार खड़े अज्ञात वाहन में घुसी
- अयोध्या से रामलला के दर्शन कर लौटते समय हुआ हादसा

होर्मुज से फंसे पोतों को सुरक्षित निकालने में करेंगे मदद : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज में फंसे अन्य देशों के पोतों को सुरक्षित निकालने में सोमवार से मदद करेगी।

इसके साथ ही ट्रंप ने साथ ही ईरान को चेतावनी दी कि इस प्रक्रिया में किसी भी तरह के हस्तक्षेप से सख्ती से निपटा जाएगा। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि प्रोजेक्ट फ्रीडम का उद्देश्य उन विदेशी पोतों की मदद करना है जो प. एशिया में हो रहे घटनाक्रम से किसी भी तरह जुड़े नहीं हैं।

पीएम मोदी के प्रति अटूट जनविश्वास का प्रतीक है जीत : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई, जनता का जताया आभार
- भाजपा मुख्यालय में मना जश्न ढोल-नगाड़ों पर नाचे डिप्टी सीएम

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश 'नए भारत' और 'विकसित भारत' के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि देश की जनता सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद के पक्ष में खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनना जनता के इसी विश्वास का परिणाम है। यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री के 'नए भारत' के विजन को और गति देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जनादेश देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित बनाने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों के साथ जीत का जश्न मनाया। भाजपा मुख्यालय में दोनों उपमुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों पर नृत्य करने के साथ आतिशबाजी भी की।

भाजपा की जीत पर मिठाई खिलाते सीएम योगी एवं भाजपा कार्यालय में जश्न मनाते दोनों उपमुख्यमंत्री।

चार बच्चों व मां का हत्यारा मुठभेड़ में ढेर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। चार मासूम बच्चों और उनकी मां की हत्या के आरोपी आमिर को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मुठभेड़ सोमवार सुबह टांडा-बांदा हाईवे किनारे अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी विनोद यादव के बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी। पुलिसकर्मी जाकिर हुसैन और एसआई राजेश यादव भी घायल हुए हैं, जो जिला अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस के अनुसार आरोपी आमिर हत्या और दुष्कर्म के मामलों में जमानत पर है।

बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में बीते दो मई को चार मासूम भाई-बहनों की बेरहमी से ईंट से कूचकर हत्या की गई थी। घटना के बाद बच्चों की मां गासिया खातून संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी, जिससे पुलिस ने शुरुआत में उसी पर हत्या का शक जताया था। मगर तीन मई को गासिया का शव घर से करीब 100 मीटर दूर नाले के किनारे मिला था, उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिससे मामला और उलझ गया। सीओ नीतीश तिवारी ने बताया कि महिला का पति सऊदी अरब में है। परिवार वालों के मुताबिक उसने वहां पर पाकिस्तानी महिला से शादी कर ली है। इसलिए आरोपी आमिर महिला से शादी करके उसकी जमीन और अन्य संपत्ति हड़पना चाहता था, लेकिन उसने इंकार कर दिया। जिसके बाद उसने चार मासूम बच्चों और गासिया की निर्मम हत्या कर दी। जांच के दौरान सामने आए सुरागों के आधार पर पुलिस ने आमिर को मुख्य आरोपी माना। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। तभी नेवतरिया बाईपास के पास पुलिस टीम ने सूचना पर घेराबंदी की। खुद को घिरा देख आमिर ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोलियां उसके सीने में जा लगीं। तीन गोलियां लगने से वह मौके पर ही ढेर हो गया।

पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग एसपी प्राची सिंह लगातार कर रही थीं और टीम को हर मूवमेंट पर निर्देश दे रही थीं। आमिर लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय था। उसके खिलाफ हत्या, रेप और गोवध समेत कई गंभीर मुकदमें दर्ज थे। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में आरोपी अमिर को गोली लगी है।

आमिर

- फायरिंग के बाद हुई जवाबी कार्रवाई में दो पुलिसकर्मी भी घायल

टिप्पणी | ईडी को नोटिस जारी नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही कार्यालय के अधिकारियों पर साधा निशाना

रजिस्ट्री कार्यालय के अधिकारी खुद को समझते हैं सुपर सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही रजिस्ट्री कार्यालय पर निशाना साधते हुए उसके रवैये को अनुचित करार दिया और कहा कि उसके अधिकारी खुद को सुपर सीजेआई समझते हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 37,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश धोखाधड़ी के मामले में आरोपी आयुषी मित्तल उर्फ आयुषी अग्रवाल द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

सीजेआई ने याचिका पर 23 मार्च को पारित एक आदेश का हवाला दिया और आश्चर्य जताया कि रजिस्ट्री अधिकारियों ने यह कैसे समझा कि पीठ ने याचिका पर ईडी और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी नहीं किया। सीजेआई ने कहा, रजिस्ट्री ने बिल्कुल अनुचित व्यवहार किया है। रजिस्ट्री का यह रवैया बिल्कुल ठीक नहीं है। यहां बैठा हर व्यक्ति खुद को 'सुपर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया' समझता है। पीठ ने अपने नए आदेश में कहा, ईडी निदेशक को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है और कहा गया कि ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया गया था। (शीर्ष अदालत के) न्यायिक रजिस्ट्रार इस बात का तथ्यान्वेषण करें कि 23 मार्च के हमारे आदेश का अर्थ ईडी को नोटिस जारी न करना कैसे है। प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजा जाए। याचिकाकर्ता आयुषी मित्तल, उनके पति और उनकी कंपनी पर बड़े पैमाने पर निवेश संबंधी धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। बचाव पक्ष का दावा है कि निवेशकों को धनराशि का एक बड़ा हिस्सा लौटा दिया गया है, लेकिन फिलहाल ईडी द्वारा 'फ्रीज' किए गए बैंक खातों में कई सौ करोड़ रुपये फंसे हुए हैं।

- 37,000 करोड़ के निवेश धोखाधड़ी मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए की टिप्पणी

पीठ ने 23 मार्च को ईडी को कार्यवाही में पक्षकार बनाने का दिया था आदेश

पीठ ने 23 मार्च के अपने आदेश में मामले में पक्षकार राजस्थान सरकार के वकील द्वारा ईडी को कार्यवाही में पक्षकार बनाने के मौखिक अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। इसका उद्देश्य यह निर्धारित करना था कि याचिकाकर्ता और उसके परिवार से संबंधित सभी चल और अचल संपत्ति को विधिवत कुर्क किया गया है या नहीं। पीठ ने दोहराया कि संपत्ति का ''विस्तृत विवरण'' प्रदान किए जाने तक वह जमानत याचिका के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगी। अदालत ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए कानूनी प्रतिनिधि को याचिकाकर्ता, उसके पति, उनके बच्चों, माता-पिता, भाई-बहनों और सास-ससुर की अचल संपत्ति का विस्तृत ब्योरा देते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया था। अदालत ने कंपनी के निदेशकों, प्रबंधकों और प्रमुख कर्मचारियों की संपत्ति का विवरण भी मांगा था। पीठ ने कहा था, जब तक ये संपूर्ण विवरण उपलब्ध नहीं कराए जाते, हम जमानत याचिका पर विचार नहीं करेंगे। न्यायिक रजिस्ट्रार को रजिस्ट्री के भीतर प्रशासनिक चूक की जांच करने का कार्य सौंपा गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अदालत के पिछले निर्देशों की अनदेखी क्यों की गई। पीठ ने कहा कि वह याचिका को मई में किसी दिन सूचीबद्ध करेगी।

न्यूज ब्रीफ

15 जिलों में 30 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को पशुपालन निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में 15 जनपदों में स्थापित 30 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का लोकार्पण किया। इस दौरान हरदोई में सर्वाधिक सात केंद्रों का उद्घाटन हुआ, जबकि अन्य जिलों में एक अथवा दो-दो केंद्र स्थापित किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण के लिए एक अरब रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके सापेक्ष 46 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। **इन जिलों को मिले गो आश्रय केंद्र :** फर्रुखाबाद (1), गोरखपुर (2), सीतापुर (1), हमीरपुर (1), जालौन (2), जौनपुर (1), झांसी (1), हरदोई (7), बिजनौर (1), अलीगढ़ (2), फतेहपुर (1), बांदा (1), बस्ती (2) और हापुड़ (1) में वृहद गो संरक्षण केंद्रों का लोकार्पण किया गया।

पीजीटी परीक्षा 9 व 10 को, सख्त निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव एसपी गोयल ने पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) लिखित परीक्षा-2022 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी जिलाधिकारियों को परीक्षा नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पिछली कमियों को दोहराने की अनुमति नहीं होगी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित यह परीक्षा 9 और 10 मई को प्रदेश के 17 जिलों—आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बांदा, बरेली, बस्ती, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी—में कराई जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी : सुबह 9 :30 से 11 :30 बजे और दोपहर 2 :30 से 4 :30 बजे तक। इसके लिए कुल 319 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मुख्य सचिव ने नोडल अधिकारी, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की समय से तैनाती, कार्मिकों के प्रशिक्षण, कंट्रोल रूम की स्थापना और सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अमरदीप विवि को मंजूरी, मेट्रो विवि को संचालन की अनुमति

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा के विस्तार और गुणवत्ता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फिरोजाबाद में अमरदीप विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी है। उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के तहत अमरदीप मेमोरियल ट्रस्ट को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सरकार का लक्ष्य उच्च शिक्षा को सुलभ, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण बनाना है, ताकि छात्रों को अपने ही जिले में बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि सभी प्रस्तावों का मूल्यांकन उच्च स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव करते हैं। समिति की संस्तुति के आधार पर ही एलओआई जारी किया जाता है। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई 2025 को हुई बैठक में फिरोजाबाद के ग्राम पचवान में 20 .08 एकड़ भूमि पर विश्वविद्यालय स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए न्यूनतम 20 एकड़ भूमि अनिवार्य है, जिसे ट्रस्ट ने पूरा किया है। इसके अलावा नोएडा में प्रस्तावित मेट्रो विश्वविद्यालय को भी संचालन हेतु अनुमति पत्र (एलओपी) प्रदान किया गया है। मंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर सृजित होंगे।

हाईटेंशन लाइन के खंभों के नीचे अब दोगुना मुआवजा

कैबिनेट ने दी मंजूरी, किसानों को मिलेगा लाभ, टावर बेस पर 200 प्रतिशत और लाइन कॉरिडोर पर 30 प्रतिशत भुगतान का प्रावधान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में हाईटेंशन बिजली लाइनों से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत देने वाला महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अब 765, 400, 220 और 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों के टावर (खंभों) के नीचे आने वाली जमीन पर किसानों को 200 प्रतिशत यानी जमीन की कीमत का दोगुना मुआवजा मिलेगा। इसके साथ ही, जिन खेतों के ऊपर से बिजली की लाइनें गुजरती हैं (राइट ऑफ वे/कॉरिडोर), वहां जमीन की कीमत का 30 प्रतिशत मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। सरकार का अनुमान है कि इस नई व्यवस्था से किसानों को कुल मिलाकर 21 से 33 प्रतिशत तक अधिक लाभ मिलेगा।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि वर्ष 2018 से पहले ऐसी जमीनों पर लगभग कोई मुआवजा नहीं मिलता था। बाद में टावर बेस पर करीब 85 प्रतिशत तक मुआवजा देने की व्यवस्था की गई, लेकिन लाइन कॉरिडोर के लिए स्पष्ट प्रावधान नहीं था। नई नीति इस कमी को दूर करती है। उन्होंने बताया कि मुआवजा जिलाधिकारी द्वारा तय सर्किल रेट के आधार पर दिया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी और किसानों को उचित मूल्य मिल सकेगा।

नई व्यवस्था से किसानों को पहले की तुलना में अधिक और न्यायसंगत मुआवजा मिलेगा। इससे जहां किसानों की आय में वृद्धि होगी, वहीं बिजली परियोजनाओं को लेकर उनका सहयोग भी बढ़ेगा। सरकार का मानना है कि इससे विकास कार्यों और किसान हितों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित होगा।

पीडब्ल्यूडी में सख्ती, गुणवत्ता से समझौता नहीं : कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग में निविदा प्रक्रिया को और सख्त और पारदर्शी बनाने का फैसला भी किया है। 5 करोड़ से अधिक के कार्यों के लिए एसबीडी और 5 करोड़ से कम के लिए टी-1/टी-2 प्रणाली लागू होगी। कम दर पर टेंडर लेने वालों से अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी ली जाएगी और 15 प्रतिशत से अधिक कम बोली पर गुणवत्ता की विशेष जांच होगी।

टेक्सटाइल पार्क से औद्योगिक विकास को मिलेगा बल : संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना के तहत चार बंद कताई मिलों की 251.8 एकड़ भूमि उद्योग विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने को मंजूरी दी गई है। इससे रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

कैबिनेट बैठक के दौरान भाजपा की चुनावी जीत पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को मिठाई खिलाते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य मंत्रीगण।

हर जिले में दो फेलो की तैनाती

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचालित ओटीडी सेल को मजबूत करने के लिए दो विशेषज्ञ तैनात किए जाएंगे, एक आर्थिक विकास फेलो और एक डेटा विश्लेषक फेलो। ये दोनों मिलकर जिले की आर्थिक गतिविधियों की निगरानी और रणनीति निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। ये फेलो विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कृषि, उद्योग, निवेश, अवसंरचना, पर्यटन, रोजगार और जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की नियमित समीक्षा करेंगे। नियोजन विभाग के डैशबोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्टिंग और केपीआई आधारित मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तथ्यपरक और परिणामोन्मुख बनेगी।

डिजिटल सिस्टम से साक्ष्य होंगे सुरक्षित छोटे अपराधों में जेल के बजाय सेवा

योगी कैबिनेट ने नई न्याय संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन महत्वपूर्ण नियम लागू किए हैं, पहला ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम, दूसरा ई-समन (इलेक्ट्रॉनिक आदेशिका) नियम और तीसरा सामुदायिक सेवा गाइडलाइंस 2026 है। ये नियम न्याय प्रक्रिया को आधुनिक, तेज और ज्यादा प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम माने जा रहे हैं। ई-साक्ष्य के तहत अब डिजिटल सबूत सुरक्षित और मजबूत होंगे। नए ई-साक्ष्य प्रबंधन नियमों के तहत डिजिटल सबूत (जैसे मोबाइल डेटा, वीडियो, ईमेल आदि) को एक वैज्ञानिक तरीके से इकट्ठा, सुरक्षित और अदालत में पेश किया जाएगा। इससे सबूत के साथ छेड़छाड़ की संभावना कम होगी। केस मजबूत होंगे और फैसले ज्यादा सटीक होंगे। वहीं, ई-समन नियम के तहत अब कोर्ट के समन और वारंट डिजिटल माध्यम से भेजे जा सकेंगे, जैसे ईमेल, मोबाइल मैसेज या अन्य ऐप्स के जरिए। इससे नोटिस जल्दी पहुंचेगा। साथ ही, प्रक्रिया पारदर्शी और ट्रैक करने योग्य बनेगी तो वहीं महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में पहचान गोपनीय रहेगी। सामुदायिक सेवा की नई गाइडलाइंस के अनुसार छोटे अपराधों में अब जेल भेजने के बजाय 'सामुदायिक सेवा' कराई जा सकेगी। इससे अपराधियों को सुधार का मौका मिलेगा। जेलों पर बोझ कम होगा और समाज के लिए उपयोगी कार्य (जैसे सफाई, वृक्षारोपण, गो-सेवा, ट्रैफिक मैनेजमेंट) होंगे।

लखनऊ में 546 करोड़ की सड़क परियोजना मंजूर

राजधानी में आउटर रिंग रोड के रैथा अंडरपास से पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 6-लेन सड़क निर्माण और आईआईएम मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 546 .51 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है। इससे कनेक्टिविटी बेहतर होगी और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी।

योगी ने जहां किया प्रचार स्ट्राइक रेट धुआंधार

अमृत विचार, लखनऊ: पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में योगी आदित्यनाथ का चुनावी प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। जिन सीटों पर उन्होंने जनसभाएं और रोड शो किए, वहां भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 22 सीटों पर किए गए उनके प्रचार में से 18 पर भाजपा प्रत्याशी बढ़त में रहे, जबकि 3 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस और 1 सीट पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगे रही। चुनाव प्रचार के दौरान योगी आदित्यनाथ ने सोनामुखी, नंदकुमार, कांथी दक्षिण, बाराबनी, रामपुरहाट, बोलपुर, माथाभांगा, धुपगुड़ी, पिंगला, जॉयपुर, गारबेटा, जोरासांको, चकदहा, नबद्वीप, कटवा, बागदा और राजारहाट गोपालपुर समेत कई सीटों पर जनसभाएं कीं। इसके अलावा बांकुड़ा, कल्याणी और दमदम में उनके रोड शो ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन क्षेत्रों में भाजपा की बढ़त को 'योगी फैक्टर' से जोड़कर देखा जा रहा है, जहां उनकी आक्रामक प्रचार शैली और स्पष्ट संदेश ने माहौल को प्रभावित किया।

राजनीतिक दृष्टि से जिन क्षेत्रों में योगी ने प्रचार किया, वहां भाजपा का बेहतर प्रदर्शन उत्तर प्रदेश 2027 की रणनीति के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

दिव्यांग आरक्षण को पदों का पुनर्चिन्हांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने सभी अपर मुख्य सचिवों विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन को लोक सेवाओं में 4 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह की ओर से जारी शासनादेश में समूह 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' के पदों का पुनर्चिन्हांकन किया गया है। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि चिन्हित पदों पर नियमानुसार दिव्यांगजन की भर्ती सुनिश्चित की जाए।

शासनादेश में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत रोजगार में आरक्षण के लिए पदों का चिन्हांकन अनिवार्य है। इसी क्रम में वर्ष 2018 से 2025 तक जारी आदेशों की समीक्षा कर संशोधित रूप से पदों का पुनर्चिन्हांकन किया गया है। इसमें दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, चलन क्रिया से प्रभावित, बौद्धिक एवं मानसिक दिव्यांगता तथा बहु-दिव्यांग श्रेणियों को शामिल किया गया है।

सरकार ने पाया कि कई विभागों में पहले चिन्हित पदों की श्रेणी और उपश्रेणी स्पष्ट नहीं थी। विशेषज्ञ समिति की समीक्षा के बाद अब विभागवार विस्तृत वर्गीकरण किया गया है, जिससे आरक्षण का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सके। पर्यटन और कृषि जैसे विभागों में नए सृजित पदों- अपर निदेशक, जिला पर्यटन अधिकारी, अपर जिला पर्यटन अधिकारी और निदेशक (कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा) को भी इसमें शामिल किया गया है। शासन ने सभी अपर मुख्य सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

बिना बैंक कर्ज पूरी हुई गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना : योगी

मुख्यमंत्री ने 500 लेखा परीक्षकों को बांटे नियुक्ति पत्र, दिया वित्तीय अनुशासन पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के 371 तथा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के 129 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को अपने संसाधनों से पूरा करने में सक्षम हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण बिना किसी बैंक कर्ज के 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत से किया गया है। उन्होंने बताया कि नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश 'बीमारू' राज्य की श्रेणी से निकलकर रेवेन्यू सरप्लस राज्य बना है, जहां बेहतर प्रबंधन और वित्तीय अनुशासन से बजट और प्रति व्यक्ति आय में तीन गुना वृद्धि हुई है। गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे नौ इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित है तथा अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। एमएसएमई क्षेत्र से करीब 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है।

नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

कुप्रबंधन पर टिप्पणी

मुख्यमंत्री ने जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) परियोजना को कुप्रबंधन का उदाहरण बताते हुए कहा कि 200 करोड़ की लागत बढ़कर 860 करोड़ हो गई, फिर भी कार्य अधूरा है।

राजस्व में वृद्धि

उन्होंने बताया कि आबकारी राजस्व 12 हजार करोड़ से बढ़कर 62-63 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो बेहतर प्रबंधन का परिणाम है।

बिना सिफारिश नौकरी मिलने पर युवाओं ने जताया आभार

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को लोकभवन में सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग और स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के लेखा परीक्षक की नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी ठहराया। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए युवाओं के चेहरों पर उत्साह और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। मुख्यमंत्री योगी के हाथों सहकारी समिति एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग में मऊ के सौरभ कुमार गोंड, वाराणसी के राम कुमार गुप्ता, गोरखपुर की पूर्णिमा सिंह सहित कई अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपे। इसी प्रकार स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग में पीलीभीत के वकार हुसैन अंसारी, सोनभद्र की प्रांशु सिंह, हमीरपुर के सुधीर यादव और बलिया की श्वेता समेत अन्य चयनित अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि पारदर्शी भर्ती व्यवस्था ने युवाओं में नई उम्मीद और विश्वास पैदा किया है।

बच्चों को पढ़ाएं, सशक्त भारत बनाएं: मुख्यमंत्री

जनता दर्शन में योगी ने अभिभावकों से की अपील, हर बच्चे का स्कूल में कराएं प्रवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि हर बच्चे का स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित कराना जरूरी है, तभी शिक्षित और सशक्त समाज का निर्माण संभव होगा।

कार्यक्रम में कुछ अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई की जानकारी ली। जब पता चला कि कुछ बच्चों का अब तक स्कूल में दाखिला नहीं हुआ है, तो उन्होंने अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में पिछले वर्षों में व्यापक सुधार हुआ है। परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को ड्रेस, किताबें, जूते-मोजे और 1200 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है, साथ ही मिड-डे मील के तहत पौष्टिक भोजन भी मिल रहा है। वहीं अवैध कब्जों की शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने अधिकारियों को संयुक्त जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

विंड्स योजना में देरी पर दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 मई तक काम पूरा करने के निर्देश

अमृत विचार: कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विंड्स योजना की समीक्षा करते हुए कार्य में देरी पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित एजेंसियों को चेतावनी दी कि समयसीमा में काम पूरा न होने पर सख्त कार्रवाई, यहां तक कि ब्लैकलिस्टिंग भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि किसानों को सटीक मौसम आधारित जानकारी उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विंड्स परियोजना से मिलने वाला डेटा फसल बीमा, आपदा प्रबंधन और अन्य कृषि योजनाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत ब्लॉक स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और ग्राम पंचायत स्तर पर ऑटोमेटिक रेन गेज (एआरजी) स्थापित किए जाने हैं, लेकिन कार्य की प्रगति धीमी है। मंत्री ने निर्देश दिए कि लंबित स्थलों का सत्यापन कर 30 मई तक प्रथम चरण का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए।

साथ ही उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और फसल बीमा योजनाओं की समीक्षा करते हुए 15 मई से विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के डेटा का उपयोग कर अधिक किसानों को केसीसी से जोड़ने पर जोर दिया गया।

समीक्षा बैठक करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

मनोवैज्ञानिक बढ़त

यूपी में 2027 चुनाव के लिए भाजपा की 'सनातनी' राजनीति को मिली नई ऊर्जा

पश्चिम बंगाल में जीत के बाद अब यूपी में 'अश्वमेध' का शंखनाद

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- बंगाल में शानदार प्रदर्शन से बढ़ा आत्मविश्वास, विपक्ष पर बढ़ा दबाव

अमृत विचार: पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों ने भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर नई राजनीतिक ऊर्जा दी है। पार्टी के भीतर इन नतीजों को महज जीत नहीं, बल्कि 'अश्वमेध की शुरुआत' के रूप में देखा जा रहा है। यह एक ऐसा अभियान है, जिसमें विस्तार की रणनीति लगातार आगे बढ़ती है। इस 'सनातनी' राजनीतिक के आत्मविश्वास का असर अब उत्तर प्रदेश की 2027 की सियासत में भी दिखने लगा है। प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सामने नई चुनौती खड़ी होती नजर आ रही है।

प्राचीन भारतीय परंपरा में अश्वमेध यज्ञ सत्ता विस्तार और प्रभुत्व का प्रतीक माना जाता था- घोड़ा जहां-जहां जाता, वहां अधीनता या मुकाबला तय होता था। राजनीतिक विश्लेषक भाजपा की मौजूदा रणनीति को इसी रूपक से जोड़कर देखते हैं, जहां पार्टी एक राज्य से दूसरे राज्य तक अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। पश्चिम बंगाल में अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन ने इस रणनीति को मनोवैज्ञानिक बढ़त दी है, जिसे 2027 के यूपी चुनाव की तैयारी की पृष्ठभूमि के रूप में देखा जा रहा है। विपक्ष के लिए राह आसान नहीं दिख रही। सपा को अपने पारंपरिक वोट बैंक से बाहर विस्तार की चुनौती है, बसपा को अपने घटे जनाधार को फिर से मजबूत करना होगा, जबकि कांग्रेस को अपनी संगठनात्मक उपस्थिति बढ़ानी होगी। पश्चिम बंगाल के नतीजों ने भाजपा को रणनीतिक बढ़त दी है। पार्टी इसे उत्तर प्रदेश 2027 की तैयारी का शुरुआती संकेत मान रही है, जबकि विपक्ष के सामने अपनी राजनीतिक जमीन को पुनर्गठित करने की चुनौती और कठिन होती नजर आ रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति का असर पिछले चुनावों में भी दिखता रहा है। वर्ष 2014 में केंद्र में सत्ता परिवर्तन से लेकर 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव तक राजनीतिक विमर्श में बड़े बदलाव देखने को मिले। 2017 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला और इसके बाद योगी आदित्यनाथ की ताजपोशी से पार्टी ने अपने राजनीतिक एजेंडे को और स्पष्टता के साथ आगे बढ़ाया। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने सत्ता बरकरार रखी, जबकि विपक्ष अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सका। हालांकि 2024 में लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस ने मिलकर यूपी में भाजपा को झटका दिया, लेकिन अब पश्चिम बंगाल के नतीजों के बाद एक बार फिर भाजपा खेमे में उत्साह है, जबकि विपक्षी दलों की रणनीति पर सवाल उठ रहे हैं।

मोदी-शाह के साथ 'योगी फैक्टर' की गूंज

भाजपा रणनीतिकारों के अनुसार, नरेंद्र मोदी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ की तिकड़ी पार्टी की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनी हुई है। केंद्र की योजनाएं, संगठन की मजबूती और राज्य नेतृत्व का प्रभाव, इनका संयुक्त असर भाजपा को चुनावी बढ़त दिलाने वाला कारक माना जा रहा है। यूपी में आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को करीब 32% वोट शेयर के साथ 111 सीटें मिलीं, जबकि बहुजन समाज पार्टी का वोट शेयर घटकर लगभग 12-13% और सीट सिर्फ एक रह गई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को दो सीटें और करीब 2-3% वोट शेयर ही मिला। इन आंकड़ों के आधार पर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विपक्ष के सामने 2027 में मजबूत मुकाबले के लिए संगठन, नेतृत्व और जनाधार, तीनों स्तरों पर काम करना होगा।

खाद्य तेल में लेड प्रकरण पर व्यापारियों ने मांगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल समाधान का आश्वासन

अमृत विचार: खाद्य तेल में लेड की अधिक मात्रा पाए जाने के मामले में राहत और आदेश पर पुनर्विचार की मांग को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधिमंडल खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब से मुख्यालय में मिला। आयुक्त ने उनकी बात सुनते हुए समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा 23 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश के कानपुर, आगरा, मेरठ, लखनऊ, हापुड़ और गोरखपुर समेत विभिन्न जनपदों में 14 तेल निर्माता कंपनियों के सरसों, साल्वेंट और पाम ऑयल के नमूने लिए गए थे। निजी प्रयोगशाला में जांच के बाद कुछ नमूनों को 'अनसेफ' घोषित किया गया, जिसके आधार पर उत्पादन, बिक्री और स्टॉक पर रोक लगा दी गई। व्यापारियों का कहना है कि केवल एक निजी प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर कठोर कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है।

इस दौरान कानपुर, गोरखपुर, आगरा, हापुड़ और लखनऊ के कई व्यापारियों ने अपना पक्ष रखा।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

चक्रवाती तूफान से जनजीवन अस्तव्यस्त, पेड़-पोल टूटकर गिरे

अधिकतम तापमान 8 डिग्री लुढ़का, 35-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं

सोमवार सुबह साढ़े सात बजे बादलों से छाया अंधेरा। अमृत विचार

तेज तूफान के बाद टूटा पड़ा पेड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। एक ही हफ्ते में मौसम ने दोबारा रंग बदला। देर शाम से चल रही ठंडी हवाओं के बाद सुबह घने बादल घिर आए और फिर तेज हवाओं के साथ तूफानी बारिश शुरू हो गई। करीब डेढ़ घंटे तक चक्रवाती तूफान चलता रहा जिससे हवा के साथ मूसलाधार बारिश होती रही। इसके बाद दिन में भी तेज हवाएं चलीं जिससे दिन का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम दो डिग्री सेल्सियस लुढ़क गया। हालांकि आगामी दिनों में फिर से तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं।

अप्रैल में मौसम लगातार नित नए रंग दिखाता रहा। इसके बाद मई के पहले हफ्ते में फिर से यही स्थिति नजर आई जब रविवार देर शाम से तेज ठंडी हवाएं चलने लगीं। इसके साथ ही आसार बन गए थे कि कुछ बड़ा परिवर्तन होने वाला है।

सोमवार सुबह 06 बजे के बाद से ही आसमान में बादल नजर आने लगे तथा ठंडी हवा भी चल रही थी। सात बजते बजते घने काले बादलों ने दिन में अंधेरा कर दिया। इसके बाद चक्रवाती हवाएं चलने लगीं और इसके साथ ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब डेढ़ घंटे तक तेज तो इसके बाद कुछ मिनटों तक हल्की बारिश होती रही। इस बारिश के कारण शहर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया तो जिले भर में तमाम जगहों पर पेड़ और बिजली के पोल भी टूट कर गिर गए। पोल गिरने से बिजली बाधित हुई तो पेड़ गिरने से आवागमन पर विपरीत असर पड़ा। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि सोमवार को अधिकतम तापमान 28 जबकि न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से क्रमशः 8 और दो डिग्री सेल्सियस कम है। बताया कि कुल बारिश 15 मिमी रिकार्ड की गई है और 35-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं हैं।

बेमौसम बरसात से कई जगह हुआ जलभराव

■ **गुरसहायगंज, कन्नौज।** आंधी के साथ बेमौसम बरसात से कस्बा में कई जगह जल भराव हो गया और तेज आंधी से बिजली के तार टूट गए। कस्बा सहित आसपास के तमाम गांव की 6 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति ठप रही। इसके चलते पानी की भी किल्लत हो गई और लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। सोमवार की सुबह लोग जब सोकर नहीं उठ पाए थे तब तक तेज आंधी और बरसात होने लगी। आंधी से दुकानों पर लगे साइन बोर्ड उखड़कर गिर गए और कई जगह बिजली के तार टूट गए। इससे कस्बा और आसपास के गांव की बिजली 6 घंटे से अधिक ठप रही। इससे नगर पालिका की पानी की आपूर्ति बंद रही। खेतों में खड़ी मक्का की फसल गिर गई। ग्राम वनियानी के प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि बरसात से क्षेत्र में होने वाली हरी मिर्च की फसल प्रभावित हुई है। तरबूज और खरबूजा की फसल को भी नुकसान पहुंचा है।

ट्रांसफार्मर खराब, बिजली पोल व तार टूटे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहर व गांव में दोपहर के बाद कई जगह गुल रही बिजली
- बिजली विभाग को हुआ साढ़े पांच लाख रुपये का नुकसान

अमृत विचार। आंधी-बारिश ने कस्बों व गांव की बिजली व्यवस्था बिगाड़ दी। इससे दो ट्रांसफार्मर पोल समेत जमीन पर गिरने से खराब हो गये। कई पोल टूट गये। पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गये। इससे लोगों को कई घंटे बिजली नहीं मिली। कन्नौज क्षेत्र में बिजली विभाग को करीब साढे पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ।

सोमवार सुबह आए चक्रवाती तूफान में कन्नौज क्षेत्र में कई स्थानों पर 36 बिजली के पोल टूट गये। दो पोल समेत ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गये। इसके अलावा डिस्क, पिन खराब हो गये। इससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। बारिश थमने के बाद लाइनमैन ने अपने अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग की। पाया गया शहर के मुस्लिम मोहमदिया विद्यालय के निकट लगा लोहे का बिजली पोल टूट कर विद्यालय की दीवार से टिक गया। इसी तरह जसपुरापुर सरैयां उपकेंद्र से संबंधित गांव देवा पट्टी में शीशम का पेड़ टूट कर बिजली लाइन पर गिरने से कई पोल के तार टूट गये। वहीं कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर भी खराब हो गये। इसी तरह से विद्युत उपकेंद्र मकरंदनगर, अकबरपुर सरायघाघ, बहादुरपुर, मोचीपुर, मानपुर, तिर्वा, कढेरा पट्टी, ठठिया, तिर्वा, उर्मदा, जसोदा पंप कैनाल, अनौगी, गुरसहायगंज, रामाश्रम समेत अधिक तर विद्युत उपकेंद्रों से संबंधित फीडरों पर पोल व तार टूटने से बिजली की सप्लाई ठप रही। बारिश थमने के बाद लाइनमैन ने अपने फीडर की चेकिंग की। इसके बाद संबंधित जेई व एसडीओ को जानकारी दी। एक्सईएन मगन सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्रमें 36 पोल टूटे हैं। दो ट्रांसफार्मर पोल समेत गिरने से खराब हो गये। कई स्थानों पर डिस्क पंचर हो गई। पिन खराब हुये कई पोल के बीच के तार टूट गये। उन्होंने संबंधित जेई व एसडीओ को निर्देश दिये कि तत्काल स्टीमेट तैयार कर स्टोर से पोल व वर्कशाप से ट्रांसफार्मर उठवा कर लगवायें। कुछ क्षेत्रों में सप्लाई को बहाल कर दिया गया पर जहां पर पोल व तार टूटे ते वहां पर अभी भी लीइन मैन लगे हैं। एक्सईएन ने बताया की शाम तक बिजली व्यवस्था को वेहतर कर दिया जायेगा।

आंधी व बारिश से उदैतापुर गांव में गिरे पेड़ से टूटे बिजली के पोल। अमृत विचार

एक्सईएन छिबरामऊ नहीं दे सके नुकसान का आंकड़ा

■ **कन्नौज।** जहां एक्सईएन कन्नौज ने दो बजे तक आधे जिले में बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर, तार के अलावा अन्य नुकसान की जानकारी उपलब्ध करा दी वहीं छिबरामऊ एक्सईएन राजीव कुमार भारती विद्युत शाम 06 बजे तक यह जानकारी नहीं दे सके कि उनके यहां कहां-कहां बिजली के पोल-तार टूटे और कहां ट्रांसफार्मर गिरे। जब उनसे जानकारी चाही गई तो वह बोले अभी बड़े साहब से इस संबंध में बात कर रहे कि कहां कितना नुकसान हुआ है?

न्यूज ब्रीफ

दलित युवक के घर दबंगों का उत्पात मारपीट का आरोप

छिबरामऊ। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। ग्राम लोधापुर उर्फ नन्दलालपुर निवासी शिवम पुत्र महिपाल सिंह के अनुसार गांव के ही कुछ लोग शराब के नशे में उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट और परिवार की महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। पीड़ित का कहना है कि आरोपी अक्सर उसे जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करते हैं और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते हैं। घटना से परिवार दहशत में है। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग।

सड़क हादसों में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

गुरसहायगंज। दो अलग-अलग हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मृत्यु हो जाने के मामले में कोतवाली में वाहन चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना तिर्वा के गांव उमरायपुरवा निवासी अनुराग ने कोतवाली में दर्ज कराए मामले में कहा है कि 28 अप्रैल को बाइक से पिता हरिप्रकाश के साथ घर जा रहा था कि गुरसहायगंज कोतवाली के इंदिरा नगर के निकट ताऊ रामचंद्र और उनके पुत्र हरिभान को खड़ा देखकर रुक गया। पिता और उक्त दोनों लोग बातचीत करने लगे। तभी मतौली की ओर से आए चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे रामचंद्र की स्थानीय सीएचसी में मृत्यु हो गई जबकि हरिभान और हरिप्रकाश की मृत्यु उपचार के दौरान कानपुर में हो गई। अगली घटना में कन्नौज कोतवाली के गांव जेवा निवासी कुमार गौरव ने ऑटो चालक के खिलाफ दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि 20 अप्रैल को मेरे पिता जो रिटायर्ड टीचर थे। चालक की लापरवाही से ऑटो पलट गया और पिता अवधेश अग्निहोत्री की मृत्यु हो गई।

शिक्षा जीवन के अंधकार को दूर करती है: ताहिर

संवाददाता, गुरसहायगंज

अमृत विचार। शिक्षा जीवन के अंधकार को दूर करती है और इसे कोई भी छीन नहीं सकता है। यह बात पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने परीक्षा में प्रथम आए बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहीं।

सोमवार को ग्राम डुड़वा बुजुर्ग स्थित एचएम इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह हुआ। पूर्व विधायक ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के लिए अनमोल रत्न के समान है। इसे हर किसी को हासिल करना चाहिए। उन्होंने कक्षा 12 में प्रथम आए रेहान द्वितीय कार्तिक गुप्ता तृतीय वुशरा और हाई स्कूल में प्रथम आए मोहम्मद सैफी द्वितीय इकरा तृतीय शिफा, ज्ञानवी और अंकुश सहित अव्वल आए तमाम छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर फरहीन सिद्दीकी, प्रधानाचार्य आशीष शर्मा, शमशाद आदि रहे।

सम्मान समारोह के दौरान प्रथम आये बच्चे को सम्मानित करते पूर्व विधायक।

अभ्युदय कोचिंग बंद, अधिकारी से मिले अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बोले, कोर्स है अधूरा तैयारी होने तक पुनः शुरू कराई जाए कोचिंग
- अफसर ने कहा कि शासनादेश के तहत दो महीने बंद रहती है पढ़ाई

अमृत विचार। अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराने के लिए अभ्युदय कोचिंग चलती है। इन दिनों कोचिंग के जरिए तैयारी बंद करा दी गई है। इस वजह से कई अभ्यर्थी जिला समाज कल्याण अधिकारी से मिले। कहा, कोर्स अधूरा है इस वजह से पुनः तैयारी शुरू कराई जाए। अफसर का कहना है कि मई व जून दो महीने के लिए कोचिंग बंद हो जाती है। बिना बजट के वह पढ़ाने के लिए किसी शिक्षक पर जोर नहीं डाल सकते हैं।

सोमवार को दोपहर कई युवक-युवतियां एकत्र होकर जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र से मिले। मांग रखी कि पर्यावरण विषय समेत अन्य टॉपिक की तैयारी के लिए अभ्युदय कोचिंग फिर से शुरू कराई जाए। उनकी पढ़ाई अधूरी है। कहा कि इसके लिए उच्चाधिकारियों से अनुमति ली जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अभ्यर्थियों को बताया कि शासनादेश के तहत अप्रैल तक ही अभ्युदय कोचिंग चलती है। मई व जून में तैयारी नहीं कराई जाती है। उन्होंने कहा कि जो भी विषय विशेषज्ञ पढ़ाते हैं उनको मेहनताना दिया जाता है। वर्तमान में योजना के तहत बजट भी नहीं है। हालांकि उन्होंने संबंधित शिक्षक से बात कर पढ़ाई से संबंधित वीडियो व अन्य सामग्री मंगवा ली है जिससे अभ्यर्थियों की तैयारी कराई जाएगी। बताते चलें कि कन्नौज के पीएसएम पीजी कॉलेज, तिर्वा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व छिबरामऊ में विधायक के विद्यालय में अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग पढ़ाई जाती है।

विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कक्ष में अपनी बात रखते अभ्यर्थी।

पिकअप-टेंपो की टक्कर में एक की मौत, चार घायल

कन्नौज। देर रात घर लौटते समय अनियंत्रित पिकअप ने टेंपो में सदर कोतवाली के गांव मियांगंज के निकट टक्कर मार दी। इससे टेंपो सवार पांच लोग घायल हो गये। उपचार के दौरान हरदोई निवासी युवक की मौत हो गई। हरदोई के थाना बिलग्राम के रामेश्वरपुर्वा गांव निवासी अनिल कुमार (30), महेश, बलराम, रामतीर्थ और संजय रविवार देर रात टेंपो से कन्नौज से जा रहे थे। मियागंज पेट्रोल पंप के पास पिकअप ने टेंपो में टक्कर मार दी। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से अनिल को मेडिकल कॉलेज रेफर किया, बाद में उसकी मौत हो गई।



फार्मेसी की परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

एमएमआईटी अनौगी में फार्मेसी की परीक्षाएं शुरू

संवाददाता, जलालाबाद

अमृत विचार। ब्लाक क्षेत्र के एमएमआईटी अनौगी में फार्मेसी की वार्षिक परीक्षाएं सीसीटीवी की कड़ी निगरानी में शुरू करा दी गई हैं।

सोमवार को हुई परीक्षा को लेकर केंद्र अधीक्षक डा. आर एस कमल ने बताया कि दोपहर 02 बजे से शाम 05 के बीच परीक्षाएं शुरू हुई। इसमें पंजीकृत 55 परीक्षार्थियों में से 53 मौजूद रहे।

इस दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट अवधेश गौतम, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक, सहायक केंद्र अधीक्षक अंकित द्विवेदी, नीरज कुमार, मारिया, राजीव कुमार, सत्यम वर्मा, मनीष पाल, चंद्रशेखर, अभिषेक वर्मा, शिवांगी, छविनाथ राजपूत, अमरनाथ, श्याम सिंह, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

सीडीपीओ, मुख्य सेविकाओं समेत 14 कर्मी मीटिंग से नहीं जुड़े

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला कार्यक्रम अधिकारी ने नोटिस जारी कर सभी से मांगा जवाब
- दो दिन बाद उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी सूचना

अमृत विचार। विभागीय समीक्षा के लिए आयोजित जूम मीटिंग से सीडीपीओ व मुख्य सेविकाओं समेत 14 कर्मी नदारद रहे। सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। दो दिन बाद उच्चाधिकारियों को कार्रवाई के लिए फाइल भेजी जाएगी। साथ ही वेतन रोका जा सकेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि सोमवार को दोपहर बाद 04:30 बजे विभागीय कार्यों की समीक्षा जूम मीटिंग से की गयी। इससे सीडीपीओ तालग्राम अमित मिश्र, मुख्य सेविका जलालाबाद रश्मि शर्मा, अमीषा चौरसिया, गरिमा दिवाकर व पूजा अग्निहोत्री और प्रधान सहायक नंदन सिंह नदारद रहे। साथ ही गुगरापुर की मुख्य सेविका झण्डा देवी व प्रधान सहायक सुनील कुमार, उमर्दा की मुख्य सेविका सुधा रावत, पुष्पा देवी, रेखा कुशवाहा, प्रीति राठौर, प्रीति गौतम व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ऊषा कुमारी भी बैठक से नहीं जुड़ीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इससे पहले 30 अप्रैल को दोपहर 12:20 बजे आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य सेविका रश्मि शर्मा, प्रधान सहायक नंदन सिंह, मुख्य सेविका झण्डा देवी, सुधा रावत, प्रीती राठौर, ऊषा कुमारी अनुपस्थित रही थीं। डीपीओ ने कहा है कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि दोपहर 03 बजे के बाद कार्यालय में यह लोग उपस्थित नहीं रहते हैं। कई बार जिला कार्यालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में भी यह लोग उपस्थित नहीं रहते हैं। दोनों दिनों के अनुपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों से स्पष्ट साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण 02 कार्य दिवस के अंदर जिला कार्यालय में उपस्थित होकर देने को कहा गया है। अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो यह मान लिया जाएगा कि गैरहाजिर लोगों को इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है। इस वजह से एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

धमकी मिलने का मामला | नसरापुर आंबेडकर प्रतिमा के निकट रोके गये

पुलिस को छका, तामझाम से ज्ञापन देने पहुंचे भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष को धमकी मिलने के मामले में कलक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन देने की घोषणा की गई। पुलिस जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं को सुबह से ही रोकने के लिये तैयार थी। कलक्ट्रेट जाते समय पुलिस ने आंबेडकर प्रतिमा नसरापुर में काफिले को रोक लिया। यहां कार की छत से भाषण देकर उन्होंने अतरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष को धमकी के मामले में सोमवार को संगठन को डीएम को ज्ञापन देना था। कार्यकर्ता सुबह से ही घरों से निकलने लगे। पुलिस ने इनको रोकने के लिये पाल चौराहा पर बैरियर लगाया। कई ट्रैक्टर रोककर कार्यकर्ता वापस किये गये पर वह गोल कुआं मानपुर रोड होते हुए नसरापुर अंबेडकर प्रतिमा के निकट पहुंच गये। जानकारी पर एएसपी अजय कुमार, सीओ कुलवीर सिंह, गुरसहायगंज कोतवाल अजय अवस्थी, कन्नौज कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह. ठटिया थानाध्यक्ष अमित कुमार, समेत कई थानों की पुलिस को बुला लिया गया। कार्यकर्ता पुलिस पर आरोप लगा रहे थे कि उनके जिलाध्यक्ष को रोक लिया इस लिये वह पाल चौराहा जा रहे। जबरन जाने का प्रयास किया तो पुलिस से धक्कामुक्की हुई। बाद में जिलाध्यक्ष कार की छत पर खडे होकर भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ नसरापुर अंबेडकर प्रतिमा के निकट पहुंचे। यहां करीव एक घंटे तक भाषण हुआ। इसके बाद अतरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

- कई थानों की पुलिस व एएसपी, दो सीओ ने संभाला मोर्चा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अतरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सूरज कुमार। अमृत विचार

पुलिस से धक्का-मुक्की करते भीम आर्मी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग

■ **कन्नौज।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सूरज कुमार निवासी ग्राम पंचतायत काकरकुई थाना सौरिख ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नवनीता राय को सौंपा। इसमें कहा कि 26 अप्रैल को रुपेश भदौरिया ने उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी दी। जब वह तालग्राम थाने के लिए निकले तो रास्ते में उसे फोन कर जाति सूचक गाली दी गई। थाने से लौटते समय आरोपियों ने कार का पीछा कर जान से मारने का प्रयास किया गया। आरोपियों ने घटना से संबंधित रील बना कर सोशल मीडिया पर अपलोड की। मामले में कार्रवाई की मांग की गई।

'शिक्षा वह शक्ति जो समाज को सशक्त बनाती है'

छिबरामऊ। कस्बे के कुंअरपुर बनवारी में आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में जाति तोड़ो, बहुजन समाज जोड़ो पर विशाल जनसभा हुई।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शक्ति है, जो समाज को सशक्त बनाती है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने शिक्षा के बल पर सदियों पुरानी सामाजिक विषमता को समाप्त करने का कार्य किया। स्मार्ट मीटरों के मुद्दे पर उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि इससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा है और यदि इसे नहीं रोका गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिला महासचिव चांद खां, जिला उपाध्यक्ष अनन्त शाक्य ने संबोधित किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, अजीत गौतम, ब्रजेश कुमार, विधानसभा सचिव अनुज कुमार, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, नेम सिंह खटिक, विशाल राज, आंशिक व रजनेश सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद के मनोनीत पदाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

भाविप मुख्य शाखा के अध्यक्ष बने आकाश जैन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दायित्व ग्रहण

अमृत विचार। भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत की मुख्य शाखा कन्नौज की नवीन पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी, का दायित्व ग्रहण कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. राजेश नारायण दुबे (प्रांतीय अध्यक्ष पंचाल प्रांत) एवं भारत विकास परिषद के सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में आलोक रायजादा (प्रांतीय सचिव पांचाल प्रांत) ने अध्यक्ष आकाश जैन, सचिव नलिन मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता को शपथ दिला कर दायित्व ग्रहण करवाया। प्रांतीय वित्त सचिव निशंक जैन एडवोकेट ने विगत वर्षों में परिषद द्वारा सामाजिक हित में करवाए गए कार्य से अवगत कराया। इसके बाद अध्यक्ष आकाश जैन ने नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न गतिविधि संयोजक संजीव मिश्रा, अमित जैन, नितीश श्रीवास्तव, अमन गुप्ता लकी एवं महिला संयोजिका बीनू दुबे एवं तीन नए सदस्य अभिषेक गुप्ता(संजय), तुषार जैन, सुमित गुप्ता को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सदस्य भावना जैन, वंदना गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष आशुतोष दुबे, पूर्व सचिव शिरीष गुप्ता, सुनील दुबे, नारायण दास कंजानी आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

टीबी के मरीज से पोषण अनुदान के नाम पर रिश्वत का आरोप

तिर्वा। स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला कस्बा स्थित सीएचसी का है, जहां टीबी मरीज के परिजन से अनुदान राशि दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। इसके बाद भी अनुदान नहीं पहुंचा। तहसील क्षेत्र के बहसुइया गांव निवासी किशोर टीबी से पीड़ित है। परिजनों ने उसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शुरू कराया है। नि:क्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को इलाज के दौरान पौष्टिक आहार के लिए 1000 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है। आरोप है कि इस योजना का लाभ दिलाने के नाम पर सीएचसी में तैनात एक कर्मचारी ने मरीज के पिता से 1500 रुपये की वसूली कर ली। पीड़ित के अनुसार, उसने 500 रुपये कर्मचारी के खाते में ऑनलाइन, जबकि 1000 नकद दिए। इसके बावजूद खाते में योजना की राशि नहीं पहुंची। जब कर्मचारी से फोन पर जानकारी ली तो उसने और 400 रुपये की मांग कर दी। आश्वासन दिया कि सोमवार तक पैसे खाते में आ जाएंगे। पीड़ित के पास कर्मचारी से हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग और ट्रांजेक्शन की डिटेल्स मौजूद हैं। पीड़ित ने समाज कल्याण राजमंत्री असीम अरुण से शिकायत करने की बात कही है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजन शर्मा ने बताया कि पीड़ित को बुलाया है जांच करेंगे।

ऑपरेशन के बाद प्रसूता की बिगड़ी हालत, मौत

कायमगंज। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव रसीदपुर में एक प्रसूता की इलाज के दौरान मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। गांव रसीदपुर निवासी रेनू (25) पत्नी अनुज कश्यप को रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे प्रसव पीड़ा होने पर लोहिया अस्पताल के पास स्थित गायत्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। शाम करीब 8:30 बजे चिकित्सकों ने ऑपरेशन के जरिए रेनू का प्रसव कराया। परिजनों के अनुसार, शुरुआत में सब सामान्य रहा, लेकिन ऑपरेशन के कुछ ही समय बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। रात करीब 12:30 बजे अस्पताल कर्मियों ने हालत गंभीर बताते हुए मरीज को कहीं और ले जाने की सलाह दे दी। घबराए परिजन रेनू को लेकर कई निजी अस्पतालों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन कहीं भी उसे भर्ती नहीं किया गया। मजबूर होकर परिजन वापस उसी अस्पताल पहुंचे, जहां महिला को दो बोतल खून चढ़ाया गया। सोमवार तड़के करीब 3:30 बजे उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर के बाद अस्पताल का स्टाफ एक-एक कर मौके से भाग निकला। इससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

ई-रिक्शा पलटने से तीन घायल

फर्रुखाबाद। शहर में बाईपास स्थित महावीर कोल्ड के पास ई-रिक्शा पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान अनिकेत शाक्य (25), अंकित शाक्य (23) और शिव शाक्य उर्फ पंडित (20) के रूप में हुई है। अनिकेत और अंकित, दोनों दाऊद खान निवासी हैं, उनके पैरों में चोटें आई हैं। शिव शाक्य के सिर में चोट लगी है।

तीन राज्यों के चुनाव में जीत पर जश्न

पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी में बढ़त पर भाजपा ने फोड़े पटाखे

भाजपा कार्यालय में खुशी मनाते जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

मिष्ठान वितरित करते विधायक कैलाश राजपूत व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी विधानसभा क्षेत्रों के चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर पार्टी जिला कार्यालय में खुशी मनाई गई। उत्साह से भरे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ जश्न मनाया।

सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में जुटे कार्यकर्ताओं ने तीन राज्यों में मिली पार्टी की इस जीत को ''जनता की जीत'' और ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर मुहर'' बताया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराकर जीत की बधाई दी। कार्यालय परिसर में जय श्रीराम और ''भारत माता की जय'' के उद्घोष गूंजे। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य भी किया। पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने बंगाल चुनाव में काफी मेहनत की। इस मौके पर महामंत्री रामसेवक कठेरिया, रामबाबू कटियार, विवेक पाठक, राजेश राजपूत, कुलदीप दोहरे, दीपशिखा पाल, विक्रम त्रिपाठी, रेखा दोहरे, अशोक सिंह, संतोष चतुर्वेदी, जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, नगर अध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार, श्यामू राजपूत, शोभित कश्यप व महेंद्र गिहार उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर मनाया जश्न

तिर्वा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना में तीन राज्यों में मिली भाजपा की को लेकर कस्बे में भी उत्साह रहा। विधायक कैलाश राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने रोडवेज बस स्टैंड के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जिंदाबाद के जयकारे लगाते हुए मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर सोनू ठाकुर, शिशुपाल चौहान, मोहित भदौरिया, विकास राजपूत, ऋषभ गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

सौरिख में भी जश्न, मिठाई बांट जताई खुशी

सौरिख, कन्नौज। नगर के नादेमऊ चौराहे पर नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता के नेतृत्व में तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सहित दो राज्यों में भाजपा की जीत पर जश्न मनाया। आतिशबाजी छुड़ाते हुए बैंड बाजे पर कार्यकर्ताओं ने घंटो डांस किया तथा एक दूसरे का मुंह मीठा किया। इस मौके पर विजय राजपूत, दीपू गुप्त, रामू गुप्ता, बबीता सिंह, दीपू त्रिपाठी, अनिल राजपूत सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे।

भाजपाइयों ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया खुशी का इजहार, बांटी मिठाई

संवाददाता, गुरसहायगंज

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी विस क्षेत्रों के चुनावों में मिली जीत पर भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया।

नगर के तिर्वा रोड पर चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, राकेश कौशल, विकास गुप्ता, संदेश गुप्ता उर्फ हीरो, राकेश तिवारी आदि ने ढोल नगाड़ों के साथ जमकर नृत्य किया। आतिशबाजी छुड़ाई और मिठाई खिलाकर एक दूसरों को जीत की बधाई दी। मोहल्ला रामगंज स्थित भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने अपने कार्यालय में जश्न मनाया। यहां सभासद धर्मेंद्र गुप्ता, अंकित सविता उर्फ रामू, सोनू तिवारी आदि मौजूद थे। मोहल्ला गोपाल नगर में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री बुंदेलखंड देवेंद्र देव ने भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाई। कस्बा के जीटी रोड पर ओबीसी मोर्चा के बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा ने भी उत्साह के साथ जश्न मनाया। रामगंज में भाजपा कार्यालय पर जिला मंत्री राजीव ठाकुर ने तमाम साथियों के साथ भाजपा की जीत पर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर बलवीर राठौर, डॉ. आरपी सैनी, अशोक चौरसिया आदि मौजूद थे।

मिठाई खिलाते नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज अध्यक्ष के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता।

जश्न मनातीं विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडे व चेयरमैन मनोज दुबे समेत अन्य लोग।

बंगाल में खिला कमल, छिबरामऊ में मना जश्न

छिबरामऊ। तीन राज्यों के चुनाव परिणामों से उत्साहित भाजपा खेमे में जश्न का माहौल है। विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि बंगाल में ''अराजकता का अंत'' हुआ है। अब ''भयमुक्त वातावरण'' की शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि जनता ने उम्मीद से बढ़कर आशीर्वाद दिया है, जो कार्यकर्ताओं के कड़े संघर्ष का प्रतिफल है। नगर में भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशियां साझा कीं। इस दौरान चेयरमैन मनोज दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी, रामानंद वर्मा, राहुल पाल, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, देवेश दीक्षित, अमित गुप्ता, विवेक दुबे, अतुल गुप्ता, सीटू दीक्षित, अरविंद शर्मा, श्यामू चौहान आदि रहे।

संविदा कर्मियों को मेडिकल साप्ताहिक अवकाश मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कहा, नए लेबर एक्ट में महिला कामगारों को मिलेंगे समान अवसर

अमृत विचार। आउटसोर्स और संविदा कर्मियों को मेडिकल व साप्ताहिक अवकाश मिलेगा। इसके साथ ही महिला कामगारों को समान अवसर व पूर्ण सुरक्षा दी जाएगी।

यह बात सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने सोमवार को जनपद के संविदा, आउटसोर्स और अंशकालिक कर्मियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ में बैठक में कही। कहा सभी संविदा और आउटसोर्स कर्मियों को प्रतिमाह पे-स्लिप अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। सरकारी नियमों के अनुसार उन्हें साप्ताहिक अवकाश, ईएल (अर्जित अवकाश), सीएल (आकस्मिक अवकाश) और मेडिकल लीव का लाभ भी दिया जाए। नए लेबर एक्ट के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि महिला कामगारों को पुरुषों के समान अवसर और कार्यस्थल पर आवश्यक सुविधाएं दें। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सरकारी योजनाओं की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जनपद में ई-श्रम कार्ड पंजीकरण अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बागेश्वर महादेव आश्रम में हुई हनुमान महाराज की प्राण प्रतिष्ठा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पांच आचार्यों ने विधि-विधान से कराया पूजन
- माता फूल मती मंदिर के निकट बना है यह आश्रम

अमृत विचार। बागेश्वर महादेव आश्रम छोटी छावनी माता फूलमती मंदिर के निकट 5 आचार्यों ने हनुमान महाराज का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया।

सोमवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री 1008 विष्णु दास जी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ रक्षा संगठन ऋषिकेश मौजूद रहे। 6 अप्रैल को नगर में शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जानकारी आश्रम के महंत अर्जुन दास ने दी। इस दौरान बबलू शुक्ला, छोटू तिवारी, धीरज मिश्रा, अर्पित यादव, जग्गू अवस्थी, मान्यक अग्निहोत्री रहे।

प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पूजन करते भक्त व आचार्य। अमृत विचार

कर्ज के बोझ, तंगी में टेंट हाउस मालिक ने दी जान

संवाददाता, छिबरामऊ

अमृत विचार। कर्ज के बोझ और लगातार परेशानी से तंग आकर मिलन टेंट हाउस के मालिक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक नौगाई गांव का निवासी था और कोतवाली क्षेत्र की कुंवरपुर कंडोली चौकी के अंतर्गत नॉर्मल स्कूल के पास अपनी दुकान चलाता था।

मखदूम।

बेटे आमिर ने बताया कि उनके पिता मखदूम ने छिबरामऊ नगर के कई लोगों से ब्याज पर रुपये उधार लिए थे। कर्जदार रोजाना पैसे मांगने आते और उन्हें परेशान करते थे। इससे क्षुब्ध होकर रविवार देर रात टेंट हाउस की दुकान में लगे पंखे से रस्सी बांधकर फंदा लगा लिया। सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो उसने पिता को पंखे से लटका देखा। तुरंत आसपास के लोगों को सूचित किया और शव को उतारकर नगला दिलू स्थित सौ शैया अस्पताल ले गए, यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मखदूम ने सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें कर्ज की परेशानी का जिक्र है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। निगम मंडी चौकी इंचार्ज सुरेश चतुर्वेदी ने शव का पंचनामा तैयार कर मोर्चरी भिजवाया।

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सिखाए आग से बचाव के गुर

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में अग्निशमन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आग से बचाव एवं आपात स्थिति में आग पर नियंत्रण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। फैकल्टी ऑफ नर्सिंग, बाबू सिंह दद्दू जी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के एफएसओ द्वितीय प्रियांशु अवस्थी ने बताया कि आग लगने की घटनाएं किन-किन कारणों से होती हैं। उन्होंने कहा कि बचाव का सबसे अच्छा तरीका यही है कि हम उन कारणों को समाप्त कर दें, जिनसे आग लगने की संभावना रहती है। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अनिल कुमार और कुलसचिव रणजीत यादव ने अग्निशमन अधिकारी प्रियांशु अवस्थी को प्रतीक चिह्न एवं शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नर्सिंग संकाय की डीन प्रो शेरीन पी. एलेक्स, इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के उप-प्राचार्य डॉ. विनायक किन्नाल सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आग बुझाने के तरीके बताते अग्निशमन अधिकारी। अमृत विचार

करंट से संविदा विद्युत कर्मी की मौत

फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र स्थित ग्राम फतेपुर राव साहिब निवासी ओमकार राजपूत का 22 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार ग्राम फतेपुर राव साहिब फीडर का बिजली विभाग में संविदा लाइनमैंन है आज दिन में जीरागौर ग्राम में अपने साथी प्रशांत के साथ बिजली पोल पर चढ़कर बिजली ठीक करने गया था तभी उसकी चलती लाइन से खंभे से उसको जोरदार करंट लगा जिससे वह खंभे से गिरकर घायल हो गया साथी प्रशांत ने आवाज देकर मौके पर ग्रामीणों को बुलाया आनन फानन में उसको तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमालगंज में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर मानसिंह ने सुशील को मृत घोषित कर दिया।

गंगा नदी में डूबकर युवक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा नदी पार करते समय एक 32 वर्षीय युवक जयदेव पुत्र गिरन्द सिंह की डूबने से मौत हो गई। यह घटना रविवार शाम को मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। युवक तरबूज लेकर नदी के दूसरे किनारे से आ रहा था, तभी वह गहरे पानी में चला गया।

जयदेव ने गंगा किनारे कटरी में पालेज की खेती की थी। रविवार शाम को वह अपनी खेती से तरबूज लेकर नदी पार कर रहा था। नदी में डूबने के बाद ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। बेहोशी की हालत में परिवार के लोग उसे लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जयदेव को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, जयदेव अपने भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी शादी हो चुकी थी और उसके दो बच्चे भी हैं। युवक की असामयिक मौत से परिवार में दुख का माहौल है।

झोपड़ी में लगी आग से किसान की मौत, एक गंभीर

कायमगंज। कंपिल क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी। संदिग्ध परिस्थितियों में खेत पर बनी झोपड़ी में आग लगने से दो किसान गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के गांव राईपुर चिनहटपुर निवासी लगभग 45 वर्षीय किसान ओमकार अपने साथी राम अवतार के साथ मक्का की फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर बनी झोपड़ी में रविवार रात ठहरे हुए थे। रविवार देर रात किसी अज्ञात कारण से झोपड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों किसान बुरी तरह झुलस गए। हादसा इतना भीषण था कि ओमकार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राम अवतार गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार सुबह जब ग्रामीण खेत की ओर पहुंचे तो उन्होंने राम अवता र को दर्द से कराहते हुए पाया। इसके बाद तत्काल परिजनों को सूचना दी गई। परिजन घायल राम अवतार को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

मौसम | बारिश से गलियों, सड़कों पर भरा पानी

तेज हवा के साथ बरसात, किसानों की चिंता बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सोमवार सुबह मौसम ने एक बार फिर करवट ली। तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे शहर और देहात क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। शहर में लगभग डेढ़ घंटे से बिजली गुल है, जबकि देहात क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति ठप है। बारिश शहर के साथ-साथ कायमगंज तहसील क्षेत्र में भी हो रही है, जहां बादल गरजने की आवाजें सुनाई दे रही हैं।

इस बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में मक्का की फसल खड़ी है, ऐसे में उन्हें फसल खराब होने का डर सता रहा है। शहर में करीब 2 घंटे से लगातार बारिश हो रही है तेज हवा भी चल रही है ऐसी ही स्थिति ग्रामीण क्षेत्र की भी है। मौसम विभाग द्वारा भी अलर्ट जारी किया गया है। तेज हवा के साथ आली गिरने की भी संभावना जताई गई है। इससे पहले रविवार सुबह 3 बजे भी फर्रुखाबाद में तेज आंधी के साथ बारिश हुई थी, जिसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम ठंडा हो गया था। कमालगंज क्षेत्र में आंधी-पानी से कुछ नुकसान भी हुआ था। सोमवार को हुई बरसात से कायमगंज, शमशाबाद, नवाबगंज व अमृतपुर में फसलों को काफी नुकसान हुआ है।

कायमगंज में अचानक बदले मौसम ने क्षेत्र में व्यापक असर डाला, जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गईं। बेमौसम तेज बारिश और आंधी के कारण खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश से खेतों में जलभराव हो गया है, जिससे मक्का, मूंगफली और तिलहन की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। देर से तैयार हुई तंबाकू की फसल भी खेतों में पड़ी होने के कारण सड़ने के खतरे में है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से क्षेत्र के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। वहीं, गांव अताईपुर में नालियों की सफाई न होने के कारण मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मक्का की फसल में कई जगह भुट्टे आ चुके हैं, लेकिन तेज आंधी के कारण फसल के टूटकर जमीन पर गिरने की आशंका बढ़ गई है, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ सकता है। कई स्थानों पर तेज हवाओं के कारण पेड़ भी टूटकर गिर गए।

शहर की गली में भरा पानी। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक ने पैदल गश्त कर परखी कानून व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। रविवार रात्रि पुलिस अधीक्षक आरती सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करना था। गश्त से पहले, एसपी आरती सिंह और एएसपी गिरीश कुमार सिंह ने थाना मऊदरवाजा में नए आरक्षियों को बीट प्रणाली, सोशल मीडिया नीति और शिष्टाचार के संबंध में प्रशिक्षित किया। उन्हें इन नीतियों के तहत अपने कर्तव्यों का पालन करने के निर्देश दिए गए। इस पैदल गश्त में एसपी और एएसपी के साथ क्षेत्राधिकारी नगर भी शामिल थे। पुलिस टीम ने मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर भ्रमण किया, जिससे नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ी। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि जिले को 604 नए जवान मिले हैं, जिससे पुलिस बल और मजबूत हुआ है। इन नए जवानों की तैनाती के बाद अब हर गली-मोहल्ले पर पुलिस की नजर रहेगी।

फोर्स के साथ पैदल गश्त करतीं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह। अमृत विचार

गश्त के दौरान अन्य अधिकारियों में सीओ सिटी अभय वर्मा, थाना प्रभारी अजब सिंह, एसआई वीरेंद्र सिंह, बीबीगंज चैकी इंचार्ज नितिन कुमार, एसआई पंकज कुमार, एसआई राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल उदय नारायण शाक्य, हेड कांस्टेबल अनुज तिवारी, हेड कांस्टेबल अतुल कुमार रहे।

छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

अमृतपुर। थाना अमृतपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां बीमारी से परेशान एक बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम कुमराहौर मनपूरा निवासी बृजेश सिंह कुशवाहा की 18 वर्षीय पुत्री संध्या बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। परिजनों के मुताबिक संध्या पिछले काफी समय से पेट संबंधी बीमारी से पीड़ित थी, जिसके चलते वह अक्सर परेशान रहती थी। इलाज के बावजूद उसे राहत नहीं मिल पा रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से भी काफी तनाव में रहने लगी थी।

घटना वाले दिन घर के अन्य सदस्य अपने-अपने कार्यों में व्यस्त थे। इसी दौरान संध्या ने अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

न्यूज ब्रीफ

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

इटावा। थाना भरेह क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरौली बहादुरपुर में एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार तारा दोहरे 28 वर्ष पत्नी पिंकू दोहरे निवासी ग्राम हरौली बहादुरपुर भरेह ने किसी बात से नाराज होकर अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर थाना भरेह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मुख्यालय लाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

इटावा। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत हाजीपुरा में एक महिला ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार करिश्मा 28 वर्ष पत्नी आनन्द कुमार निवासी हाजीपुरा भरथना ने परिवार में किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

इटावा। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत आईटीआई के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से भूरे सिंह पुत्र हरनारायण निवासी चकूपुर वैदपुरा घायल हो गया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत घूघलपुर के पास सड़क पर अज्ञात वाहन की टक्कर से चन्द्र भूषण पुत्र रामेंद्र सिंह निवासी घूघलपुर घायल हो गया।

मारपीट की घटनाओं में छह लोग घायल

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना चकरनगर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रनिया में किसी बात पर हुए विवाद में मारपीट के दौरान लखपत पुत्र भोले चरन, शिव कुमारी पत्नी चरन सिंह निवासीगण रनिया चकरनगर, राधा भूषण पुत्र रोशन सिंह निवासी नगला जोर चकरनगर, सपना पुत्री राम कुमार, शिववती पत्नी राम कुमार निवासीगण रनिया गौहनी चकरनगर घायल हो गए। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत कन्हैया नगर निवासी गीता गोयल पत्नी अजय गोयल गांव में मारपीट की घटना में घायल हो गई। घायलों का जिला अस्पताल में डॉक्टरी परीक्षण हुआ।

ट्रैक्टर से टक्कर से गर्भवती महिला घायल

इटावा। थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत हविलिया गांव के पास गैस एजेंसी पर केवाईसी कराने जा रही गर्भवती महिला ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम मुसावली थाना इकदिल निवासी अनीता पत्नी अरविंद केवाईसी कराने के लिए जा रही थीं तभी हविलिया गांव के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में अनीता घायल हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर बढ़पुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर उदी चौकी पर खड़ा करा दिया है। हादसे के बाद से फरार हुए चालक की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी की 14 बाइकें तमंचा कारतूस व छुरे भी हुए बरामद

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। थाना सैफई पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम नगला चैनसुख जंगल व रकुईया नहर पुल के पास से अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों के पास से चोरी की 14 बाइकें तमंचा कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि थाना प्रभारी सैफई भूपेन्द्र सिंह राठी पुलिस टीम के साथ रकुईया नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि चार मोटर साइकिलों पर कुछ व्यक्ति जिन पर चोरी की मोटर

पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए वाहन चोर व उनके पास से बरामद बाइकें। अमृत विचार

- **पुलिस ने पकड़े गये सभी आरोपियों को भेजा जेल**

साइकिलें हैं वे कुर्रा की ओर से हवाई पट्टी की तरफ से आ रहे हैं। ये लोग जैसे ही यहां पर आये पुलिस टीम द्वारा इन्हें रुकने का इशारा किया गया तो सभी मोटर साइकिल सवार भागने लगे। इस पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर 5 आरोपियों को रकुईया नहर पुल के पास से तथा उनकी निशानदेही पर 3 अन्य साथियों को ग्राम नगला चैनसुख जंगल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम विनय निवासी जिला मैनपुरी, महकेन्द्र निवासी मैनपुरी, संजय निवासी जिला मैनपुरी, पवन निवासी जिला मैनपुरी, सौरभ निवासी जिला मैनपुरी, निखिल निवासी जिला मैनपुरी, धर्मेन्द्र निवासी जिला मैनपुरी, राहुल शाक्य निवासी जिला मैनपुरी बताया। उनकी निशान देही पर पुलिस ने कुल 14 बाइकें व तमंचा कारतूस बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि हम लोग पीजीआई सैफई व आसपास के क्षेत्र में घूम फिरकर रेकी कर ग्रुप बनाकर वाहन चोरी करते हैं। उन्होंने बताया कि थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत पीजीआई सैफई में 24 अप्रैल 2026 को तथा 27 अप्रैल 2026 को एक एक मोटर साइकिल हम लोगों ने चोरी की थी। अवैध असलहा अपराध कारित करने के उद्देश्य से अपने पास रखते हैं। अन्य बरामद मोटर साइकिलों के संबंध में जानकारी की जा रही है। पुलिस ने सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

भाजपा जिला महामंत्री पर जान लेवा हमला

इटावा। अपना स्वागत कराने के लिए पूठन सकरौली गए भाजपा के जिला महामंत्री पर कुछ लोगों ने गाली गलौज कर उनसे रंगदारी की मांग की। गाली गलौज से मना करने पर उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की नियत से पथराव भी किया। जिला महामंत्री की तहरीर पर पांच नामजद व चार पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

भाजपा के जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत निवासी अवंती नगर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह रविवार की शाम करीब साढे आठ बजे पूठन सकरौली में बेचे लाल की दुकान पर गए थे। तभी वहां पहले से मौजूद मनोज राजपूत उसका भाई सनोज राजपूत , चंद्रभान, होशियार सिंह, उमेश व उनके चार पांच साथियों ने गोली गलौज की मना करने पर उनके ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। उनकी कार को भी नुकसान पहुंचाया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कार सवार लुटेरों ने महिलाओं को लूटा

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर रविवार देर रात तिलक समारोह से ई-रिक्शा से अपने घर लौट रही महिलाओं को निशाना बनाकर बेखौफ कार सवार बदमाशों ने असलहा के बल पर लूट लिया। बदमाश महिलाओं के पास से करीब साढ़े चार लाख रुपये के आभूषण व नकदी लूटकर फरार हो गए। हाईवे पर हुई लूट की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और थाना पुलिस को घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए।

गांव मानिकपुर मोहन (कराईपुरा) निवासी सरस्वती पत्नी राजेश कुमार अपनी सास सुमित्रा, देवरानी संध्या और प्रियंका के साथ महेवा स्थित विजयलक्ष्मी मैरिज होम में आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने आई थीं । वे तिलक समारोह में शामिल होने के बाद ई-रिक्शा से घर लौट रही थीं। ई-रिक्शा गांव के ही प्रहलाद का था। रात करीब 12:10 बजे जैसे ही उनका वाहन पूर्वी तिराहे, परमानंद आश्रम के पास पहुंचा, तभी बिना नंबर की सफेद कार ने ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया। कार से उतरे तीन नकाबपोश बदमाशों के हाथों में तमंचा और लोहे की रॉड थी। बदमाशों ने पहले चालक के साथ मारपीट की और फिर महिलाओं की कनपटी पर तमंचा लगाकर इनके पास से जेवरातों से भरा बैग छीनकर मौके से फरार हो गए। पीड़ितों के अनुसार बदमाश करीब साढ़े चार लाख रुपये के आभूषण लूट ले गए, जिनमें लगभग 450 ग्राम चांदी के और 12 ग्राम सोने के जेवरात और नकदी शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ितों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए और घटना की जांच शुरू कराई।

8 दिन से लापता युवक का शव कुएं में मिला

संवाददाता बसरेहर इटावा

अमृत विचार। बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव चकबा खुर्द में आठ दिन पहले लापता युवक का गांव से कुछ दूर स्थित कुंए में पड़ा मिला। परिवार वालों ने उसकी हत्या कर शव को कुंए में डालने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार रजनीश कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र जगराम सिंह यादव निवासी चकबा खुर्द थाना घर से आठ दिन पहले खेतों की तरफ चला गया। वहीं शाम को जब वह वापस नहीं लौटा तो परिवार वालों ने उसकी कई जगह तलाश की जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिवार वालों ने बसरेहर थाने में पहुंचकर गुमशुदा होने की लिखित शिकायती पत्र दिया । उसके बाद से बसरेहर थाना पुलिस व परिवार वालों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका

- **परिजनों ने हत्या कर शव कुएं में डालने का लगाया आरोप**

। सोमवार की सुबह गांव के कुछ लोग खेतों की तरफ गये हुए थे । वहीं खेत में बने कुएं से बदबू आने लगी तो इसकी जानकारी किसानों ने गांव वालों की दी । गांव के लोगों के पुलिस बल वहां पहुंचा तो उन्हें उसमें एक शव पड़ा दिखाई दिया। शव को बाहर निकाला गया तो उसकी पहचान रजनीश के रूप में हुई। शव देख परिवार में कोहराम मच गया । मृतक रजनीश कुमार की दो पुत्री प्रिया, प्राची, व बेटा यश व पत्नी नीतू का रो रोकर बुरा हाल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । बसरेहर थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि अभी मृतक के परिवार की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

भाजपा जिला अध्यक्ष को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

अंशुल अशोक दुबे के आवास के बाहर पर जश्न मनाते भाजपाई।

भरथना में पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाते हुए। अमृत विचार

तीन राज्यों में जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत भाजपाइयों ने जश्न मनाया।

शास्त्री चौराहे पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी चलाकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यह जीत सबका साथ,

- **मिठाई बांटकर व आतिश बाजी चलकार किया खुशी का इजहार**

सबका विकास का परिणाम है। पीएम नरेंद्र मोदी केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रहीं लोक जन-कल्याणकारी कार्यों के चलते आज तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिला है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाहा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अशोक चौबे, कृपानारायण तिवारी, बासु चौधरी, यशवर्धन चौधरी , सनी शर्मा, कमलेश कठेरिया, सभासद पूनम पाण्डेय, नीतू नारायण मिश्रा, मनीषा शुक्ला, सोनिया चक, पूनम तिवारी, मोहिनी राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता अंशुल अशोक दुबे के आवास पर तीन राज्यों में भाजपा की जीत का जश्न मनाया गया। इस मौके पर अंशुल दुबे के अलावा पूर्व महामंत्री शिवा कांत चौधरी, सतेंद्र राजावत, सुवोध तिवारी, सुशील राजपूत, पुत्तन भदौरिया, बंटू चौहान, विवेक भदौरिया राजेश तिवारी अखिलेश शर्मा के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

भरथना प्रतिनिधि के अनुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर क्षेत्र में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जीत की खुशी साझा की और शीर्ष नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन की सराहना की। कस्बा स्थित जय वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज पोरवाल ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, जनहितकारी योजनाओं और प्रभावी नीतियों पर जनता के विश्वास की जीत है।

इस दौरान पूर्व सभासद दलवीर सिंह, अतुल कुमार टिंकू, आशुतोष, सौरभ यादव, संजू यादव, सुमित पोरवाल, विकास आदि मौजूद रहे।

कुल शरीफ में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता भरथना इटावा

अमृत विचार। शहर के कटरा शहाब खां स्थित छोटी दरगाह शरीफ हज़रत हाजी मज़हर अली शाह शाद वारसी में उर्स के दूसरे दिन सोमवार को सुबह बाद नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी के बाद महफिले समा हुई जिसमें बाहरी जनपद से आये कब्बालों ने एक से बढ़कर एक सरकार वारिसे पाक की शान में शानदार कलाम पेश कर ख़ूब वाह-वाही लूटी।महफ़िल में बैठे लोगों ने ख़ुश होकर ख़ूब नज़राने भी दिये।

महफिल के बाद हज़रत हाजी मज़हर अली शाह शाद वारसी का कुल शरीफ हुआ जिसमे मुरीदों अथवा चाहने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस मौके पर लोगों ने हाथ

कुल शरीफ के बाद चादर पोशी करते श्रद्धालु। अमृत विचार

उठाकर सभी के हक़ में दुआयें की और मन्नत भी मांगी।कुल शरीफ के बाद हसीन अहमद खान वारसी आनरेरी सदर, सेक्रेटरी दिलशाद अली वारसी, उमर वारसी, रियाज़ वारसी, शकील वारसी, बशीर वारसी, गुलाम वारसी, आरिफ वारसी, शाहिद जमाल वारसी, अमन वारसी, सूफी अब्दुल सत्तार, हबीब वारसी, चमन वारसी सहित काफी संख्या में लोगों ने हाज़री देकर चादर पोशी कर दुआए मांगी। कुल शरीफ के समय बुजुर्ग एहरामपोश महबूब शाह वारसी, लताफत शाह वारसी आदि की भी ख़ास मौजूदगी रही।

वकीलों ने न्यायालयों का किया बहिष्कार, प्रभावित हुए कार्य

संवाददाता भरथना इटावा

अमृत विचार। बार एसोसिएशन तहसील भरथना / ताखा इटावा की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष हरिशचंद्र पाण्डेय एडवोकेट की अध्यक्षता में ताखा तहसील में सोमवार सुबह हुई। बैठक में मौजूद समस्त अधिवक्ताओं ने एकमत से न्यायालयों में व्याप्त समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई और एक दिवसीय न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया।

अधिवक्ताओं ने कहा कि उपजिलाधिकारी ताखा के न्यायालय में पिछले तीन माह से मुकदमे दर्ज नहीं हो रहे हैं। साथ ही न्यायिक उपजिलाधिकारी के न्यायालय में नियमित पत्रावलियों पर आदेश नहीं लिखे जा रहे और बैक डेट में आदेश पारित किए जाने का भी विरोध किया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि पूर्व में तहसील दिवस पर जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। अधिवक्ताओं का कहना है कि लंबे समय से मुकदमों की सुनवाई नहीं हो रही है और प्रार्थना पत्र भी दर्ज नहीं किए जा रहे, जिससे वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं के विरोध में अधिवक्ताओं ने सोमवार को सभी न्यायालयों का कार्य बहिष्कार किया। इसके चलते न्यायालयों में कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। बैठक में राकेश सिंह, रामकुमार यादव, सुरेश चंद्र, सुदामा लाल, महावीर सिंह, सुबोध कुमार, विवेक प्रताप सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

शादी अनुदान योजना शुरू, करें आवेदन

इटावा। जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने बताया कि अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु शादी अनुदान योजना पूर्व की भांति आनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ की गयी है। उक्त योजनान्तर्गत प्रथम आगत प्रथम पावत का भी प्रावधान है। प्रति शादी रुपये 20 हजार रुपये अनुदान देय है। शासनादेश में दी गयी शर्तों एवं प्रक्रिया के अनुसार आवेदक साईट पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की आय शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये प्रतिवर्ष तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के आवेदकों को तहसील द्वारा आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र का क्रमांक अंकित करना अनिवार्य है। विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला अथवा विकलांग आवेदक को वरीयता प्रदान की जायेगी।

परेशानी गर्मी में लोग परेशान रहे, फोन पर अधिकारियों ने कहा फाल्ट हुआ है मरम्मत कार्य जारी है

आंधी के चलते शहर के अलावा देहात की बिजली रही गुल

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। सोमवार की सुबह आंधी चलने के साथ ही जिले के अलग अलग स्थानों की बिजली व्यवस्था गड़बड़ा गई। सुबह करीब 5 बजे आंधी के साथ ही बिजली गुल हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं 8 घंटे तो कहीं 12 घंटे तक बिजली के दर्शन नहीं हुए। लगभग 300 गांवों की बत्ती इस आंधी के कारण गुल रही। गर्मी में लोग परेशान रहे। बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन लगाते रहे लेकिन जवाब मिला कि फाल्ट हुआ है , केबल टूटी है मरम्मत का काम चल रहा है। जसवंतनगर क्षेत्र में तो 12 घंटे बाद बिजली सप्लाई बहाल हो सकी। शहरी क्षेत्र में सुबह करीब चार घंटे तक बिजली गायब रही।

जसवंतनगर क्षेत्र में रायनगर से

पोल से खराब हुई लाइन को देखते विद्युतकर्मी। अमृत विचार

जुड़े 33 केवी लाइन में अचानक फॉल्ट आ गया, जिससे बलरई, जुगोरा और सिरसा उपकेंद्रों से जुडेफ डेढ़ सौ से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। विभागीय टीम ने कई बार सप्लाई चालू करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। जसवंतनगर से बलरई तक लाइन की जांच की गई, जहां बीच में इंसुलेटर और जंपर कटा हुआ मिला। आठ घंटे बाद दोपहर एक बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई। हालांकि इसके बाद भी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी। ग्रामीणों का आरोप है कि लाइनमैन 11 केवी लाइन की जांच के नाम पर टालमटोल करते रहे, जिसके चलते बलरई फीडर से जुड़े आधा दर्जन से अधिक फीडर देर शाम तक चालू नहीं हो सके। इन क्षेत्रों में 12 घंटे बाद बिजली सप्लाई चालू हो सकी।

बकेवर व आसपास के क्षेत्र में सोमवार की सुबह आंधी के कारण कई गांवों की बिजली आपूर्ति सुबह 5 बजे से ठप हो गई। कई बार सप्लाई चालू करने का प्रयास किया गया सप्लाई बहाल नहीं हो सकी। एक सैकड़ा गांव के लोगों को 8 घंटे से अधिक समय तक बिजली नहीं मिली। बकेवर बिजली घर के पांच देहात फीडरों से तकरीबन एक सैकड़ा गांव को बिजली की आपूर्ति होती है लेकिन सोमवार को सुबह 5:00 बजे से लेकर दोपहर बाद 4 बजे तक इन एक सैकड़ा गांव की बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो सकी।

शहर में भी आंधी आई और बिजली गई

- **इटावा।** सोमवार को आंधी के कारण शहरी क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित रही और करीब चार घंटे तक शहर की बिजली गुल रही। आंधी शुरू होते ही सुबह 5 .38 पर शहर की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। आंधी धीमी होने पर सुबह 7 . 10 पर बहाल किया गया। इसके बाद फिर तेज हवा चलने लगी तो सुबह 8 .52 पर एक बार फिर सप्लाई बंद कर दी गई। करीब आधे घंटे बाद सप्लाई चालू की गई तो कुछ स्थानों पर फाल्ट हो गए। रामनगर, अशोकनगर , फ्रेंडस कालोनी की बिजली सप्लाई भी फाल्ट के कारण अलग अलग समय करीब एक घंटे बंद रही।

जूनियर स्टेट खो-खो में खेलेंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल सदैव से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी क्रम में विद्यालय के 8 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का चयन उत्तर प्रदेश खो-खो एसोसिएशन जूनियर स्टेट खो-खो चैंपियनशिप बालक एवं बालिका वर्ग में प्रतिभाग करने हेतु हुआ है। यह प्रतियोगिता 5 मई से 7 मई तक अमर शहीद स्पोर्ट्स स्टेडियम बस्ती में होगी।

विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में रुद्र यादव, विनय, अभय यादव, अंकित यादव, आर्यन तिवारी, ईशान कुमार, आर्यन एवं पियूष शामिल हैं। सभी खिलाड़ी आज पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं और विद्यालय का नाम

चयनित छात्र छात्राओं के साथ चेयरमैन कैलाश यादव। अमृत विचार

- **पान कुंवर स्कूल के छात्र छात्राओं का हुआ चयन**

रोशन करने के लिए संकल्पित हैं। टीम के साथ विद्यालय के पीटीआई दुश्यंत कुमार टीम मैनेजर के रूप में उपस्थित रहेंगे। खिलाड़ियों के प्रशिक्षण में विद्यालय के खेल शिक्षक आरती यादव, ऋषभ यादव एवं दुश्यंत कुमार का विशेष योगदान रहा है, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट तैयारी की है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच विद्यार्थियों के बहुआयामी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

न्यूज ब्रीफ

तेज आंधी में स्कूल की दीवार से टकराकर मोर की मौत

बेला। थाना क्षेत्र के गांव हरदू स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की दीवार में सोमवार सुबह करीब सात बजे तेज आंधी के दौरान एक मोर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आंधी के बीच उड़ान के दौरान मोर स्कूल की दीवार से टकरा गया, जिससे उसकी गर्दन टूट गई।

14 वर्षीय किशोरी लापता, मामला दर्ज

अछल्दा (औरैया)। थाना क्षेत्र के ग्राम गुनौली से एक 14 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाते हुए थाने में गुमशुदगी दर्ज की गई। गांव निवासी की पुत्री 14 वर्ष 30 अप्रैल की शाम लगभग 4 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। उस समय उसकी मां दुकान पर सामान लेने गई थी, जबकि घर के बाहर दोनों बहनें बैठी थीं। इसी दौरान बड़ी पुत्री पूजा अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास के रिश्तेदारों व संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र ने बताया कि मामले में शीघ्र कार्रवाई कर किशोरी को सुरक्षित बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

डिलीवरी ब्वॉय को पीटने में दो पर प्राथमिकी

अयाना, औरैया। अजीतमल के शास्त्रीनगर निवासी डिलीवरी ब्वॉय प्रवेश कुमार ने अयाना थाना में तहरीर दी। बताया कि रविवार दोपहर ढ़ाई बजे के करीब वह कटघरा में पार्सल देने के लिए आया था। यहां जगतपुर निवासी दीपक व नवादा ज्वाला प्रसाद निवासी विजेंद्र ने रुपयों के लेनदेन को लेकर उसके साथ मारपीट कर दी। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

युवक पर दो बार हमला से हालत गंभीर

अछल्दा। थाना क्षेत्र के नगला चिंता गांव में रविवार देर रात एक युवक पर दबंगों ने दो बार हमला कर दिया। गांव निवासी कपूरी (30) रविवार रात करीब 11 बजे अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव के ही दो लोग शराब के नशे में वहां पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। बताया गया कि फिर सोमवार सुबह करीब 6 बजे आरोपियों ने दोबारा कपूरी पर हमला कर दिया। इस बार हमले में उसे गंभीर चोटें आईं और वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल अवस्था में कपूरी किसी तरह खुद ही थाना अछल्दा पहुंचा, जहां से पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। प्राथमिक उपचार डॉ. गौरव कुमार द्वारा किया गया। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र ने बताया मामले जांच की जा रही है।

युवक को पीटकर किया घायल

अयाना। थाना क्षेत्र के सेंगनपुर निवासी अभिषेक दीक्षित ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि रविवार शाम साढ़े सात बजे के करीब गांव के आशू दीक्षित ने दुकान खाली करने को लेकर गाली-गलौज कर मारपीट की। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

मां, छोटे भाई व बहन के जेठ पर लगाया हत्या का आरोप

अमृत विचार Follow UP

- बड़े बेटे की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की हत्या की रिपोर्ट
- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे में मिला था वृद्ध का शव

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास किलोमीटर 275 पर मिले शव के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के बड़े बेटे ने अपने पिता की हत्या का आरोप मां, छोटे भाई व बहन के जेठ समेत कई लोगों पर लगाकर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इटैली चौकी क्षेत्र के गांव मढ़ा प्रीतमपुरा निवासी सतेंद्र यादव उर्फ अंकित यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 मई को उसे अपनी मौसी शारदा के माध्यम से सूचना मिली कि उसके पिता रणवीर सिंह यादव की हत्या कर दी गई है और उनका शव एक्सप्रेस-वे पर पड़ा मिला है। सूचना पर कानपुर से अंकित और पत्नी के साथ घर पहुंचने के बाद बातचीत में सामने आया कि उसके पिता के साथ रात में मारपीट की गई थी। उसकी मां विनीता, छोटे भाई हर्षित यादव और बहन के जेठ गुरजीत ने मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद शव को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 275 के पास फेंक दिया, ताकि घटना को हादसा दर्शाया जा सके। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतक की पत्नी विनीता, पुत्र हर्षित यादव और गुरजीत समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

जांच के दौरान कटे मिले बुंदेलखंड हाईवे किनारे लगे कटीले तार। अमृत विचार

बरामदे की फर्श पर मिले खून के धब्बे

- बताया जा रहा है कि रणवीर सिंह यादव से मारपीट घर में की गई थी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगने से काफी खून बह गया था। खून घर के बरामदे में बने मिट्टी के फर्श पर गिरा और इसके बाद शव को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे तक ले जाते समय रास्ते में जगह-जगह खून के धब्बे पाए गए। इन्हीं धब्बों ने पुलिस का ध्यान खींचा और जांच की दिशा बदल दी, जिसके बाद मामले की गहन पड़ताल शुरू कर दी गई। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि घटना के बाद आरोपियों ने खून के निशान मिटाने का प्रयास किया, लेकिन जल्दबाजी में सभी सबूत पूरी तरह मिटा नहीं सके और घर छोड़कर फरार हो गए।

चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

संवाददाता, बिधूना

अमृत विचार। पांच प्रदेशों में हुए विधानसभा चुनाव के सोमवार को जैसे ही परिणाम घोषित हुए तो भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल व्याप्त हो गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाईयां बांटी और पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। तहसील परिसर के पास भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर मिठाईयां बाटी और बैंड-बाजे की धुन पर झूमते नजर आये। भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह सेंगर एडवोकेट ने कहा की इक्का दुक्का राज्य को छोड़कर भाजपा का समूचे देश में परचम लहरा रहा है ।आने वाले समय में 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भी भाजपा की भारी बहुमत से सरकार बनेगी। कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है की सभी जात वर्गों को साथ लेकर चलती है।

उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पुनः तीसरी बार भाजपा का परचम लहराएगा । उधर भाजपा महिला मोर्चा ने भी एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत बिधूना के सभासद अशोक चौहान, आशीष वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, पुनीत सेंगर पूर्व मंडल अध्यक्ष, रघुवीर वर्मा, पूर्व सभासद, लवलेश त्रिवेदी, प्रशांत सेंगर, सोनू चौहान, लकी सेंगर, अवधेश वर्मा, कमलेश सविता आदि मौजूद रहे।

जीत के बाद खुशी का इजहार करते भाजपाई। अमृत विचार

रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी की चपेट में आया युवक, मौत

बैशौली गांव के सामने हुआ हादसा, दखनाई का निवासी था

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

अमृत विचार। डीएफसी रेलवे लाइन पर सोमवार दोपहर को एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना बैशौली गांव के सामने हुई, जहां युवक रेल लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी तत्काल मृत्यु हो गई।

तेज प्रताप सिंह।

मृतक की पहचान दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम दखनाई निवासी तेज प्रताप (19) पुत्र कोमल सिंह के रूप में हुई है। वह अपनी बहन प्रीति के घर बैशौली अड्डा गांव आया हुआ था। सोमवार दोपहर करीब 12:54 बजे वह डीएफसी रेलवे लाइन पार करते समय खंभा संख्या 589/31 के पास अप लाइन पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। घटना के बाद लोको पायलट ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी और न्यू अछल्दा स्टेशन अधीक्षक व कंट्रोल रूम को सूचना दी। स्टेशन अधीक्षक ने आरपीएफ और सिविल पुलिस को मामले से अवगत कराया। मृतक के भाई अनिल के अनुसार, तेज प्रताप कुछ दिन पहले ही बहन के घर आया था। घटना से पहले उसने फोन पर जल्द घर लौटने की बात कही थी। इसी दौरान ग्रामीणों से सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर एक युवक कट गया है। मौके पर पहुंचकर अनिल ने शव की पहचान अपने भाई के रूप में की। लोको पायलट द्वारा इंजन की जांच के बाद मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। थाना उपनिरीक्षक राम प्रकाश ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

तेज हवा से गिरी दीवार, दादी-नातिन की इलाज के दौरान चली गई जान

- **ऐरवाकटरा।** छिबरामऊ मार्ग पर तेज हवा के चलते सोमवार सुबह निर्माणाधीन दीवार गिरने से 55 वर्षीय कमलेश कुमारी पत्नी स्व. जवर सिंह व उनकी नातिन 9 वर्षीय कुमारी अंशिका गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने मिनी पीजीआई सैफई भेज दिया। वहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

दो वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

बेला, औरैया। बेला थाना पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग मामलों में वांछित दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी बिधूना के पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया जा रहा है।पुलिस टीम ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में अभियुक्त खुशनूर उर्फ इस्लाम खां (29) निवासी दुर्वा थाना बेला को उसके घर के दरवाजे से सुबह करीब 8:45 बजे गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने अवधेश कुमार निवासी याकूबपुर, थाना बेला को भी उसके घर से सुबह करीब 8:50 बजे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कन्नौज द्वारा जारी वारंट के आधार पर की गई। दोनों अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां आगे की विधिक कार्रवाई की गई। प्रभारी थानाध्यक्ष अनिलेश कुमार ने बताया कि वांछितों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

भीषण आग से मचा हड़कंप, भूसा जला

- कुदरकोट के थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव का मामला

संवाददाता, कुदरकोट

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम नंदपुर में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के भूसे में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास रखे भारी मात्रा में भूसे को अपनी चपेट में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, यह भूसा हाल ही में कॉम्बाइन मशीन से कटे गेहूं की फसल का था, जिसे किसानों ने खेतों में एकत्र कर रखा था। आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई देने लगा, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने भी तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने में पूरा सहयोग किया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक लगभग 300 बीघा गेहूं का भूसा जलकर राख हो चुका था, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस अग्निकांड में गांव के कई किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। प्रभावित किसानों में बांकेलाल पुत्र गेंदालाल, अनिल कुमार पुत्र तिलक सिंह, शिशुपाल पुत्र हब्बीलाल, दुर्विजय पुत्र खुशीलाल और नीलम पत्नी सुदेश कुमार सहित अन्य शामिल हैं। विशेष रूप से किसान अनिल कुमार का समर के पाइप भी आग की चपेट में आकर जल गए, जिससे उनकी सिंचाई व्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना तत्काल क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है, ताकि नुकसान का आकलन कर आवश्यक राहत कार्यवाही की जा सके। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

गृह क्लेश के चलते मजदूर ने पीया जहरीला पदार्थ, गई जान

फफूंद। थाना क्षेत्र के एक गांव में शराब पीकर आये मजदूर के घर पर गृह कलह हो गया। जिस पर उसने कीटनाशक पी लिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। गांव शिवूपुर निवासी 45 वर्षीय महावीर राजपूत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार की रात महावीर घर पर शराब पीकर आया जिसको लेकर घर मे गृह कलह हो गया। जिसपर वह खेतों पर गया और वहां रखी कीटनाशक पीली जिससे उसकी हालत बिग गई। खोजते हुए पहुंचे परिजनों के देखने पर वह एंबुलेंस की मदद से सीएचसी दिबियापुर लेकर गये। जहां से डॉक्टरों ने उसे आयुर्वेदिक चिकित्सालय चिचोली के लिए रिफर कर दिया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के तीन पुत्र रंजीत, मंजीत, संजीत है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कारण स्पष्ट हो पायेगा।

विस में गूंजी औरैया की इच्छा सिंह की आवाज

औरैया। विस जैसे प्रतिष्ठित मंच पर भाषण देने का अवसर पाकर औरैया की युवा प्रतिनिधि इच्छा सिंह ने जनपद का नाम रोशन किया है।

अपने इस अनुभव को उन्होंने जीवन के सबसे गर्व पूर्ण और प्रेरणादायक क्षणों में से एक बताया। इच्छा ने कहा कि जब वह मंच पर खड़ी थीं, तब उनके मन में उत्साह, जिम्मेदारी और देश के प्रति गहरा समर्पण एक साथ उमड़ रहा था। उनके लिए यह केवल एक अवसर नहीं, बल्कि देश के युवाओं की आवाज को सामने रखने की बड़ी जिम्मेदारी थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह मंच युवाओं को यह विश्वास दिलाता है कि वे भी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उनके शब्द केवल उनके अपने नहीं थे, बल्कि उन सभी युवाओं के थे, जो एक विकसित भारत का सपना देखते हैं। इच्छा सिंह ने इस अवसर के लिए देश के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की पहल युवाओं को आगे बढ़ने और देश के लिए कुछ बड़ा करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा में अपने विचार रखना उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक ले गया है और यह अनुभव उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा।

विस में अपनी बात रखती बालिका।

कराटे खिलाड़ियों ने लहराया परचम

संवाददाता, अछल्दा

अमृत विचार। कस्बे की एसएस कराटे अकादमी के खिलाड़ियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। अभिषेक, रिशू, देव वर्धन और मनीष ने अखिल भारतीय ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की।

यह प्रतियोगिता कराटे वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में 2 व 3 मई को गाजियाबाद स्थित जिंदल पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई, जिसमें देशभर से करीब 750 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में लक्ष्य भदौरिया ने रजत पदक, जबकि अर्णव चौधरी और आदित्य वर्धन ने कांस्य पदक अपने नाम किए। इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन पहले भी नोएडा, ग्वालियर और कानपुर में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट रहा है। कार्यक्रम में कल्कि धाम के पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम, गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा और पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में खेल और शारीरिक गतिविधियां बेहद जरूरी हैं, क्योंकि तकनीक के बढ़ते प्रभाव से लोग मोबाइल तक सीमित होते जा रहे हैं। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टीम कोच श्रीवत्स दीक्षित और संध्या दीक्षित को उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए ट्रॉफी और शील्ड प्रदान की गई।

ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

शराब पिलाकर युवक से मारपीट बेहोशी हालत में छोड़कर भागे

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव पूर्वा सती में रविवार देर रात एक युवक के साथ मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। गांव निवासी सुभाष (30) पुत्र श्याम सिंह राजपूत भागवत कथा के भंडारे से लौटकर अपने दरवाजे पर बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही रविन्द्र कुमार उसे अपने घर ले गया, जहां उसे जबरन शराब और गांजा पिलाया गया।

इसके बाद आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए सुभाष के साथ मारपीट की और उसे गांव के बाहर खेत में बेहोशी की हालत में फेंककर फरार हो गया। उधर, देर रात तक सुभाष के घर न लौटने पर उसकी पत्नी ज्योति ने ग्रामीणों को सूचना दी। परिजनों और ग्रामीणों ने पूरी रात युवक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह करीब 4 बजे पत्नी जब खेतों की ओर पहुंची तो सुभाष बेहोशी की हालत में पड़ा मिला।

तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है और न ही कोई तहरीर मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल में भर्ती युवक। अमृत विचार

कार्यक्रम | धूमधाम से निकाली शोभायात्रा, जमकर झूमे श्रद्धालु

आनंदेश्वर की प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

संवाददाता, फफूंद

अमृत विचार। कस्बा स्थित एक्सिस पब्लिक स्कूल के परिसर में नवनिर्मित श्री आनंदेश्वर धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व, शिव परिवार, देवी महाकाली व हनुमान जी की मूर्ति को पूरे गाजे-बाजे के साथ नगर में भ्रमण कराया गया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं और श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया गया। इस समारोह के लिए विद्यालय परिसर में तीन दिन पहले से ही तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। वेद मंत्रों और विधि-विधान के साथ विद्यालय परिसर में बने मंदिर श्री आनंदेश्वर धाम में शिव परिवार के साथ देवी महाकाली व राम भक्त हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। अनुष्ठान के बाद कन्या भोजन व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में परीक्षित के रूप में उपस्थित विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार दीक्षित ने प्राण प्रतिष्ठा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदू धर्म में यह एक अत्यंत पवित्र अनुष्ठान है। इसमें मूर्ति में देवता का आह्वान कर उसे दिव्य स्वरूप प्रदान किया जाता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ''प्राण'' का अर्थ जीवन और ''प्रतिष्ठा'' का अर्थ स्थापना होता है, जिसका तात्पर्य मूर्ति में जीवन शक्ति का संचार करना है। प्राण प्रतिष्ठा आचार्य पंडित प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिमा को देव स्वरूप माना जाता है, जो भक्तों की प्रार्थनाएं स्वीकार कर आशीर्वाद देती है। इस दौरान मंत्रोच्चार, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह, पूजा पोरवाल, राधा के साथ साथ समस्त नगरवासी उपस्थित रहे।

नृत्य करतीं महिलाएं। अमृत विचार

रामलीला में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बेला। थाना क्षेत्र के गैली गांव स्थित प्राचीन नरसिंह मंदिर परिसर में रविवार रात करीब 10 बजे भव्य रामलीला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र बाबू मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।रामलीला की शुरुआत रमाकांत त्रिवेदी, रवि पाल, दीपू राजावत, घनश्याम यादव, दिव्यांश मिश्रा एवं राजेंद्र बाबू मिश्रा द्वारा भगवान राम और लक्ष्मण की आरती उतारकर की गई। इसके बाद मंचन प्रारंभ हुआ, जिसमें कलाकारों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य क्षेत्र में भक्ति भावना को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम स्थल पर मेले का भी आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। पूरे आयोजन में स्थानीय समुदाय का सराहनीय सहयोग देखने को मिला, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्ति और उल्लास के साथ रामलीला का आनंद लिया।

कार्यालय नगर पंचायत इकदिल, इटावा

पत्रांक: 101/नं0पं0 इकादिल/2026–27 दिनांक 04–05–2026

कार्यालय ज्ञाप

एतद् द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि WPIL संख्या 1244/2025, धर्मेन्द्र यादव बनाम राज्य व अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ के आदेश दिनांक 24.02.2026 के अनुपालन में प्रमुख सचिव महोदय, उ0प्र0 नगर विकास विभाग के पत्र संख्या–1/13062160026– Comp- No- 2032315 नगर विकास अनुभाग–7 दिनांक 23.04.2026 में दिये गये निदेर्शो के अनुसार उ0प्र0 पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनियम और नियंत्रण) नियमावली, 2005 एवं उ0प्र0 पार्क, खेल का मैदान और खुली जगहें (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट, 1975 में निहित व्यवस्थानुसार पार्क प्ले ग्राउंड्स के सर्वे और धारा–3 के अंतर्गत लिस्टिंग की कार्यवाही करते हुए नगर पंचायत द्वारा नगर पंचायत इकदिल की सीमान्तर्गत नगर पंचायत को नियंन्त्रण में आने वाले पार्को, खेल के मैदानों एवं खुली जगह की सूची तैयार की गई है. जिसके अनुसार नगर पंचायत इकदिल, इटावा की सीमान्तर्गत कोई खुली जगह नहीं है। तथा पंचायत सीमान्तर्गत आने वाले खेल के मैदान व खुली जगह की सूची नीचे दर्शायी गई है। उक्त से सम्बन्धित नियमावती की धारा 5(1) नियम 4 के अधीन प्रकाशित कराया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य को कोई आपत्ति/सुझाव है तो यह व्यक्ति प्रकाशित होने के 3 माह के अन्दर अपनी लिखित व साक्ष्य सहित आपत्ति / सुझाव नगर पंचायत इकदिल में दर्ज करा सकता है। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आपत्ति / सुझाव पर अपना स्थाई पता व नाम अवश्य अंकित करें।

पार्को, खेल के मैदानों एवं खुली जगहों की सूची

क0 सं0	खुली जगह का नाम व गटा सं0	अवस्थिति	क्षेत्रफल/आकार (हेक्टेयर में)	विस्तृत अभ्युक्ति
1	बौद्ध पार्क –431	पार्क	0.160	उक्त जगह पर बौद्ध पार्क बना हुआ है, मोहल्ला कछियॉत।
2	काली मन्दिर के सामने खेल का मैदान– 329	खेल का मैदान	0.162	उक्त जगह पर खेल का मैदान बना हुआ है, मोहल्ला कछियॉत।

लिपिक नगर पंचायत इकदिल इटावा | **अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत इकदिल इटावा | **अध्यक्ष** नगर पंचायत इकदिल इटावा

न्यूज ब्रीफ

गर्मी के चलते न्यायालयों का समय हुआ परिवर्तित

हमीरपुर। बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने न्यायालयों के समय में आंशिक परिवर्तन किया है। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की ओर से जारी आदेश पर एक मई से 30 जून तक समस्त राजस्व एवं फौजदारी न्यायालय प्रात: सात से अपराह्न एक बजे तक संचालित होंगे। न्यायालयों में मध्यावकाश का समय 10 :30 से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं जनपद के सभी शासकीय कार्यालयों, कोषागार / उपकोषागार एवं सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों का समय पूर्ववत प्रात: 10 से सायं पांच बजे तक ही रहेगा।

मधुमक्खियों से हमले से युवक घायल

मौदहा। बाइक से मौदहा आ रहे युवक पर चकदहा के पास मधुमक्खियों ने हमलाकर दिया। इस घटना में युवक के घायल होने पर ग्रामीणों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मुस्करा निवासी नजरवेग (26) पुत्र अनवर वेग सोमवार दोपहर गांव से बाइक पर सवार होकर मौदहा आ रहा था। रास्ते में चकदहा गांव के पास मधुमक्खियों के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार है।

बाइक के सामने बकरी आने से गिरे सवार, तीन जख्मी

मौदहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घटकना निवासी शिरोमणि सिंह (45) अपनी पत्नी रोशनी (45) और दो वर्षीय बेटे ऋषि सिंह के साथ बाइक से मौदहा आ रहे थे तभी सिजनौडा के निकट बाइक के सामने बकरी आ जाने से बाइक असंतुलित होकर गिर गई जिससे तीनो लोग घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए मौदहा के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर तीनो घायलों का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल तीनों को गंभीर चोंटें बताईं जा रही हैं।

घर में घुसकर मारपीट दंपति पर मुकदमा

मौदहा। बिंवार थानाक्षेत्र के ग्राम निवादा निवासी कमलेश कुमार ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती रात करीब साढे नौ बजे विनीता पत्नी सुरेश चंद्र और सुरेशचंद्र लाठी डण्डा लेकर उसके घर में घुस आए और जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। पीड़ित ने बताया कि शोर शराबा सुनकर उसका भाई बचाने आया तो उसे भी धमकी देते हुए चले गए। बताया कि उनके द्वारा की गई मारपीट में उसके शरीर मैं गंभीर चोटें आईं हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जेल से आने के बाद आरोपी फिर से दे रहा धमकी

मौदहा (हमीरपुर)। युवती के अपहरण मामले में दो साल बाद जेल से बाहर आया आरोपी फिर से युवती के अपहरण की धमकी दे रहा है। जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी गुरुदयाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि दो साल पहले मुस्करा थानाक्षेत्र के इमिलिया निवासी धीरेन्द्र उसकी बहन को बहला फुसला कर भगा ले गया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया था लेकिन दो साल बाद जेल से छूटकर आया धीरेन्द्र उन्हें फोन पर जान से मारने और काजल को दोबारा भगा ले जाने की धमकी दे रहा है जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गृहकलह से तंग युवक ने पीया जहरीला पदार्थ ,बिगड़ी हालत

मौदहा। गृहकलह से तंग युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या की कोशिश की। घर में तड़पता देख परिजनों ने गम्भीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसका इलाज जारी है। सिसोलर गांव निवासी अखिलेश (36) पुत्र रामखिलावन को सुबह 9 बजे घर में किसी बात को लेकर पिता ने डांट दिया। जिससे नाराज होकर वह घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया और तड़पते हुए कहा डाई पी ली है। वह मर जाएगा। अखिलेश को तड़पता देख परिजनों ने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद बताया कि अब यह खतरे से बाहर है जल्द ही स्वस्थ हो जायेगा।

एक साल में ही ध्वस्त हो गई सीसी रोड व नाली

किसान नेता ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की

संवाददाता, सुमेरपुर हमीरपुर

अमृत विचार। वार्ड संख्या दो में हाईवे से इमिलिया थोक को जोड़ने के लिए एक वर्ष पूर्व बनाया गया सीसी मार्ग एवं नाली घटिया निर्माण के चलते ध्वस्त हो गया। इससे एक किसान नेता के प्लांट में बस्ती का पानी एकत्र हो रहा है। किसान नेता ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है।

भाकियू नेता संतोष सिंह ने बताया कि उनका प्लाट वार्ड संख्या दो में श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बगल में है। इंटर कॉलेज की बाउंड्रीवाल एवं उनके प्लाट की बाउंड्रीवाल के मध्य एक वर्ष पूर्व नगर पंचायत ने इमलिया थोक जाने के लिए सीसी मार्ग एवं नाली का निर्माण कराया था। घटिया निर्माण के चलते सीसी के साथ नाली ध्वस्त गई है और बस्ती का पानी उनके प्लांट में भरने से उसकी बाउंड्रीवाल ध्वस्त हो गई है,जिससे प्लाट तालाब बन गया है। किसान नेता ने उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत करके कार्यवाही की मांग की है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं। जांच कराई जा रही है। घटिया निर्माण होने पर संबधित ठेकेदार से वसूली कर ध्वस्त निर्माण को पुनः कार्य कराया जाएगा।

ध्वस्त पड़ी सीसी सड़क व नाली। अमृत विचार

सड़क निर्माण संबंधी ज्ञापन देने आए ग्रामीण। अमृत विचार

सड़क निर्माण शुरू कराने की लगाई गुहार

हमीरपुर। ग्रामीणों ने 700 मीटर लंबी स्वीकृत सड़क का निर्माण शुरू कराने की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण में देरी होने से विभिन्न समस्याएं बता जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कुरारा विकासखंड के ग्राम सिकरोढ़ी निवासी दिनेश कुमार रामकिशुन, रोहित, रामकरन, उदयभान, रामबाबू, सुदामा, रमाकांत, अंशू आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि करीब दो माह पूर्व समसिन से काली माई डेरा तक करीब 700 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण पीडब्लूडी विभाग ने अभी तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने लंबे समय से लंबित इस कार्य के कारण होने वाली असुविधा और यातायात की समस्याओं का हवाला दिया है। उन्होंने बरसात के समय स्कूल जाते समय छोटे-2 बच्चों को गिरते पड़ते जाते हुए साथ ही उनकी ड्रेसे व कापी-किताबें इत्यादि खराब हो जाने का भी हवाला दिया है। उन्होंने बरसात से पहले इस सड़क का निमाण करवाने की मांग की है।

हादसे में मरे युवकों के परिजनों को बंधाया ढांढस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- विधायक से की नमामि गंगे परियोजना से खारा पानी सप्लाई होने की शिकायत

अमृत विचार। पिछले दिनों हादसे में दूल्हे के भाई सहित चार लोगों की मौत के साथ तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसको लेकर सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति पीड़ित परिवारों से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने सरकार से अनुमन्य राहत धनराशि तीन दिन में दिलाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने नमामि गंगे परियोजना से मानकविहीन खारा पानी उपलब्ध कराने की शिकायत की।

थाना कुरारा के डामर गांव से पिछले दिनों करन कुशवाहा के पुत्र रमाकांत की बारात महोबा जनपद के कबरई थानाक्षेत्र के खजुरिया पहरा गांव गई थी। एक वैन में सवार दूल्हे के छोटा भाई शशिकांत (24) व ओमनी मालिक कमलेश यादव (45) पुत्र कालीचरण सहित चार की मौत हो गई थी, वहीं दूल्हे का चचेरा भाई गंभीर रूप से कमलेश उर्फ बाबूजी (40) सहित दो रिश्तेदारों का इलाज कानपुर में चल रहा है। सदर विधायक पीड़ित परिवारों से मिलने डामर गांव पहुंचे। परिजनों ने उन्हें समस्याएं बताई। वहीं गरीबी का हवाला देते हुए इलाज में आ रही दिक्कतें बताईं। विधायक ने अधिकारियों से बात कर कहा अगले बुधवार तक सभी को सरकार से मिलने वाली आर्थिक मदद दिला दी जाएगी। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने गांव में संचालित नमामि गंगे परियोजना से पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। बताया गया कि नलकूप की बोरिंग कर 10 एचपी का मोटर पंप ऊपरी सतह पर बांधने से खारा पानी निकल रहा है। साथ ही ओवरहेड टैंक में दरार आने से पानी नहीं भरा जा रहा है। खारे पानी की सप्लाई भी बमुश्किल 10 मिनट ही मिल रही है।

आखिरकार पुलिस को दर्ज करना पड़ा लूट का मुकदमा

संवाददाता, सुमेरपुर हमीरपुर

- घटना के बाद थाने आए पीड़ित को पुलिस पर भगाने का था आरोप
- अब पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के कर रही प्रयास

अमृत विचार। मुंडेरा के पास हुई लूट की घटना को पुलिस ने भरसक नकारने का प्रयास किया। लेकिन पीड़ित घटना को सही बताते हुए मुकदमा दर्ज करने पर अड़ा रहा। आखिरकार पुलिस को सात लोगों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज करना पड़ा।

सिसोलर थानाक्षेत्र के किसवाही निवासी रोहित कुमार शनिवार रात अपने बच्चे का मुंडन कराने बहन सोमवती, चाची राजेश्वरी सहित अन्य परिजनों और रिश्तेदारों के साथ कार से चित्रकूट जा रहा था। तभी रात करीब 11 बजे मुंडेरा गांव के निकट उसकी कार को रोककर मुंडेरा निवासी रमैया, हरिशंकर, सोनू के दो भाइयों नाम अज्ञात एवं तीन महिलाओं ने जमकर मारपीट की और नकदी व जेवर लूट लिए। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने पीड़ितों को धमकी देते हुए उल्टा मुकदमा दर्ज करने के लिए कहा। इस पर पीड़ित परिजनों के साथ थाने पर आया और घटना से पुलिस को अवगत कराया।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना सुनने के बाद पुलिस ने मदद करने के बजाय उसे थाने से भगा दिया और सुबह दोनों पक्षों को आने के लिए कहा। थाने से मायूस होकर लौटा पीड़ित बच्चे का मुंडन कराने के लिए चित्रकूट चला गया और रविवार को मुंडन कराने के पश्चात वापस गांव आया। बताया कि लूट की घटना की दहशत से बहन सोमवती की तबियत बिगड़ गई, जिसको मौदहा सीएचसी में भर्ती कराना पड़ा। पीड़ित ने मुंडेरा गांव निवासी रमैया, हरीशंकर, सोनू के दो भाई नाम अज्ञात व तीन महिलाओं के खिलाफ 30 हजार नकदी एवं वह बहन सोमवती के हार व मंगलसूत्र लूटने का आरोप लगाया।

पुलिस ने इस घटना को पहले वाद विवाद व मारपीट तक होने की बात कहता रहा। लेकिन पीड़ित घटना को सत्य बताकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने पर अड़ा रहा। इस पर पुलिस को बीएनएस की धारा 310 (2) में मुकदमा दर्ज करना पड़ा। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश डाली जा रही है।

रंजिश में दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

राठ हमीरपुर। सरसई रोड पर बजरंगबली मंदिर के पास रंजिश के चलते चार व्यक्तियों ने बड़ा गांव से कस्बा आ रहे तीन लोगों को लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया।

बड़ा गांव निवासी गंगादीन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह अपने भाई अमरचंद और पुत्र रामभुवन के साथ कस्बा आ रहा था। तभी सरसई रोड पर बजरंगबली मंदिर के पास पहले से बैठे उसके परिवार के पंचमलाल, प्रमोद, रामनरेश और मंगल ने उनपर लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। बताया कि हमले से उसे उसके भाई अमरचंद और उसके पुत्र रामभुवन को चोटें आई हैं। वहीं गंगादीन की तहरीर पर चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भागवती और विद्या ने भी उसके पिता को गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगा कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जीत का जश्न मनाते भाजपाई अमृत विचार

भाजपाइयों ने जमकर बांटी मिठाई

संवाददाता, राठ हमीरपुर

- तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत से उत्साहित दिखे भाजपाई

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव पर भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार मिलने पर स्थानीय भाजपाइयों ने नगर के शारदा पैलेस से जुलूस निकालकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान उन्होंने आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई।

भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेंद्र शर्मा गांधी के नेतृत्व में नगर के शारदा पैलेस में पश्चिम बंगाल पुडुचेरी व असम के विधान सभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से अपने कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाते हुए डीजे व भांगड़े की धुनो में कार्यकर्ताओं ने डांस करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया।

इसके साथ ही उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर आतिशबाजी भी की। इस दौरान भाजपा के जिला महामंत्री डॉ उमाकांत राजपूत, मंडल महामंत्री मुकेश गुप्ता व दीपू मुंशी, उपाध्यक्ष अनुज सक्सेना, विकास साहू उर्फ बल्लू, राजदीप पंडित, धनंजय सोनी, बृजभूषण दाऊ, पूर्व सभासद मनीष सोनी, रविंद्र शर्मा, अखिल भारतीय दृढोमर वैश्य समाज की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष वसीम वेग, नीसू शर्मा सहित लगभग एक सैकड़ा वाजपेयी मौजूद रहे।

बाइक सवार को बचाने में ट्रैक्टर ट्राली पोल से टकराई

संवाददाता, सुमेरपुर हमीरपुर

अमृत विचार। धुंधुपुर से ट्रैक्टर ट्राली में अनाज लादकर कस्बे की गल्ला मंडी आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर हाईटेंशन लाइन के खंभे से टकरा गया। घटना के समय आपूर्ति ठप थी। इस वजह से बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में विद्युत विभाग को करीब 20 हजार रुपये की क्षति हुई है।

धुंधुपुर निवासी भीखू निषाद ट्रैक्टर ट्राली में अनाज लादकर कस्बे की गल्ला मंडी में बेचने आ रहा था। सुबह करीब 11 बजे बिरखेरा गांव के समीप बाइक सवार को बचाने में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे लगे हाईटेंशन लाइन के विद्युत पोल से टकरा गया। इससे विद्युत पोल टूटकर ट्रैक्टर ट्राली के मध्य जा गिरा। गनीमत यह रही की हादसे के वक्त आपूर्ति ठप थी। इस वजह से हादसा टल गया। पारा रैपुरा सब स्टेशन के अवर अभियंता सचिन कुमार ने बताया कि हादसे के कारण विभाग को 20 हजार की क्षति हुई है। इस घटना से मौहर, अतरैया, धुंधपुर, कैथी के अलावा अन्य मजरो की आपूर्ति बाधित हुई है।

ट्रैक्टर के ऊपर रखा पोल।

किसानों को ई-लॉटरी से मिलेगा खरीफ का अनुदानित बीज

हमीरपुर। कृषि विभाग ने खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए बीज वितरण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब "पहले आओ-पहले पाओ" की व्यवस्था के स्थान पर ई-लॉटरी प्रणाली लागू की है। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण एवं बुकिंग कराने के लिए 10 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उप कृषि निदेशक डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि किसानों को ई-लॉटरी के माध्यम से अनुदानित सामान्य बीज एवं मिनीकिट बीज वितरित किए जाएंगे। बताया विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत धान, ज्वार, बाजरा, तिलहन एवं दलहनी फसलों के बीजों का वितरण किया जाएगा। किसान कृषि विभाग की वेबसाइट https://agriculture.up.gov.in पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। कहा ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया पिछले 22 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। जिसकी अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन आने पर लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी से होगा।

90 लाख से हो रहा धुपकली तालाब का सुंदरीकरण

संवाददाता, राठ हमीरपुर

अमृत विचार। महोबा रोड स्थित धुपकली तालाब का 90 लाख रुपये से सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। पार्क का सुंदरीकरण होने से नगर के लोगों को मनोरंजन के लिए एक नया स्थान मिल जायेगा।

नगर में कुछ जगह ही लोगों के मनोरंजन व खानपान की एक साथ व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कराई गई है। जिसमें नगर का सागर दर्शन पार्क प्रमुख है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आकर सुबह टहलने व व्यायाम करने के अलावा वहां की सुंदरता व कैंटीन में खानपान का आनंद लेते हैं। लेकिन उक्त जगह नगर की एक किनारे में होने के कारण पठानपुरा, मुगलपुरा व सिकंदरपुरा इत्यादि मोहल्ले की लोग ही इसका फायदा उठा पाते हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने नगर के महोबा रोड स्थित धुपकली तालाब का सुंदरीकरण कार्य प्रारंभ कराना शुरू किया है। जिसमें नगर के अतरौलिया, गुलाब नगर, लुधियातपुरा सहित आधा दर्जन मोहल्ले के लोग आसानी से वहां आ जा सकेंगे। अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि तालाब में लोगों के टहलने के लिए पथवे, बैठने के लिए बेंच, चारों तरफ ग्रीन, फुलवारी, फव्वारा व स्ट्रीट फ्रूट हब बनाया जाएगा। जिससे लोग यहां आकर मनोरंजन के साथ-साथ खान-पान का भी आनंद ले सकेंगे।

सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण करते पालिका के अधिशासी अधिकारी व सभासद अमृत विचार

छत्रपाल बुंदेला के शौर्य को किया याद

सुमेरपुर हमीरपुर। देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डॉ भवानीदीन ने मध्यकाल के महान सूरमा छत्रसाल बुंदेला की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

महाराज छत्रसाल की देश के प्रति भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है, ये सही मायने में बुन्देलखंड केसरी थे, साथ ही बुन्देलखंड के संस्थापक भी थे, इनका जन्म चार मई 1649 को टीकमगढ़ के मोर पहाड़ी में चम्पतराय और लालकुंवरि के घर हुआ था। 12 वर्ष में इनके ऊपर से माता पिता की छाया हट गई थी। इन्होंने अपने जीवन काल में 52 युद्ध जीते। मुगल शासक औरंगजेब को हराया था, इनकी राजधानी पन्ना थी, इनके राज्य का विस्तार काफ़ी था, कालांतर में इनका 20 दिसंबर 1731 को निधन हो गया। कार्यक्रम में सिद्धा, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, रिचा, दयाराम सोनकर, पंकज सिंह, भोलू सिंह, बाबूलाल, प्रेम, सागर, सतेन्द्र रहे।

सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावी हुए सम्मानित

संवाददाता, बिवांर हमीरपुर

अमृत विचार। श्रीकृष्ण राज मंदिर इण्टर कॉलेज छानी में बोर्ड परीक्षा में परचम लहराने वाले मेधावियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह की शुरुआत प्रबंधक विलास शिवहरे ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। प्रधानाचार्य आदर्श व्यास ने परीक्षा परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा फल शानदार रहा है। बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र अभिनेष प्रजापति (92.66),कौशल यादव (88.16) और छात्रा अंजली शिवहरे (85.2) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मेधावियों को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षकों ने बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासित पढ़ाई और दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी है। सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खिले नजर आए। टॉपर अभिनेष प्रजापति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने अन्य छात्रों को भी नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ, अभिभावक और अन्य छात्र मौजूद रहे।

- पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे, मेधावियों ने सफलता का श्रेय गुरुजनों को दिया

मेडल और शील्ड के साथ मौजूद मेधावी छात्र। अमृत विचार

जनगणना-2027 | जिलाधिकारी ने जारी किया डे-वार एक्शन प्लान

21 तक स्वगणना, 22 मई से घर-घर सर्वे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं गणना) के अंतर्गत जनपद में 7 मई से 21 मई तक स्वगणना अभियान संचालित किया जाएगा। जबकि 22 मई से 20 जून तक घर-घर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देश पर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत डे-वार कार्य योजना तैयार कर सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्वगणना एक डिजिटल एवं आधुनिक पहल है। जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल (se.census.gov.in) अथवा क्यूआर कोड के जरिए अपने मकान एवं परिवार से संबंधित विवरण दर्ज कर सकते हैं। फॉर्म पूर्ण करने के उपरांत 11 अंकों की स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है, ताकि प्रगणक द्वारा सत्यापन के समय इसका उपयोग किया जा सके। यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करती है, बल्कि आंकड़ों की शुद्धता एवं पारदर्शिता भी सुनिश्चित करती है।

जिलाधिकारी की ओर से जारी डे-वार प्लान के अनुसार अभियान को विभिन्न वर्गों एवं संस्थानों के माध्यम से व्यापक रूप से संचालित किया जाएगा। 7 मई को राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों/जनप्रतिनिधियों, 8 मई को स्थानीय निकाय एवं ग्रामीण विकास संस्थाओं, 9 मई को युवा, खेल एवं मीडिया संस्थानों, 10 मई को शहरी क्षेत्रों एवं आवासीय समूहों, 11 मई को न्यायिक संस्थानों, 12 मई को पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों, 13 मई को केन्द्रीय कार्यालयों एवं वित्तीय संस्थानों, 14 मई को शिक्षा संस्थानों, 15 मई को स्वास्थ्य विभाग, 16 मई को उद्योग एवं परिवहन क्षेत्र, 17 मई को महिला एवं स्वयं सहायता समूह, 18 मई को विशेष आवश्यकता वर्ग के लिए डिजिटल सहायता केंद्र, 19 मई को वर्क-फ्रॉम-होम/ऑनलाइन कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा 20 मई को विशेष वर्गों के माध्यम से स्वगणना को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 मई से प्रारंभ होने वाले घर-घर सर्वेक्षण में गणनाकर्मी प्रत्येक मकान पर जाकर विवरण एकत्र करेंगे। इस दौरान पूरे अभियान की निगरानी, नियमित समीक्षा तथा आवश्यकतानुसार त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस कार्ययोजना का गंभीरता से अध्ययन करते हुए अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक नागरिकों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस अभियान को जनपद में सफल बनाएं।

दुखी मत हो, तुम जो भी खोते हो, वह किसी और रूप में वापस आ जाता है।
–रूमी, सूफी

परिवर्तन की नई बयार

पश्चिम बंगाल की राजनीतिक उर्वर भूमि ने एक बार फिर इतिहास रचा है। चुनाव परिणामों ने न केवल सत्ता का केंद्र बदल दिया है, बल्कि पिछले डेढ़ दशक से चले आ रहे एकक्षत्र राजनीतिक विमर्श पर भी विराम लगा दिया है। पिछले 15 वर्षों से सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के अभेद्य दुर्ग में 'कमल' का यह उदय भारतीय लोकतंत्र की उस अंतर्निहित शक्ति का प्रमाण है, जहां जनता की खामोशी बड़े-बड़े किलों को ढहाने का माद्दा रखती है। किसी भी लोकतंत्र में 15 साल का समय एक लंबा कालखंड होता है।

टीएमसी के शासनकाल के शुरुआती वर्षों में जो परिवर्तन' का उत्साह था, वह धीरे-धीरे 'सत्ता विरोधी लहर में तब्दील होता गया। संदेशखाली जैसी घटनाओं ने महिला सुरक्षा के दावों पर सवाल खड़े किए, तो वहीं शिक्षक भर्ती घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के मामलों ने राज्य के शिक्षित युवाओं और मध्यम वर्ग के भरोसे को हिलाकर रख दिया। भाजपा ने इन जख्मों को पहचानकर अपनी चुनावी रणनीति बुनी और भ्रष्टाचार मुक्त बंगाल के नारे को सीधे जन-जन तक पहुंचाया। इस जनादेश का एक महत्वपूर्ण पहलू मतों का ध्रुवीकरण और सामाजिक समीकरणों का बदलाव है। बंगाल की राजनीति पारंपरिक रूप से पहचान और अस्मिता के इर्द-गिर्द घूमती रही है। टीएमसी का मजबूत आधार माना जाने वाला मुस्लिम मतदाता वर्ग इस बार कुछ क्षेत्रों में बिखरे हुए नजर आए, वहीं दूसरी ओर मतुआ समुदाय और आदिवासी बेल्ट में भाजपा की पकड़ और अधिक मजबूत हुई। यह इस बात का संकेत है कि मतदाता अब केवल लोकलुभावन योजनाओं के सहारे नहीं, बल्कि स्थायी बुनियादी ढांचे और रोजगार के ठोस अवसरों की तलाश में हैं। बंगाल की राजनीति का एक काला पक्ष हमेशा चुनावी हिंसा रहा है। इस बार के चुनावों में भी हिंसा की खबरें सुर्खियों में रहीं, लेकिन जनता ने भारी मतदान के जरिए यह संदेश दे दिया कि वे भयमुक्त वातावरण चाहते हैं। ममता बनर्जी की हार के पीछे एक बड़ा कारण उनके कैडरों पर लगे दबंगई के आरोप भी रहे। भाजपा के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती इस राजनीतिक हिंसा के चक्र को तोड़कर एक शांतिपूर्ण शासन व्यवस्था स्थापित करना होगा। 15 साल बाद सत्ता में आए इस बदलाव को संभालना नई सरकार के लिए आसान नहीं होगा। बंगाल पर चढ़ा भारी कर्ज, औद्योगिक पिछड़ापन और केंद्र के साथ राज्य के रिश्तों को पटरी पर लाना प्राथमिकता होगी।

ममता बनर्जी ने विपक्ष में रहकर जिस आक्रामकता की राजनीति की है, वही आक्रामकता अब वे एक सशक्त विपक्षी नेता के तौर पर सदन में दिखाएंगी। ऐसे में नई सत्ता को सुशासन की कसौटी पर खुद को हर दिन साबित करना होगा। जनादेश से स्पष्ट है बंगाल विकास की एक नई पटकथा लिखना चाहता है। यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि उस आम बंगाली मानस की है, जिसने बदलाव के लिए अपना मत दिया। सत्ता का यह हस्तांतरण केवल कुर्सियों का बदलाव नहीं होना चाहिए, बल्कि यह बंगाल के गौरव और आर्थिक पुनरुद्धार की नई शुरुआत होनी चाहिए।

प्रसंगवश

रिश्तों के ताने-बाने में पनपती विकृतियां

हाल ही में कानपुर में एक पिता ने अपनी 11 साल की दो मासूम जुड़वां बेटियों की निर्मम हत्या कर दी। कारण चाहे जो भी हो, लेकिन समाज में पनपती विकृतियां अब आपसी रिश्तों पर भी हावी होती प्रतीत हो रही हैं। यह बर्बादी की एक नई कहानी है, जो अब धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है। ये अपने-आप में पहली घटना नहीं है, बल्कि ऐसे सैकड़ों मामले दरकते रिश्तों की अपनी दास्तां बयान करते हैं। जिन रिश्तों और संबंधों को किसी समय प्रेम, विश्वास और सुरक्षा से बांधा जाता था, वही अब स्वार्थपरक अनैतिक आचरण में लिप्त हो, कलयुग कहे जाने वाले समय की कालिख बनने का काम कर रहे हैं। यह हमें सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि आखिर ये समाज कहा जा रहा है और हम कहां जा रहे हैं?

डॉ. मोनिका शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

कानपुर घटनाक्रम में हत्या के पीछे तनाव और नशे को जांच का आधार बनाया गया है, लेकिन देश का कोई भी कोना ऐसे मामलों से शायद ही अब अछूता हो। इससे पहले दिल्ली के नोएडा में आरुषि तलवार और गुरुग्राम में राधिका यादव की अपने ही पिता द्वारा जघन्य हत्या जैसे मामले भरोसे के इन रिश्तों की कहानी बयां करते हैं। राजस्थान के अलवर और मेरठ में पत्नी के प्रेमी संग पति की हत्या, लखनऊ में बेटे द्वारा कारोबारी पिता की हत्या कर टुकड़े ड्रम में रखने जैसे दिल दहला देने वाले प्रकरणों ने जनमानस को हिला कर रख दिया है।

असल में अब समाज में रिश्तों का कत्ल एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिनके स्वरूप अलग-अलग देखे जा सकते हैं। जहां आपसी विवाद, प्रॉपर्टी और पैसा, अनैतिक संबंध, अहंकार और भरोसे की कमी के कारण भाई-भाई, बेटे-पिता, पिता-बेटी और पति-पत्नी के रिश्ते तार-तार हो रहे हैं। पिछले सालों में बढ़ने वाला नशे का प्रचलन भी इसका एक बड़ा कारण बन रहा है, जिसमें व्यक्ति अपराध करने से पहले यह नहीं समझ पाता कि सामने सगे-संबंधी हैं या कोई और। ऐसा लगता है जैसे कि रिश्तों का कत्ल करने की होड़ मची हुई है। ऐसा करने में कोई भी रिश्ता किसी भी रिश्ते से पीछे नहीं है।

इस तरह की अनैतिक घटनाएं जैसे सगे-संबंधियों को मार देना या संपत्ति के लिए अपनों की हत्या सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही हैं। अत्यधिक स्वार्थ, लालच और अहंकार के कारण व्यक्ति अपनों के प्रति संवेदनहीन हो रहा है। रिश्तों में प्यार और भरोसे की कमी के कारण वे बोझ बन कर अंततः टूट जाते हैं। आपसी सम्मान और प्रेम में कमी आ रही है, जिससे रिश्तों की परिभाषा बदल रही है और सामाजिक सौहार्द खत्म हो रहा है। परिणाम स्वरूप परिवार तबाह हो रहे हैं और समाज शर्मसार हो रहा है। इस तरह के मामले बताते हैं कि भौतिक सुख-सुविधाओं की चाह में इंसानियत खत्म हो रही है।

देश में हर रोज कहीं न कहीं हो रही इस तरह की घटनाएं बता रही हैं कि परिवार और समाज में सुरक्षा का भाव दिनों-दिन कम हो रहा है। तनाव के चलते रिश्तों में खटास होने से व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। मानवता पर सवाल उठने लगे हैं। प्यार और स्नेह की जगह अब नफरत ले रही है, जो समाज के लिए खतरनाक है। यह आवश्यक है कि हम अपने रिश्तों में आपसी विश्वास, समझ और प्रेम को बहाल करें, ताकि समाज में एक-दूसरे के प्रति सम्मान बना रहे।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

बीजेपी का विस्तार और क्षेत्रीय क्षत्रपों का नया स्वरूप

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

2026 के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में केवल सत्ता परिवर्तन या सत्ता वापसी की घटना मात्र नहीं हैं, बल्कि ये देश की राजनीतिक दिशा और मतदाता के बदलते मनोविज्ञान का एक ऐसा विस्तृत दस्तावेज हैं, जिसने भविष्य की राजनीति के लिए नए प्रतिमान स्थापित कर दिए हैं। इन परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या पारंपरिक वोट बैंक के गणित में उलझने वाला नहीं है, बल्कि वह शासन की जवाबदेही, नेतृत्व की विश्वसनीयता और विकास के ठोस धरातल पर अपना निर्णय सुना रहा है।

पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर दक्षिण के तटीय मैदानों तक फैली इस राजनीतिक हलचल का यदि सूक्ष्म विश्लेषण किया जाए तो यह साफ दिखाई देता है कि 'भगवा' राजनीति का पूर्वी विस्तार अब अपने चरम पर है, जबकि दक्षिण में क्षेत्रीय अस्मिता और नए राजनीतिक विजन के बीच एक दिलचस्प संघर्ष छिड़ गया है। ये चुनाव परिणाम उन तमाम राजनीतिक पंडितों के लिए एक सबक हैं, जो केवल पुराने आंकड़ों के आधार पर भविष्यवाणियां करते थे, क्योंकि इस बार मतदाताओं ने एक ऐसी 'परिवर्तन की आंधी' का सूत्रपात किया है, जिसने कई दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में आए 'महाभूकंप' को देखे बिना 2026 के इस जनादेश की व्याख्या अधूरी है। लगभग डेढ़ दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस का ढहना और भाजपा का 150 सीटों के पार जाना यह दर्शाता है कि बंगाल की जनता 'सिंडिकेट राज' और 'कट मनी' की संस्कृति से ऊब चुकी थी। बंगाल का यह परिणाम केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति है, जहां मतदाताओं ने 'बंगाली अस्मिता' के साथ 'राष्ट्रीय विकास' के समन्वय को स्वीकार किया है।

संदेशखाली जैसी घटनाओं ने शासन के प्रति जो आक्रोश पैदा किया था, वह ईवीएम के माध्यम से ज्वालामुखी की तरह फटा। भाजपा ने यहां जिस प्रकार से हिंदू मतों का ध्रुवीकरण किया और साथ ही मतुआ एवं राजवंशी समुदायों को अपने पक्ष में संगठित किया, उसने टीएमसी के अभेद्य दुर्ग की ईंट से ईंट बजा दी। ग्रामीण बंगाल में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' और 'जल जीवन मिशन' जैसी केंद्रीय योजनाओं ने एक नया 'लाभार्थी वर्ग' तैयार किया, जिसने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की पारदर्शिता को राज्य सरकार की भ्रष्टाचार युक्त मशीनरी से बेहतर पाया। यह चुनाव परिणाम ममता बनर्जी के उस करिश्मे के अंत का भी संकेत है, जो कभी अपराजेय माना जाता था और अब बंगाल की राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां सुशासन और कानून-व्यवस्था ही सत्ता की एकमात्र कसौटी रह गई है।

असम की ओर रुख करें तो यहां की स्थिति बंगाल से बिल्कुल भिन्न, लेकिन उतनी ही प्रभावशाली है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा की 'हैट्रिक' ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब विकास को सांस्कृतिक अस्मिता के साथ जोड़ दिया जाता है, तो वह एक अजेय फॉर्मूला बन जाता है। असम में भाजपा की जीत केवल सत्ता की निरंतरता नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास की पुष्टि है, जो जनता ने सरमा के प्रभावी और साहसी नेतृत्व में दिखाया है। असम का जनादेश संदेश देता है कि यदि नेतृत्व के पास विजन हो और वह जमीनी मुद्दों पर आक्रामक तरीके से कार्य करे तो जनता उसे फिर सेवा का अवसर प्रदान करती है। यहां विपक्ष की बिखरी हुई ताकत और कांग्रेस की वैचारिक शून्यता ने भाजपा की राह को और भी आसान बना दिया।

दक्षिण भारत के राजनीतिक परिदृश्य में तमिलनाडु ने इस बार पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। थलपति विजय के रूप में एक नए राजनीतिक सूर्य का उदय यह बताता है कि तमिलनाडु की जनता अब डीएमके और एआईएडीएमके के दशकों पुराने द्वंद्व से मुक्ति चाहती थी। विजय की पार्टी 'तमिलगा वेत्री कड़गम' द्वारा 100 सीटों का आंकड़ा पार करना एक राजनीतिक चमत्कार है, जिसने एमजीआर के उस दौर की याद ताजा कर दी, जब सिनेमा और राजनीति का संगम सत्ता की चाबी बन गया था। विजय ने खुद को केवल एक फिल्मी सितारे के रूप में नहीं, एक 'संकटमोचक' और 'युवा आइकन' के रूप में पेश किया। उन्होंने गठबंधन की राजनीति को ठेंगा दिखाते हुए 'अकेले शेर' की तरह चुनावी मैदान में उतरने का जो साहस दिखाया, उसने तमिल युवाओं के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया।

केरल का चुनाव परिणाम भी कम दिलचस्प नहीं रहा, जहां 'एक बार इधर, एक बार उधर' की पारंपरिक रीत ने पिनाराई विजयन की तमाम कोशिशों के बावजूद एलडीएफ को सत्ता से बाहर कर दिया। यूडीएफ की प्रचंड वापसी दर्शाती है कि केरल का शिक्षित मतदाता भ्रष्टाचार और राजकोषीय कुप्रबंधन को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं था। विभिन्न घोटालों ने एलडीएफ की साख को जो चोट पहुंचाई, उसकी भरपाई उसकी जनहितैषी योजनाओं से भी नहीं हो सकी। राहुल गांधी की वायनाड में सक्रियता और 'न्याय' जैसी योजनाओं के वादे ने कांग्रेस नीत यूडीएफ के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाया। महत्वपूर्ण बात यह रही कि अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर ईसाइयों और मुस्लिमों के बीच उपजे असंतोष ने सत्ता के संतुलन को पूरी तरह बिगाड़ दिया।

पुडुचेरी जैसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश ने भी यह दिखाया कि राजनीति में स्थिरता और केंद्र के साथ तालमेल का कितना महत्व है। एन रंगासामी की सहज छवि और भाजपा के साथ उनके गठबंधन ने मतदाताओं को यह भरोसा दिलाया कि विकास के लिए केंद्र और स्थानीय सरकार का एक पटरी पर होना जरूरी है। नतीजों ने साबित किया कि छोटे क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपर्क और सामाजिक समीकरण ही हार-जीत की रेखा खींचते हैं। यहां का मतदाता प्रशासनिक गतिरोध के बजाय स्थिरता को अधिक महत्व देता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

2026 के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम देश की राजनीतिक दिशा और मतदाता के बदलते मनोविज्ञान का एक ऐसा विस्तृत दस्तावेज हैं, जिसने भविष्य की राजनीति के लिए नए प्रतिमान स्थापित कर दिए हैं।

आमने

बंगाल और असम में जनादेश को प्रभावित किया गया है। ED, CBI, चुनाव आयोग, पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर चुनाव को प्रभावित किया गया। भारी संख्या में केंद्रीय बल तैनात कर पहली बार इस तरह जनादेश 'चुराया' गया है। चुनाव प्रक्रिया को बीजेपी के पक्ष में मोड़ा गया है।

–दीपक बैज
छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष

सामने

देश की नजर इन चुनाव परिणामों पर है। पश्चिम बंगाल की जनता ने बदलाव का संकेत दिया है। बंगाल में टीएमसी को जनता ने नकार दिया है। असम में कांग्रेस के तमाम प्रयासों के बावजूद बीजेपी सरकार बना रही है। साथ ही पुडुचेरी और तमिलनाडु में भी बीजेपी की स्थिति मजबूत हुई है।

–अरुण साव
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

मौसम का दोष जलवायु परिवर्तन पर मत मढ़ो!

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में मौसम का बदलता मिजाज और बैसाख के महीने में जेठ जैसी तपिश का अहसास होना, अब केवल एक प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि एक गहरे पारिस्थितिक संकट की चेतावनी है। अक्सर भीषण गर्मी और लू के लिए अल नीनो या वैश्विक जलवायु परिवर्तन को दोष देकर हम अपनी जिम्मेदारी से बचते रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह संकट काफी हद तक मानव-निर्मित है। आज हम जिस भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं, वह वैश्विक वायुमंडलीय बदलावों और स्थानीय स्तर पर पर्यावरण के प्रति बरती गई नीतिगत लापरवाही का एक मिला-जुला परिणाम है।

जब हम अपनी विकास योजनाओं के नाम पर हज़ारों हेक्टेयर प्राथमिक जंगलों, पहाड़ियों और जल निकायों को नष्ट करते हैं, तो हम अनजाने में उन प्राकृतिक 'कूलिंग एजेंटों' को खत्म कर देते हैं, जो इस तपिश के खिलाफ हमारी एकमात्र सुरक्षा थे। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां तापमान अब नियमित रूप से 48C के स्तर को छूने लगा है, यह स्पष्ट है कि हमारी विकास की भूख ने धरती के प्राकृतिक थर्मोस्टेट को बिगाड़ दिया है।

इस मानव-निर्मित गर्मी की सबसे प्रत्यक्ष और क्रूर मार उन मजदूरों और सड़क किनारे काम करने वाले श्रमिकों पर पड़ती है, जो इस ढांचे का निर्माण कर रहे हैं। भारत के करोड़ों निर्माण श्रमिक, रेहड़ी-पटरी वाले और गिग-इकोनॉमी के कर्मचारी इस गर्मी को केवल एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि एक शारीरिक हमले के रूप में महसूस करते हैं। आंकड़ों के अनुसार, गर्मी के कारण भारत को 2030 तक अपने कुल कामकाजी घंटों का 5.8% हिस्सा खोना पड़ सकता है, जो लगभग 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर है।

बांदा जैसे शहरों में, कंक्रीट और कोलतार की सड़कें गर्मी को सोखकर रात में भी उसे वापस छोड़ती हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव पैदा होता है और स्थानीय तापमान ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 5C से 7C तक अधिक बना रहता है। नीतिगत स्तर पर मजदूरों के लिए 'छाया का अधिकार' या लू के दौरान काम के घंटों में बदलाव जैसे नियम केवल कागजों तक सीमित हैं, जो हमारे विकास के उस अंधेपन को दर्शाते हैं, जहां श्रम को एक जैविक इकाई के बजाय केवल एक मशीन समझा जाता है।

गर्मी का यह घातक रूप हमारी खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ रहा है। 'थर्मल शॉक' के कारण गेहूं जैसी प्रमुख फसलों के दाने दूध भरने की अवस्था में ही सूख रहे हैं, जिससे पैदावार में 15% से 25% तक की गिरावट दर्ज की जा रही है। मिट्टी की नमी खत्म होने से उपजाऊ जमीन अब मरुस्थल में बदल रही है, फिर भी हमारी नीतियां सूखे क्षेत्रों में अधिक पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा दे रही हैं। इसी तरह, जंगलों के विखंडन और अवैध खनन ने वन्यजीवों के लिए भोजन का संकट पैदा कर दिया है।

छतरपुर और पन्ना टाइगर रिजर्व के आसपास के इलाकों में, खनन के कारण प्राकृतिक जल स्रोत सूख चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप जंगली जानवरों का बस्तियों की ओर आना 40% तक बढ़ गया है। यह केवल मानव-पशु संघर्ष नहीं है, बल्कि उस पारिस्थितिक सुरक्षा चक्र का टूटना है, जो इंसानों और जानवरों को एक साथ सुरक्षित रखता था।

वर्तमान 'हीट एक्शन प्लान' (एचएपी) की सबसे बड़ी विफलता यह है कि वे केवल शहरों में मौतों को रोकने पर केंद्रित हैं, जबकि जमीन, जल और मिट्टी के गिरते स्वास्थ्य की अनदेखी करते हैं। अब समय आ गया है कि नीतिगत स्तर पर 'वन हेल्थ' के दृष्टिकोण को अपनाया जाए, जहां मिट्टी की नमी, पशुधन का स्वास्थ्य और वन्यजीवों का संरक्षण एक ही इकाई के रूप में देखा जाए। हमें केवल वृक्षारोपण की रस्म अदायगी से ऊपर उठकर बुंदेलखंड के चंदेलकालीन तालाबों जैसे पारंपरिक जल-प्रबंधन तंत्र को पुनर्जीवित करना होगा। ये तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं थे, बल्कि वे स्थानीय पारिस्थितिकी को ठंडा रखने के विकेंद्रीकृत साधन थे। नीति निर्माताओं को यह समझना होगा कि राजमार्गों के लिए काटे गए पेड़ केवल लकड़ी नहीं थे, बल्कि वे उस सूक्ष्म-जलवायु का हिस्सा थे, जो फसलों को झुलसने से बचाती थी।

हमें विकास की अपनी परिभाषा को बदलना होगा। बुंदेलखंड में पत्थर खनन के लिए काटी गई हर पहाड़ी और उत्तराखंड में कंक्रीट के विस्तार के लिए नष्ट की गई हरियाली हमारे भविष्य की ठंडी हवाओं को रोक रही है। आर्थिक लाभ की तुलना में गर्मी के कारण होने वाला स्वास्थ्य और कृषि का नुकसान कहीं अधिक है। भविष्य की नीतियों की सफलता अब इस जवाबदेही पर टिकी है कि हम बुनियादी ढांचे के निर्माण में 'ग्रीन इंजीनियरिंग' को कितनी प्राथमिकता देते हैं और पर्यावरण नियमों की अनदेखी को कब बंद करते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

गर्मी का घातक रूप हमारी खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ रहा है। 'थर्मल शॉक' के कारण गेहूं जैसी प्रमुख फसलों के दाने दूध भरने की अवस्था में ही सूख रहे हैं।

सोशल फोरम

'गोल्डन फ्यूचर' की ओर

जब कोई राष्ट्र भविष्य की तकनीक और विज्ञान के बजाय 'मिथकों' और 'विभाजन' की राजनीति में अपनी ऊर्जा झोंक देता है, तो वह आत्मघाती रास्ते पर होता है। क्या हम केवल अतीत के गौरव में ही जिंदा रहेंगे? टीके अरुण का हाल में छपा लेख 'Enough With Mythologies' हमारे गाल पर एक तमाचा है। वे सही कहते हैं कि भारत की युवा ऊर्जा आज 'सांप्रदायिक नफरत' और 'प्रतिगमन की विचारधारा' (Ideology of Regression) में बर्बाद की जा रही है। हम एक ऐसे 'स्वर्ण युग' की कल्पना में पीछे की ओर भाग रहे हैं, जिसका अस्तित्व ही संदिग्ध है, जबकि दुनिया 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' और 'क्वांटम कंप्यूटिंग' के युद्ध जीत रही है।

ज्ञानेंद्र अवस्थी
डाटा एनालिस्ट

भारत के पास 24.5 करोड़ युवाओं (20-30 वर्ष) की वह शक्ति है, जो दुनिया में किसी के पास नहीं है, लेकिन हकीकत क्या है? हमारे बेहतरीन दिमाग या तो विदेशों में बस रहे हैं या फिर 'ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स' (GCCs) में विदेशी कंपनियों के लिए 'मजदूरी' कर रहे हैं। जो युवा हाथ तकनीक और नवाचार (Innovation) के लिए होने चाहिए थे, वे आज सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने और डिजिटल पहरों का हिस्सा बनने में खर्च हो रहे हैं।

एक लीटर एथेनॉल के लिए 10,000 लीटर पानी फूंकना विकास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के खिलाफ युद्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चा तेल तीन वर्षों के औसत 45/लीटर उपलब्ध रहा है, लेकिन 'सेठों' के मुनाफे के लिए हम रुपये -65/लीटर का एथेनॉल बना रहे हैं और वह भी अपने मुख्य भोजन (चावल) को जलाकर।

जहां हम 'मिथकों' की राजनीति में उलझे रहे, चीन ने अपनी नींव पत्थर की कर ली। चीन का रणनीतिक तेल भंडार 1,397 मिलियन बैरल पहुंच गया, जबकि भारत मात्र 21 मिलियन बैरल (0% वृद्धि) पर खड़ा है। हमारा चीन के साथ व्यापार घाटा 155% बढ़कर $112.1 बिलियन हो गया है। दुखद यह है कि हम चीन से खिलौने नहीं, बल्कि अपनी इंडस्ट्री के लिए 'ऑर्गेनिक केमिकल्स' और 'मशीनरी' मांग रहे हैं। हम उत्पादन के लिए पूरी तरह चीन के 'तकनीकी गुलाम' बन चुके हैं।

हमें तकनीक चाहिए, हमें पानी चाहिए और हमें वह 'विजन' चाहिए, जो हमें 21वीं सदी का नेतृत्व दिला सके, न कि वह विचारधारा जो हमें 11वीं सदी में वापस ले जाए।

–फेसबुक वॉल से

सामयिकी

ग्रामीण स्वास्थ्य की चुनौतियां व जरूरत

उत्तराखंड के दूर-दराज़ पहाड़ी गांव दिखने में जितने सुंदर होते हैं, वहां का जीवन उतनी ही जटिल और चुनौतीपूर्ण होती है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और घुमावदार रास्तों के बीच सीमित संसाधनों के साथ यहां के लोगों का जीवन अपनी रफ्तार से चलता है। वैसे तो यहां के दूर-दराज गांवों में लगभग सभी बुनियादी सुविधाओं का अभाव दिख जाता है, लेकिन जब बात स्वास्थ्य सुविधाओं की आती है, तो यह मुश्किल पहाड़ जैसी बड़ी नजर आती है। खासकर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आज भी यहां के कई ग्रामीण क्षेत्रों में एक संघर्ष की तरह है, हालांकि बीते कुछ वर्षों में इस दिशा में काफी सुधार भी हुए हैं, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है। इसका सबसे अधिक असर महिलाओं और किशोरियों पर पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच और प्रसव के लिए दूर जाना पड़ता है, जिससे उनका स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है।

कविता बिष्ट
एक्टिविस्ट

अगर पिछले पांच वर्षों पर नज़र डालें, तो उत्तराखंड के ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र में कुछ सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिले हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों में लगभग 250 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 60 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत हैं। इसके अलावा उप-केंद्रों की संख्या भी हजारों में है, जो गांव-स्तर पर बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। पिछले पांच वर्षों में संस्थागत प्रसव दर में वृद्धि हुई है और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सेवाओं ने गांव-गांव तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाई है। टीकाकरण अभियान और पोषण कार्यक्रमों ने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वर्ष 2026-27 के बजट में केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लगभग 90,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है, जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है। वहीं उत्तराखंड सरकार ने भी अपने बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करीब 4,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इसमें ग्रामीण अस्पतालों के उन्नयन, नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता पर ध्यान दिया गया है।

नई योजनाओं के तहत 'आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर' को और मजबूत किया जा रहा है, जिससे गांव स्तर पर ही प्राथमिक उपचार और जांच की सुविधा उपलब्ध हो सके। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स और डिजिटल हेल्थ मिशन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर केंद्रित कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन भी उतना ही जरूरी है। जब एक महिला को अपने स्वास्थ्य के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, तो यह केवल उसकी शारीरिक परेशानी नहीं होती, बल्कि यह उसके अधिकारों की भी अनदेखी होती है। एक सशक्त समाज वही होता है, जहां हर व्यक्ति को बुनियादी सुविधाएं समान रूप से उपलब्ध हों, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में क्यों न रहता हो।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अंतस

साधना का सार है समाधि। सर्वस्व है, उपसंहार है। निष्कर्ष है। फल है। प्रतिफल है। परिणाम है। समाधि दो शब्दों से मिलकर बना है- सम और धी। सम यानी सम्यक या एक जैसा होना। धी यानी बुद्धि या प्रज्ञा। इस प्रकार समाधि का अर्थ हुआ बुद्धि का एक समान स्तर पर होना। समत्व की स्थिति में होना। समदर्शी होना। समदृष्टि होना। स्थिर बुद्धि होना। इसका एक अर्थ है समय आधि अर्थात समय के पार जाना। योग-साधना की चरम अवस्था है समाधि, लेकिन ध्यान रहे समाधि मंजिल नहीं है, यह केवल एक पड़ाव है। आध्यात्म की असली यात्रा इसके बाद ही शुरू होती है।

आचार्य प्रदीप द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक

योग-साधना की चरम अवस्था है समाधि

त्रिगुणात्मक प्रकृति के प्रभाव से परे

यदि कोई साधक समाधि की अवस्था को उपलब्ध है, तो इसका अर्थ यह हुआ कि साधक सम अवस्था में है। वह सुख-दुख, हानि-लाभ, मान-अपमान आदि द्वंदों से मुक्त है, परे है। उस स्थिति में साधक का कोई पृथक अस्तित्व नहीं रहता। साधक का ब्रह्म में अवस्थान हो जाता है। भगवान की सत्ता, चैतन्य और आनंद अपने आप साधक की वाणी, भाव और कार्य के द्वारा पूर्ण रूप से प्रस्फुटित होने लगते हैं। समाधि की अवस्था में प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा, स्मृति आदि चित्तवृत्तियां मिट जाती हैं। समाधि की अवस्था को पा लेने पर साधक जीवमात्र को जीवन-मरण और संसारचक्र में घुमाने वाले दुःखदायक अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश आदि पंचक्लेशों से मुक्त हो जाता है, पर यह अवस्था पाना आसान नहीं है। कई पड़ाव पार करने होते हैं। एक लंबी अवधी की प्रक्रिया है। आत्मा के ऊपर से अविद्या, अज्ञान का आवरण हट जाता है। जिस प्रकार बादलों के आवरण से मुक्त होते ही सूर्य का तेज प्रकट हो जाता है, वैसे ही अविद्या, अज्ञान का आवरण हटते ही, मिटते ही आत्मा अपने यर्थास्वरूप को पहचानकर परमात्मा में स्थित हो जाती है। साधक सत, रज, तम आदि त्रिगुणात्मक प्रकृति के प्रभाव से परे हो जाता है। वह शब्द, रूप, रस, गंध आदि तन्मात्राओं के प्रभाव से भी परे हो जाता है।

समाधि के चरण

- समाधि के दो चरण या स्तर बताए गए हैं- संप्रज्ञता व असंप्रज्ञता। संप्रज्ञता समाधि के 4 प्रकार हैं- पहला है सवितर्क समाधि। यह समाधि का वह रूप है, जिसमें स्थूल विषय पर ध्यान लगाया जाता है। उदाहरणस्वरूप मूर्ति पर ध्यान जमाने को सवितर्क समाधि कहा जाता है। दूसरी है सविचार समाधि। यह समाधि का वह रूप है, जिसमें सूक्ष्म विषय पर ध्यान लगाया जाता है। इस समाधि में कभी-कभी तन्मात्रा भी ध्यान का विषय होती है। तीसरी है सानंद समाधि। इस समाधि में ध्यान का विषय इंद्रियां रहती हैं। हमारी इंद्रियां 11 हैं- 5 ज्ञानेन्द्रियां, 5 कर्मेन्द्रियां और मन। इन्हीं पर ध्यान लगाया जाता है। चौथी है सस्मित समाधि। इस अवस्था में ध्यान का विषय अहंकार है। अहंकार को अस्मिता कहा जाता है। कुछ विद्वानों का कहना है कि संप्रज्ञता समाधि वैराग्य से धुले हुए निर्मल चित्त की परिणीति है। इस समाधि में चित्त शुद्ध तो होता है, पर चित्त में कर्मों के संस्कारों के बीज अभी भी शेष रहते हैं। इसलिए इसे सबीज समाधि भी कहते हैं। इसलिए इस सबीज को निर्बीज करने के लिए समाधि के अगले चरण में प्रवेश करना होता है, जिसे असंप्रज्ञता या निर्बीज समाधि कहते हैं। असंप्रज्ञता समाधि में सारी मानसिक क्रिया की समाप्ति हो जाती है। मन केवल अप्रकट संस्कारों को धारण किए रहता है।

- इस प्रकार समाधि का पहला चरण अर्थात संप्रज्ञता समाधि-शुचिता का है। समाधि का दूसरा चरण अर्थात असंप्रज्ञता समाधि-विलीनता का है। समाधि के प्रथम चरण अर्थात संप्रज्ञता समाधि में साधक के मन की सारी अशुद्धि तिरोहित हो जाती है। सभी विकार व बुराइयां मिट जाती हैं। पर चित्त में कर्म संस्कारों के बीज बने रहते हैं। समाधि के दूसरे चरण अर्थात असंप्रज्ञता समाधि में कर्म संस्कारों के बीज भी नष्ट हो जाते हैं और चित्तवृत्तियों का पूर्णतः निरोध हो जाता है। असंप्रज्ञता समाधि की अवस्था में बुराई भी गिर जाती है और अच्छाई भी। यहां तक कि अच्छाई या शुद्ध अवस्था को धारण करने वाला मन भी समाप्त हो जाता है। यह अ-मन की अवस्था है। मन की यह समाप्ति प्रकारांतर से देहबोध की समाप्ति है। इस अवस्था में देह के पृथक होने का एहसास होता है। इस अवस्था में आत्मा अपने यथार्थस्वरूप को पहचान लेती है और आत्मा का संपर्क विभिन्न विषयों से छूट जाता है। यही मोक्ष की अवस्था है। नियत समय, नियम स्थान, नियमित साधना व सात्विक आहार-विहार व संयम का पालन करते हुए कोई भी साधक इस परम आनंद, परम सुख की अवस्था को पा सकता है। बशर्ते उसे पूर्णगुरू का सानिध्य मिले तब। अन्यथा भटकाव निश्चित है।

पौराणिक कथा

गांधारी को 100 पुत्रों का वरदान

हस्तिनापुर समय के साथ आगे बढ़ रहा था। माता सत्यवती और पितामह भीष्म अब अतीत की स्मृतियों को पीछे छोड़ वर्तमान में स्थिर हो चुके थे। भीष्म ने अपनी महान प्रतिज्ञा के अनुसार स्वयं को पूरी तरह हस्तिनापुर और उसके सिंहासन की रक्षा में समर्पित कर दिया था, वहीं सत्यवती भी इस गौरवशाली कुरुवंश की मर्यादा और सुरक्षा में तल्लीन थीं। धृतराष्ट्र और पांडु दोनों का विवाह संपन्न हो चुका था और अब राजवंश में नई पीढ़ी के आगमन की आशा जाग उठी थी।

वैशंपायन ने वर्णन किया कि महाराज पांडु ने अपनी पत्नियों कुंती और माद्री के साथ कुछ समय सुखपूर्वक व्यतीत किया, किंतु शीघ्र ही उन्होंने राज्य की बागडोर भीष्म के संरक्षण में सौंपकर दिग्विजय के लिए प्रस्थान किया। वे जिस दिशा में गए, वहां के अनेक राज्यों को अपने पराक्रम से जीत लिया। कहीं उन्होंने मैत्री संधियां स्थापित कीं, तो कहीं अन्यायी राजाओं को हटाकर न्यायपूर्ण शासन की स्थापना की। कई महीनों तक चले इस अभियान के बाद वे अपार धन-संपदा, स्वर्ण और रत्न लेकर हस्तिनापुर लौटे।

उनके लौटने पर नगर में उत्सव का वातावरण था। भीष्म ने उन्हें स्नेहपूर्वक आलिंगन किया, विदुर ने आशीर्वाद दिया और धृतराष्ट्र ने उनके पराक्रम की सराहना की। माताओं ने स्नेह बरसाया और कुंती-माद्री ने आरती उतारकर उनका स्वागत किया। पांडु द्वारा लाया गया धन राजकोष को समृद्ध कर गया। उन्होंने बड़ों को आभूषण भेंट किए और प्रजा में भी उदारता से दान वितरित किया। इसके बाद पांडु अपनी पत्नियों के साथ वन की ओर चले गए, जहां वे सरल और शांत जीवन व्यतीत करने लगे। उन्हें शिकार का विशेष शौक था और जब वे धनुष-बाण तथा शस्त्रों से सुसज्जित होकर वन में निकलते, तो उनका तेज किसी देवता के समान प्रतीत होता। नगरवासी और वनवासी दोनों ही उनसे अत्यंत प्रेम और सम्मान करते थे। धृतराष्ट्र की अनुमति से उन्हें वन में सभी आवश्यक सुख-सुविधाएं भी भेजी जाती थीं।

इधर हस्तिनापुर में भी घटनाएं चलती रहीं। भीष्म ने एक सुशील कन्या से विदुर का विवाह कराया, जिनसे आगे चलकर बुद्धिमान संतानों का जन्म हुआ। उसी समय गांधारी भी गर्भवती हुईं। उनके विषय में कहा जाता है कि उन्हें शिव से सौ पुत्रों का वरदान प्राप्त था। एक दिन जब वे इस वरदान के विषय में चिंतन कर रही थीं, तभी महर्षि वेदव्यास महल में पधारे। थकान और कष्ट के बावजूद गांधारी ने उनकी अत्यंत श्रद्धा से सेवा की। प्रसन्न होकर व्यास ने उन्हें वर मांगने को कहा। तब गांधारी ने अपने पति के समान सौ पुत्रों की कामना व्यक्त की। व्यास के आशीर्वाद से उन्होंने गर्भ धारण किया और अपने सौ पुत्रों के जन्म की प्रतीक्षा करने लगीं।

पीपल के नीचे दीपक जलाने से जीवन में आती है समृद्धि

पीपल के पेड़ के नीचे पांच मुखी (पंचमुखी) दीपक जलाना ज्योतिषीय और धार्मिक रूप से अत्यंत शुभ माना जाता है, जो मुख्य रूप से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैया के अशुभ प्रभावों को कम करता है। यह शनिवार को धन-समृद्धि, सुख-शांति और पितृ दोष से मुक्ति पाने का एक उपाय है, जिससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

शनि दोष और साढ़ेसाती में राहत - पीपल को शनिदेव का प्रतीक माना जाता है, इसलिए शनिवार को सरसों के तेल का दीपक जलाने से शनि के अशुभ प्रभाव कम होते हैं और मानसिक शांति मिलती है।

धन और सुख-समृद्धि- मान्यता है कि पीपल के पेड़ के नीचे नियमित या शनिवार को दीपक जलाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन-धान्य की कमी नहीं होती। पितृ दोष से मुक्ति, पीपल के नीचे शाम के समय दीपक जलाने से पितर शांत होते हैं और पितृ दोष दूर हो सकता है।

पंच तत्वों का संतुलन- पंचमुखी दीपक (5 मुखी) पांच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) का प्रतीक माना जाता है, जो जीवन में संतुलन लाता है।

दीपक जलाने के नियम

समय- शाम के समय (गोधूलि बेला) दीपक जलाना सबसे उत्तम है।
तेल- सरसों के तेल या घी का उपयोग करें।
परिक्रमा- दीपक जलाने के बाद पीपल के पेड़ की 7 बार परिक्रमा करना शुभ माना जाता है।
पीपल के पेड़ के नीचे पंचमुखी दीपक जलाना एक बेहद असरदार उपाय माना गया है, दीपक की लौ सिर्फ रौशनी नहीं देती, ये सूर्य तत्व का प्रतीक है। यही लौ जब पीपल के नीचे जलती है, तो ये सूर्य, शनि, राहु-केतु जैसे ग्रहों के बीच संतुलन बनाती है। इससे जीवन में स्थिरता और शांति आती है। हिंदू धर्म में पंचमुखी दीपक (पांच मुख वाला दीपक) का विशेष आध्यात्मिक और वास्तु महत्व है। यह पांच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) और दिशाओं का प्रतीक है। इसे जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार, वास्तु दोष का निवारण, सुख-समृद्धि की वृद्धि और शत्रु-बाधा से मुक्ति मिलती है।

पंचमुखी दीपक का महत्व और लाभ

- **लक्ष्मी और बरकत :** यह दीपक अष्ट लक्ष्मी (धन, समृद्धि आदि) को आकर्षित करता है, जिससे घर में धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहती।
- **वास्तु दोष दूर करना :** घर के मुख्य द्वार पर या पूजा घर में इस दीपक को जलाने से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।
- **हनुमान जी की कृपा :** विशेष रूप से मंगलवार या शनिवार को हनुमान जी के सामने पंचमुखी दीपक जलाने से हनुमान जी के पंचमुखी अवतार की कृपा प्राप्त होती है, जिससे कष्ट दूर होते हैं और साहस व सुरक्षा मिलती है।
- **पांच दिशाओं की सुरक्षा :** यह दीपक पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और ईशान कोण, इन पांचों दिशाओं से आने वाली बाधाओं को दूर करता है।
- **प्रयोग विधि :** इसे आमतौर पर शाम के समय (प्रदोष काल) में गाय के शुद्ध घी या सरसों के तेल में जलाना सबसे उत्तम माना जाता है।
- **सावधानी :** पंचमुखी दीपक को जलाते समय ध्यान रखें कि सभी पांचों मुख अलग-अलग दिशाओं में हों।
- **सरसों का तेल :** पीपल की जड़ में या उसके नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाना सबसे महत्वपूर्ण है, इसमें कुछ काले तिल भी डालें।
- **काला कपड़ा :** पीपल के पेड़ में काला कपड़ा या मौली (कलावा) बांधने से पितृ दोष, शनि और राहु-केतु के अशुभ प्रभाव कम होते हैं।
काले तिल और उड़द की दाल : जल में काले तिल मिलाकर अर्पित करें।
- **गुड़ :** गुड़ मिला जल या गुड़ का भोग अर्पित करने से सूर्य-शनि का दोष कम होता है।

कच्चा सूत : पीपल के पेड़ के चारों ओर 5 या 7 बार कच्चा सूत लपेटें।
धूप/अगरबत्ती : सुगंधित धूप से नकारात्मकता दूर होती है।

बोध कथा

पत्थर और बांसुरी

एक बहुत ही कुशल मूर्तिकार था, जो पहाड़ों से पत्थर चुनकर सुंदर मूर्तियां बनाया करता था। एक दिन वह जंगल में गया और उसे दो बड़े पत्थर मिले। उसने सोचा, इनसे मैं दो महान कलाकृतियां बनाऊंगा। उसने पहले पत्थर पर अपनी छेनी से वार करना शुरू किया। जैसे ही पहली चोट पड़ी, पत्थर के भीतर से एक दर्द भरी कराह निकली- "रुको! मुझे बहुत दर्द हो रहा है। कृपया मुझ पर वार मत करो, मुझे वैसे ही रहने दो जैसा मैं हूं।" मूर्तिकार दयालु था, उसने उस पत्थर को छोड़ दिया। वह दूसरे पत्थर के पास गया। जब उसने उस पर काम शुरू किया, तो वह पत्थर भी कांप रहा था, लेकिन उसने एक शब्द नहीं कहा। मूर्तिकार ने उसे तराशना जारी रखा। हफ्तों की कड़ी मेहनत, चोट और घर्षण के बाद, उस साधारण पत्थर ने एक अत्यंत सुंदर बांसुरी बजाते हुए बालक की मूर्ति का रूप ले लिया।

कुछ समय बाद, उस जंगल के पास एक भव्य मंदिर बना। मूर्तिकार ने वह 'बांसुरी बजाते बालक' की मूर्ति मंदिर के गर्भगृह में स्थापित कर दी। लोग दूर-दूर से उस मूर्ति की सुंदरता देखने और दर्शन करने आने लगे। तभी मंदिर के कर्मचारियों को अहसास हुआ कि मंदिर के द्वार पर एक ऐसे पत्थर की जरूरत है, जिस पर लोग अपने जूते-चप्पल उतार सकें। मूर्तिकार को याद आया कि जंगल में एक पत्थर उसने बीच में ही छोड़ दिया था। वह उसे उठा लाया और मंदिर की सीढ़ियों के पास रख दिया।

एक रात, जब मंदिर के पट बंद हो गए, तो नीचे रखे उस पत्थर ने ऊपर विराजमान मूर्ति से पूछा-"यह कैसा अन्याय है? हम दोनों एक ही पहाड़ के टुकड़े थे, एक ही दिन यहां लाए गए, लेकिन आज लोग तुम्हारी पूजा कर रहे हैं, तुम्हें फूलों का हार पहना रहे हैं और मुझ पर धूल-मिट्टी झाड़कर निकल जाते हैं। ऐसा क्यों?"

मूर्ति ने बड़ी शालीनता से उत्तर दिया- "मित्र, याद करो वह दिन जब कलाकार ने पहली चोट तुम पर की थी। तुमने दर्द से बचने के लिए संघर्ष को ठुकरा दिया और उसी अवस्था में रहना चुना, जिसमें तुम थे। मैंने उस हर चोट को सहा, हर घाव को अपनी प्रगति माना और खुद को तराशने दिया। आज मैं इसलिए पूजा जा रहा हूं, क्योंकि मैंने 'चोट' सहने का साहस दिखाया और तुम इसलिए पैर रखने के काम आ रहे हो, क्योंकि तुमने आराम को विकास से ऊपर रखा।"

कथा से सीख मिलती है कि जीवन में आने वाली कठिनाइयां और संघर्ष वास्तव में ईश्वर की 'छेनी और हथौड़ी' हैं, जो हमें एक बेहतर इंसान के रूप में तराश रही होती हैं। यदि हम आज के संघर्ष से भागेंगे, तो हम कल की ऊंचाई कभी नहीं छू पाएंगे।

-प्रमोद श्रीवास्तव

न्यूज ब्रीफ

क्षेत्रीय बैंक शाखाओं में चला चेकिंग अभियान

महोबा। एसपी शशांक सिंह के निर्देश पर सोमवार को थाना अजनर पुलिस टीम ने उपनिरीक्षक मालती साहू के नेतृत्व में क्षेत्र की विभिन्न वित्तीय संस्थानाओं और बैंकों में चेकिंग अभियान चलाते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। चेकिंग दौरान पुलिस टीम ने बैंक में मौजूद लोगों से आने का कारण पूछते हुए लाइन पर लगकर बैंक संबन्धी कार्य कराए जाने को कहा साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की गहन चेकिंग भी की। चेकिंग दौरान पुलिस कर्मियों ने बैंक शाखाओं में लगे सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम तथा सुरक्षा संबन्धी अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया साथ ही बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए।

महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा निकालने की मांग

महोबा। राजपूत करणी सेना उत्तर प्रदेश ने 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा और बाइक जुलूस निकाल जाने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपकर कार्यक्रम की अनुमति की मांग की है। ज्ञापन में संगठन के जिलाध्यक्ष ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी हिन्दुत्व व सर्मसमाज की लडाई लडने वाले ऐसे वीर महापुरुष महाराणा प्रताप की 9 मई को जयंती मनाई जा रही है, जिसको लेकर संगठन शहर के डाकबंगला मैदान से मुख्य बाजार होते हुए बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर तक भव्य शोभायात्रा और बाइल जुलूस निकाले जाने का सर्वसहमति से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संगठन ने डीएम से उक्त कार्यक्रम की अनुमति प्रदान किए जाने की मांग की है।

अवैध तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

महोबा। उपनिरीक्षक राजकुमार टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था के मद्देनजर गश्त कर थे कि तभी मुखबिर से जानकारी मिली कि एक संदग्धि युवक टिकरी नहर पुलिया के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम जैसे ही मौके पर पहंची तो युवक पुलिस को आता देख भागने लगा। युवक के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने तलाशी लेकर उसके पास से एक अवैध 135 बोर तमंच व एक कारतूस बरामद किया। अभियुक्त मौसम राजपूत को न्यायालय में पेश किया गया।

शराब ठेका हटवाने को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

आबकारी इंस्पेक्टर और महिलाओं मध्य हुई नोकझोंक , आश्वासन पर मानीं महिलायें

संवाददाता पनवाड़ी महोबा

अमृत विचार। कस्बे देवगनपुरा बाईपास में स्थित शराब ठेका तीन सरकारी स्कूलों के बने होने और वहां से गुजरने वाली महिलाओं युवतियों को आयेदिन तमाम दुश्वारियों का सामना किए जाने को लेकर क्षेत्र की महिलाएं एकजुट होकर सड़क पर उतर आई और शराब ठेका को हटवाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर टीम के साथ पहुंचे आबकारी इंस्पेक्टर और महिलाओं के मध्य तीखी नोकझोंक के बाद मामला शांत हो सका।

सड़क पर प्रदर्शन करती महिलाएं। अमृत विचार

प्रदर्शन कर रही रामकुमारी, प्रेमवती तारा देवी, राममूर्ति व ममता सहित कई महिलाओं ने बताया कि शराब ठेके के बाहर हर समय शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिस कारण राहगीरों, विशेषकर महिलाएं और छात्राएं यहां से गुजरते समय असुरक्षित महसूस करती हैं। बताया कि बाईपास के आसपास तीन सरकारी स्कूल होने के बावजूद शराब ठेका संचालित किया गया, जिससे बच्चों पर इसका गलत असर पड़ सकता है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठेका नहीं हटाया गया तो वे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन कर शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगायेंगी। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। देवगनपुरा बाईपास में शराब ठेके पर महिलाओं के प्रदर्शन किए जाने की सूचना मिलते ही टीम के साथ आबकारी इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और महिलाओं को काफी समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन महिलाएं अपनी जिद पर अड़ी रही, जिसके चलते आबकारी इंस्पेक्टर और महिलाओं के बीच तूतू मैंमैं भी हुई, लेकिन किसी तरह मामला शांत कराया गया। आबकारी विभाग इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि ममता के नाम से शराब ठेके की शिकायत मिली थी, जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठेका बस्ती के अंदर नहीं है, लेकिन यदि यह स्कूल, मंदिर, मस्जिद या अस्पताल से 100 मीटर के दायरे में पाया जाता है, तो नियमानुसार इसे हटाए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

प्रशिक्षण पार्टी की रीढ़ को मजबूत करने का माध्यम : संत विलास

कार्यालय संवाददाता महोबा

- भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्य समिति योजना की बैठक संपन्न

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में चलाए जा रहे प्रशिक्षण अभियान के तहत सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर जिला कार्य समिति योजना की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी संत विलास शिवहरे ने शिरकत की। इस मौके पर प्रशिक्षण वर्ग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी संपन्न हुई ।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रशिक्षण पार्टी की रीढ़ को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कहा कि प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं का विचार और व्यवहार सक्षम बनेगा। बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना ही प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में आगामी 25 व 26 मई को जिले में आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 250 जनप्रतिनिधि, क्षेत्र एवं प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे।

कोर्ट ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

कार्यालय संवाददाता महोबा

- दबंग कई माह से पीड़ित की बेटी का अपरहण करने और एक लाख रुपये की कर रहा था मांग

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र के बिलबई गांव में एक दबंग ने गरीब मजदूर को उसकी मासूम बेटी का अपहरण करने की धमकी देकर एक लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने से परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस से इसकी शिकायत की, लेकिन कई महीनों चक्कर काटने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। दबंग की आए दिन धमकी और पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश पारित किया। न्यायालय के आदेश पर संबन्धित कोतवाली पुलिस ने दबंग पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बिलवई गांव निवासी प्रहलाद ने आरोप लगाते हुए बताया कि करीब चार महीने पहले उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आने शुरू हुए। फोन उठाने पर सामने वाला शख्स गालीगलौज और अभद्र टिप्पणी करने लगा। कई दिनों तक फोन करने के बाद दबंग ने उसकी बेटी को निशाना बनाने की धमकी दी और एक लाख रुपये की मांग करने लगा साथ ही धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए गए, तो वह उसकी बेटी का अपहरण कर जान से मार देगा।

पीड़ित को उसकी जाति को लेकर भी अपमानित किया गया और लगातार फोन पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस संबन्ध में कोतवाली पुलिस से संपर्क किया और समाधान दिवस में भी अधिकारियों के सामने गुहार लगाई, बावजूद इसके पुलिस ने जांच का आश्वासन तो दिया, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी न तो आरोपी को पकड़ा गया और न ही प्राथमिकी दर्ज की गई।

पीड़ित ने बताया कि वह सिंचाई विभाग में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है, लेकिन दबंग की मांग और बेटी की चिंता के चलते मानसिक रूप से परेशान है। प्रहलाद ने पुलिस की उदासीनता के चलते न्यायालय की शरण ली। अदालत के आदेश के बाद अब पुलिस हरकत में आई है और आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम गठित कर दी गई है और सर्विलांस की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी।

सीएम ने खुदी सड़कों को दुरुस्त कराने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। भाजपा चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ 30 जनवरी को हर घर जल योजना में फैली भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का रास्ता रोक लिया था। अपनी ही सरकार के मंत्री के विरुद्ध जाने का यह मामला काफी चर्चा में बना रहा, जिस पर पार्टी ने विधायक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था, लेकिन अब विधायक के उठाए गए कदम को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उचित ठहराते हुए इस योजना के ठेकेदारों को आड़े हाथों लेते हुए कठोर चेतावनी जारी कर प्रदेश के समस्त जनपदों व जिला महोबा में खोदी गई सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराए जाने के निर्देश जारी किए है।

चरखारी क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़क। अमृत विचार

- चरखारी विधायक के उठाए गए कदम के बाद सीएम ने जारी किए निर्देश

हर घर जल योजना के तहत की जा रही लापरवाही का मुद्दा गंभीर होने के बाद जल शक्ति मंत्री ने चरखारी विधायक मध्य हुई को एक माह के अंदर ही सड़कों को दुरुस्त किए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक माह बाद जिम्मेदारों ने चरखारी विधायक को दुरुस्तीकरण के आंकड़े पेश किए जिसके बाद विधायक एक बार गांवों में पहुंचे जहां स्थिति जस की तस नजर आई। विधायक के लगातार इस मुद्दे को उठाए जाने पर आखिरकार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों, संबंधित अधिकारियों, कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि इस योजना में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने जारी निर्देश में स्पष्ट चेतावनी दी है कि जहां भी गड़बड़ी मिले वहां अधिकारियों' कार्यदायी संस्था के अधिकारियों व ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए साथ ही ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड किया जाए। मुख्यमंत्री के जारी किए गए नोटिस के बाद अब जिला प्रशासन एक बार एक्शन में आ गया है और मुख्यमंत्री के रुख को भांपते हुए मॉनीटरिंग शुरू की गयी है। कुल मिलाकर हर घर जल योजना में चल रही हीला हवाली, कागजी घोड़ों की दौड़ को रोके जाने की चरखारी विधायक डॉ. ब्रजभूषण की मुहिम एक बार फिर तेज हो गयी है और प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद मामला फिर से चर्चा में आ गया है।

रिक्रूट आरक्षियों को पढ़ाया गया अनुशासन का पाठ

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड ने थाना कुलपहाड़ में समीक्षा बैठक करते हुए थाना स्तर पर संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने थानाध्यक्ष को अभियान चलाकर वारंटियों की गिरफ्तारी करने और एनबीडब्ल्यू की तामीली शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश। नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता करते हुए उन्हें ईमानदारी, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया।

बैठक दौरान क्षेत्राधिकारी ने निर्देश दिए कि अपराधियों की प्रभावी निगरानी एवं सत्यापन की कार्रवाई सतत रूप से की जाए । अपराध की रोकथाम के लिए संवेदनशील स्थानों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आवश्यक पुलिसिंग कार्रवाई को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने पर भी जोर दिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने यक्ष एप के प्रभावी उपयोग, अपराधियों के डिजिटल साक्ष्य संकलन के लिए ई-साक्ष्य के समुचित प्रयोग, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण, अपराध की रोकथाम और लंबित गैर जमानती वारंट की शत-प्रतिशत तामीला सुनिश्चित किए जाने के संबन्ध में विशेष जोर दिया।

पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। स्वाट सर्विलांस व थाना खरेला पुलिस की संयुक्त टीम ने हत्या की घटना में वांछित 25-25 हजार रुपये के इनामी दो अभियुक्त सहित चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साथ ही अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया।

थाना खरेला क्षेत्र अंतर्गत चन्दौली गांव में मार्च माह के अंतिम सप्ताह में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक पक्ष के दो व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जिसमें से उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खरेला

पुलिस हिरासत में बैठे अभियुक्त। अमृत विचार

- चार अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार भेजा जा चुका था जेल

संबन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर घटना की जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में गठित थाना खरेला पुलिस व स्वाट सर्विलांस की संयुक्त टीम ने घटना के अभियुक्त सन्तोष राजपूत (46) पुत्र स्वामीदीन राजपूत, नन्दकिशोर राजपूत (65) पुत्र स्वामीदीन राजपूत, प्रवीन उर्फ मुन्ना राजपूत (22) पुत्र सन्तोष सिंह राजपूत निवासी ग्राम चन्दौली थाना खरेला व उमेश रैकवार (20) पुत्र अवधेश रैकवार निवासी ग्राम कोनिया थाना पनवाड़ी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था और शेष वांछित व पुरस्कार घोषित अभियुक्त कुलदीप यादव (22) पुत्र रमाशंकर यादव निवासी ग्राम मवइया थाना अजनर व कपिल यादव (20) पुत्र रामसजीवन उर्फ खिल्लू निवासी ग्राम इमलियाडांग थाना चरखारी को मुखबिर की सूचना पर सोमवार को चरखारी क्षेत्र के इमलियाडांग गांव के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

वहीं हत्या की घटना के वांछित अभियुक्त को पकड़ने वाली थाना खरेला पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नन्हेलाल उपनिरीक्ष शिवदान सिंह, राकेश कुमार शर्मा, कांस्टेबल आशीष कुमार, शील कुमार आदि रहे।

सपा नेता ने क्षतिग्रस्त पुलिया बनवाने का उठाया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। कस्बा चरखारी में जयसागर व रपट तालाब के मार्ग में बनी पुलिया करीब आठ माह से क्षतिग्रस्त होने से लोक निर्माण विभाग ने उसे बंद कर दिया था।

पुलिया के बंद किए जाने से वाहन चालक के अलावा स्थानीय लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए पूर्व विधायक ने पुलिया का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद उपजिलाधिकारी चरखारी को ज्ञापन सौंपकर क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराते हुए अवरुद्ध मार्ग को खोले जाने की मांग की है। सपा नेता व पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने एसडीएम धीरेंद्र कुमार को दिए गए ज्ञापन में बताया कि महोबा मुस्करा मुख्य मार्ग पर जससागर व रपट सागर को जोड़ने वाली पुलिया करीब 8 माह से टूटी पड़ी है, लोक निर्माण विभाग मुख्य मार्ग को ही बंद किए हुए हैं और करीब एक किलोमीटर का डायवर्जन करते हुए वाहनों की आवाजाही हो रही है। चरखारी विधायक, एमएलसी और जिले के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर गुरू ने भी जिला प्रशासन से शीघ्र ही पुलिया निर्माण के निर्देश जारी कर चुके हैं। लेकिन पुलिया निर्माण की विभागों में यहां से वहां घूम रही।

पान किसानों का मुद्दा | अखिल भारतीय चैरसिया महासभा ने अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बरेजा मार्ग को सीसी बनवाए की लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। शहर की छोटी चंद्रिका मंदिर मार्ग पर बने बरेजों तक पहुंचने में किसानों को कच्चे और ऊबड़ खाबड़ मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। इतना ही नहीं पान खेती में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण व अन्य सामग्री ले जाने में किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अखिल भारतीय चैरसिया महासभा के नेतृत्व में दर्जनों पान कृषकों ने सोमवार को कलेक्ट्रट पहुंचकर जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बारिश से पूर्व सड़क का निर्माण कराने की मांग की।

अखिल भारतीय चौरसिया महासभा ने जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि छोटी चंद्रिका मार्ग के समीप पान बरेजा समूह में नए पान बरेजों का निर्माण कर पान की खेती की जा रही है, लेकिन कच्चा मार्ग होने के कारण कई समस्याएं उपन्न हो रही है। बताया कि दिसम्बर 2025 में प्रशासन ने बरेजे तक जाने पर बंद मार्ग को खुलवाकर लगभग दो सौ किसानों के बरेजों की भूमि के लिए मार्ग की व्यवस्था कराई थी साथ ही उक्त मार्ग को बनवाए जाने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अभियंता को निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन आज तक इस मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई। किसानों ने ज्ञापन में जिलाधिकारी से नए बरेजों के निर्माण के बाद उक्त मार्ग को कृषि देवता करुआ बब्बा मंदि तक पैमाइश कराकर सीसी रोड बनाए जाने की मांग की है साथ ही रोड की चैड़ाई करीब 15 फिट कराए जाने का अनुरोध भी किया है। किसानों ने बताया कि बरसात के मौसम में पानी भर जाने के कारण बरेजो तक पहुंचने का भारी असुविधा होती है इसलिए बारिश से पूर्व मार्ग बनवा दिया जाता है तो उसकी पान फसल में गई मेहनत पूर्ण हो सकेगी। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष अंकित चैरसिया, राजा चैरसिया, राहुल चैरसिया, विवेक, प्रेम, जागेश्वर, संतोष कुमार, यश, मंगल, परम, मुकुंदलाल सहित दर्जनों पान किसान शामिल हैं।

एसडीएम को ज्ञापन देते पान किसान। अमृत विचार

जश्न मनाते भाजपाई। अमृत विचार

तीन राज्यों की प्रचंड जीत पर जमकर झूमे भाजपाई

महोबा। तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद जिला भाजपा कार्यालय में खुशी का माहौल बना हुआ है। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ जश्न मनाते हुए खुशी जाहिर की। पार्टी कार्यकर्ता हाथों में झंडे लिए झूमते हुए नजर आए और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कार्यकर्ताओं ने भारी अत्याचार और विपरीत परिस्थितियों के बीच संघर्ष करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने स्वयं बंगाल की खड़गपुर सदर विधानसभा में प्रवासी प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी संभाली थी। सेंगर ने वहां से दिलीप घोष की जीत पर मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के आगामी चुनावों के लिए एक स्पष्ट संदेश करार दिया। जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने बंगाल के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि शून्य से शिखर तक का यह सफर कार्यकर्ताओं की अटूट मेहनत का परिणाम है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर– इटावा।

पत्रांक–130/न0पा0परि0ज0न0/2026–27 दिनांक 04/05/2026

कार्यालय ज्ञाप

एतद् द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि WPIL संख्या 1244/2025, धर्मेन्द्र यादव बनाम राज्य व अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ के आदेश दिनांक 24.02.2026 के अनुपालन में प्रमुख सचिव महोदय, उ0प्र0 नगर विकास विभाग के पत्र संख्या–1/1306216/2026– Comp- No-2032315 नगर विकास अनुभाग–7 दिनांक 23.04.2026 में दिये गये निदेर्शो के अनुसार उ0प्र0 पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनियम और नियंत्रण) नियमावली, 2005 एवं उ0प्र0 पार्क, खेल का मैदान और खुली जगहें (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट, 1975 में निहित व्यवस्थानुसार पार्क प्ले ग्राउंड्स के सर्वे और धारा–3 के अंतर्गत लिस्टिंग की कार्यवाही करते हुए नगर पालिका द्वारा नगर पालिका जसवन्तनगर की सीमान्तर्गत नगर पालिका को नियंन्त्रण में आने वाले पार्को, खेल के मैदानों एवं खुली जगह की सूची तैयार की गई है. जिसके अनुसार नगर पालिका जसवन्तनगर, इटावा की सीमान्तर्गत कोई खुली जगह नहीं है। तथा नगर पालिका सीमान्तर्गत आने वाले खेल के मैदान व खुली जगह की सूची नीचे दर्शायी गई है। उक्त से सम्बन्धित नियमावती की धारा 5(1) नियम 4 के अधीन प्रकाशित कराया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य को कोई आपत्ति/सुझाव है तो यह व्यक्ति प्रकाशित होने के 3 माह के अन्दर अपनी लिखित व साक्ष्य सहित आपत्ति / सुझाव नगर पालिका जसवतन्तनगर में दर्ज करा सकता है। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आपत्ति / सुझाव पर अपना स्थाई पता व नाम अवश्य अंकित करें।

पार्को, खेल के मैदानों एवं खुली जगहों की सूची

क0 सं0	खुली जगह का नाम व गाटा सं0	अवस्थिति	क्षेत्रफल/आकार (हेक्टेयर में)	विस्तृत अभ्युक्ति
1	तिरुपति बालाजी कोल्ड स्टोरेज के पास, मु0 अहीर टोला 127	खेल का मैदान	0.158	उक्त जगह तिरुपति बालाजी कोल्ड स्टोरेज के पास एन0 एच02 आगरा रोड के पास स्थित है।
2	तिरुपति बालाजी कोल्ड स्टोरेज के पास, मु0 अहीर टोला 136 ख	खुली जगह	0.036	उक्त जगह तिरुपति बालाजी कोल्ड स्टोरेज के पास एन0 एच02 आगरा रोड के पास स्थित है।
3	तिरुपति बालाजी कोल्ड स्टोरेज के पास, मु0 अहीर टोला 137/2	खुली जगह	0.016	उक्त जगह तिरुपति बालाजी कोल्ड स्टोरेज के पास एन0 एच02 आगरा रोड के पास स्थित है।

लिपिक
नगर पालिका परिषद
जसवन्तनगर (इटावा)

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
जसवन्तनगर (इटावा)

न्यूज ब्रीफ

अमन जायसवाल बने ऑडिट आफीसर

अमन जायसवाल।

चित्रकूट। मुख्यालय के शास्त्रीनगर निवासी अमन जायसवाल ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल की है। वह लोअर पीसीएस के तहत लिखित परीक्षा में कामयाबी हासिल कर ऑडिट आफीसर पद पर चयनित हुए हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश सहकारी समितियां और ग्राम पंचायत विभाग में कार्यभार ग्रहण कर लिया। अमन के पिता कमलेश जायसवाल व्यापारी हैं। अमन चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी से इंटरमीडिएट परीक्षा पास करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। सफलता पर परिवारीजनों में खुशी का माहौल है।

बच्चों को दी धूप से बचाव की जानकारी

चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने सोमवार को कंपोजिट विद्यालय रामपुर क्षेत्र रामनगर में बच्चों को धूप से बचाव के लिये कैप वितरण कराया। बीएसए ने बच्चों को गर्मी और धूप से बचाव की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक अखिलेश पांडेय और स्टाफ ने बीएसए का आभार व्यक्त किया।

पिकअप की टक्कर से दो युवक घायल

बरगढ़। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी हो गए। दुर्घटना सोमवार अपराह्न लगभग एक बजे की है। जानकारी के अनुसार. लवलेश साहू पुत्र यदुराज निवासी शाहपुर थाना बदौसा (बांदा) साथी लवकुश पुत्र चुन्नू राम निवासी ओस थाना बिसंडा (बांदा) के साथ बाइक से गुईया खुर्द से निमंत्रण करके वापस जा रहे थे। जैसे ही बरगढ़ घाटी के पास मोड़ के पास पहुंचे सामने से आ रही पिकअप ने बाइक पर टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप भी पलट गई। दोनों घायलों को सीएचसी भेजा गया। थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि दोनों घायलों की हालत ठीक है। दोनों वाहनों को थाने में रखा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

डायट में प्राचार्य ने की समीक्षा बैठक

चित्रकूट। डायट प्राचार्या नीलम यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें अप्रैल में किए गए सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की स्थिति, शिक्षक संकुल बैठक के गुणवत्तापूर्ण आयोजन की प्रगति रिपोर्ट आदि पर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी माह की कार्ययोजना तैयार की गई।

परिवार को टूटने से बचाया

चित्रकूट। पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में दंपती के बीच सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया गया। काजल देवी निवासी बिसंडा (बांदा) ने पति राहुल व ससुरालीजनों पर मारपीट कर घर से निकाल देने और दहेज की मांग करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र दिया था। एसपी के निर्देश पर परिवार परामर्श केंद्र की मुख्य आरक्षी रजनी सिंह, आरक्षी सोनिका द्विवेदी व अनामिका ने दोनों पक्षों को समझाया। दोनों आपस में पारिवारिक सामंजस्य बनाकर रहने को राजी।

प्रधान प्रतिनिधि को स्कूल में मिली अनियमितता

मिडडे मील में अनियमितता का लगाया आरोप, विद्यालय में संख्या से कम मिले बच्चे

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

अमृत विचार। मानिकपुर विकास खंड की गढ़चपा ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय पतेरिया में उपस्थिति रजिस्टर में कई दिन तक हाजिरी न भरे जाने के आरोप लगे हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह उर्फ मंटू सिंह का कहना है कि उन्होंने सोमवार को स्कूल में जाने पर पाया कि वास्तविकता में 23 बच्चे मौजूद थे। उनका आरोप है कि मिडडे मील में ज्यादा बच्चों की संख्या दिखाकर अनियमितता की जा रही है।

ग्राम प्रतिनिधि अरुण सिंह ने बताया कि पतेरिया के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय में लंबे समय से अनियमितता की शिकायत मिल रही थीं। इस पर वह सोमवार को लगभग 11 बजे अपराह्न अभिभावकों के साथ स्कूल पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्कूल में अंदर से कुंडी बंद थी। काफी देर खटखटाने के बाद दरवाजा खुला तो वहां पाया कि कुल 23 विद्यार्थी मौजूद थे। 21 अप्रैल से रजिस्टर में हाजिरी नहीं भरी गई थी। 21 अप्रैल को बच्चों की संख्या 109 दर्शाई गई थी। उन्होंने कहा कि इससे ऐसा लगता है कि अनियमितता की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उन्होंने बीएसए बीके शर्मा को देने की कोशिश की तो उन्होंने काल रिसीव नहीं की। इसके बाद उन्होंने खंड शिक्षाधिकारी मिथलेश कुमार को पूरी जानकारी दी।

प्रधानाचार्य, अभिभावक और स्कूल रसोइया के साथ खड़े प्रधान प्रतिनिधि मंटू सिंह।

मिडडे मील व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाया

- **रामनगर (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत बरवार की प्रधान नीलम देवी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गांव के प्राथमिक विद्यालय में मिडडे मील व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाकर जांच की मांग की है। प्रधान ने बरवार के प्राथमिक विद्यालय में एक मार्च से 23 अप्रैल तक निर्धारित मिडडे मील खिलाए जाने, इसे किस मद से कराने आदि के संबंध में जानकारी दिए जाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है। सवाल उठाया कि यह भी पता लगाया जाए कि उक्त अवधि में जो कार्य किया अथवा कराया गया है तो क्या सरकारी धन से कराया गया था अथवा प्राइवेट मदद से।

अन्दर से बंद दरवाजे को खुलवाते प्रधान प्रतिनिधि। अमृत विचार

हाजिरी न भरना गंभीर लापरवाही : बीईओ

बीईओ ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि ने मौके पर कई अव्यवस्थाएं पाईं, जिसकी जानकारी उनको दी गई। कई दिन तक हाजिरी न भरना गंभीर लापरवाही है। नियम के अनुसार प्रतिदिन हाजिरी लगनी चाहिए। अभिभावकों के साथ मौके का एक वीडियो भी सामने आया है।

...तो क्या अब इनके जाने पर भी लगेगी रोक

- गौरतलब है कि बीते दिनों बीएसए बीके शर्मा का एक पत्र वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने विद्यालयों के स्टाफ को आदेशित किया था कि कोई व्यक्ति खुद को पत्रकार अथवा मीडियाकर्मी बताकर आए तो उसे परिचय पत्र दिखाने को कहें। किसी भी अभिलेख की फोटो न खींचने दें। हालांकि इस पत्र की आधिकारिकता की पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता। अब सवाल पूछा जा रहा है कि क्या बीएसए साहब प्रधानों और ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों की भी इंट्री पर रोक लगाने का आदेश जारी करेंगे। गौरतलब है कि पूरे घटनाक्रम पर जानकारी लेने के लिए बीएसए को फोन किया गया पर उन्होंने हर बार की तरह इस बार भी काल रिसीव नहीं की।

चुनाव के बाद भाजपा सरकार ने जनता से धोखा किया : रुद्र

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी का विरोध किया है। उन्होंने वक्तव्य जारी कर कहा कि पांच राज्यों के चुनाव बाद मोदी सरकार ने जनता से धोखा किया है।

रुद्र प्रसाद मिश्र।

रुद्र प्रसाद ने कहा कि सीपीआई (एम) की जिला कमेटी व्यावसायिक गैस सिलेंडरों और पांच किलो गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी की निंदा करती है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमतों में लगभग एक हजार रुपये की वृद्धि का व्यापक प्रभाव पड़ना तय है। व्यावसायिक प्रतिष्ठान इस बोझ को उपभोक्ताओं पर डालने के लिए बाध्य हैं, जिससे उनका बोझ और महंगाई दोनों बढ़ेगी। कई छोटे प्रतिष्ठान बंद होने को मजबूर होंगे, जिसके परिणामस्वरूप छंटनी और बड़े पैमाने पर रोजगार का नुकसान होगा, जो पहले से ही शुरू हो चुका है। 14 किलो घरेलू सिलेंडरों को फिलहाल छूट दी गई है, वहीं पांच किलो गैर-सब्सिडी वाले सिलेंडर की कीमत में 261 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। यह क्रूर वृद्धि सबसे अधिक छोटे परिवारों और प्रवासी श्रमिकों को प्रभावित करेगी, जो 14 किलो सिलेंडर खरीदने में असमर्थ होने के कारण इनका उपयोग करते हैं। माकपा नेता ने कहा कि दैनिक जीवन की विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच यह वृद्धि हुई है। गैस सिलेंडरों की कमी और बढ़ी कीमतों के कारण हजारों प्रवासी मजदूर पहले ही शहरों और कस्बों को छोड़कर गांव लौट चुके हैं। पार्टी ने सिलेंडरों की कीमतों में हुई वृद्धि वापस लेने को कहा।

पुलिसिया कार्यशैली से अधिवक्ताओं में रोष

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। पुलिस की कार्यशैली को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है। सोमवार को जिला बार एसोसिएशन की बैठक में अधिवक्ताओं ने विभिन्न मामलों में पुलिस के ढुलमुल रवैये पर नाराजगी जताई। तय किया गया कि अगर ठीक से कार्रवाई नहीं की गई तो पुलिस विभाग के खिलाफ अधिवक्ता आंदोलन करेंगे।

बार एसोसिएशन के मीटिंग हाल में हुई बैठक में अधिवक्ता शिवनरेश यादव के घर में हुई चोरी का खुलासा अब तक न होने पर रोष जताया गया। अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले के थानों में भ्रष्टाचार फैला है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा। अधिवक्ता संघ के सदस्य शिवनरेश यादव के घर में एक माह पहले चोरी हुई थी, जिसकी एफआईआर भरतकूप थाने में दर्ज कराई गई थी। अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल भी एसपी से मिला था पर खुलासे के प्रति पुलिस उदासीन है।

- **जिला बार एसोसिएशन की बैठक में लिया निर्णय**

इसी प्रकार लालापुर के वाल्मीकि आश्रम में बाबा भरतदास द्वारा मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ कथित अभद्रता और ग्रामीणों के साथ मारपीट की घटनाओं पर भी पुलिस ने गंभीर कार्रवाई नहीं की। इससे लोग जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। महासचिव विजय प्रकाश त्रिपाठी ने पुलिस पर पक्षपातपूर्ण कार्यशैली अपनाने का आरोप लगाया। कहा कि इससे अधिवक्ताओं में चिंता और आक्रोश है। बताया कि ऐसे में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि इन मामलों में कठोर कार्रवाई न होने पर आठ मई को पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रस्तावित आंदोलन में अधिवक्ता भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ता संघ भी आंदोलन करेगा।

बैठक में मौजूद बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, अन्य पदाधिकारी।

चालक की झपकी को माना जा रहा हादसे का कारण

संवाददाता, कालपी जालौन

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र स्थित चौरासी गुंबद के पास सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे का कारण चालक की झपकी को माना जा रहा है। सोमवार सुबह हुए हादसे में कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है लेकिन मौके पर कोई वाहन नहीं मिला है जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि उक्त कार किसी वाहन में पीछे से घुसी होगी। हादसे में टवेरा कार आगे से क्षतिग्रस्त हुई है और मौके पर कोई वाहन नहीं मिला है। ट्रक के एक बम्पर का टुकड़ा जरूर मिला है जिससे कयास लगाया जा रहा है कि कार किसी ट्रक में पीछे से घुसी है।

सोमवार सुबह हुए हादसे की जानकारी पर जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह भी दुर्घटना स्थल पहुंचे और क्षेत्रीय पुलिस को जानकारी लेकर और दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने सीएचसी में भर्ती घायलों को भी देखा और उनका उचित इलाज कराने के भी निर्देश दिए है। इतना ही नहीं उन्होंने मेडिकल कालेज में भी मृतकों तथा घायलों के परिजनों के साथ मुलाकात कर हर सम्भव मदद का भी भरोसे दिया।

अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

अयोध्या में सरयू तट पर की थी फोटोग्राफी

- आचार्य मनोज भोडेरे की अगुवाई में अयोध्या के दर्शनार्थियों ने रविवार को खंडित प्रतिमा को सरयू में विसर्जित कर जमकर फोटोग्राफी की थी जिसमें सात युवा एक साथ मौजूद हैं। जिसे अंशुल तिवारी ने अपने फेसबुक एकाउंट में भी डाला है।

- **कालपी के चौरासी गुंबद के पास हुए सड़क हादसे का मामला**
- **घटनास्थल पर नहीं मिला कोई भी वाहन**

मृतकों में एक ही परिवार के थे पांच लोग

- **कालपी।** कोतवाली क्षेत्र स्थित चौरासी गुंबद के पास सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में काल का ग्रास बने और घायल अधिकतर लोग एक ही परिवार के थे। ललितपुर के महरौनी कस्बे के टीकमगढ़ रोड मुहल्ले में तिवारी परिवार रहता है जो मन्दिर की मूर्ति स्थापना के बाद परिवार के ही टवेरा संचालक कृष्णकांत तिवारी के साथ 10 लोग अयोध्या के लिए निकले थे, जिसमें सात लोग एक ही परिवार के थे और दुर्घटना में तीन की मौके पर तथा दो की अस्पताल में मौत हो गई। जबकि दो की हालत गंभीर हैं।

चालक कृष्णकांत का था वाहन

- दुर्घटना का शिकार हुई टवेरा कार चालक कृष्णकांत तिवारी के नाम ही पंजीकृत है जो किराये पर चलाता था और शनिवार को भी वह अपने परिवार और मुहल्ले वासियों को लेकर अयोध्या गया था लेकिन उसका सफर पूरा होता कि इससे पहले हादसे में उसकी सांसें थम गईं। सोमवार सुबह हुए हादसे के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है पहले जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया और घायलों और मृतकों के बारे में जानकारी ली थी। इतना ही नहीं हाईवे पर हुई दुर्घटना से परिवहन विभाग भी अलर्ट हो गया था और आनन-फानन पर मौके पर पहुंचे।

स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रस्तावित कामों की जानकारी लेते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। र

जिलाधिकारी ने किया स्पोर्ट्स स्टेडियम के कामों का निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सोमवार को स्पोर्टस स्टेडियम में होने वाले कार्यों के संबंध में निरीक्षण किया।

डीएम ने तरण ताल स्थल को देखा और प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने को कहा। कार्यदायी संस्था सी एंड डीएस जल निगम को भी सिंथेटिक ट्रैक बनाने व बास्केटबाल, लॉन टेनिस कोर्ट में सिंथेटिक लेयर, जिम हाल और बैडमिंटन हाल के अंदर रबर फलोरिंग, बाक्सिंग रिंग के बाहर फेंसिंग जल्द पूरा करने, प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

तीन राज्यों की जीत पर झूमे भाजपाई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। रुझानों में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में तय जीत देखकर खुश भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को खुशियां मनाईं। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य की अगुवाई में पार्टीजन जिला कार्यालय से ट्रैफिक चौराहे तक पहुंचे और मिठाई बांटी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह जीत पश्चिम बंगाल में लंबे समय से संघर्ष कर रहे कार्यकर्ताओं की जीत है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि तृणमूल और कांग्रेस सरकारों के अत्याचार का परिणाम है कि वहां की जनता ने इतना बड़ा जनादेश भाजपा को दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने कहा कि यह जीत नरेंद्र मोदी सरकार के सबका साथ सबका विकास के नारे की जीत है। पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि बंगाल की जीत वहां का विकास तय करेगी। रंजना उपाध्याय, दिव्या त्रिपाठी, अंजू वर्मा, राजेश्वरी द्विवेदी ने जीत को जनता के भाजपा पर भरोसे की जीत बताया। कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने भी जीत की सभी को शुभकामनाएं दीं। भागवत त्रिपाठी ने कहा कि बंगाल की जीत से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और आगामी उत्तर प्रदेश के चुनाव में इससे दुगुनी सीटों पर भाजपा जीतेगी। इस मौके पर अश्विनी अवस्थी, जवाहर सोनी, श्रवण पटेल, अर्पित जायसवाल, किशन अग्रहरि, अखिलेश रैकवार, सुशील द्विवेदी, प्रेमलाल आदि रहे।

पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य।

कृष्ण जन्म की कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोता

कार्यालय संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन की कथा में बालि वामन प्रसंग एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। ग्राम महिया में रामजानकी मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित ने भगवान श्री कृष्ण की जन्म लीला सुनाई तो भक्त भाव विभोर हो गए।

महिया प्रतापपुरा में दुर्गा माता मंदिर परिसर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित ने बालि वामन की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान के अवतार ने बालि से तीन पग भूमि मांगी थी और उन्होंने दो पग में ही आकाश व पाताल को नापकर बालि का अभिमान चूर कर दिया था। इसके बाद उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब कंस का अहंकार बढ़ गया और वह अच्छाई और बुराई का भेद भूल गया तब भगवान को मनुष्य रूप में पृथ्वी पर प्रकट होना पड़ा। श्रीकृष्ण का मथुरा की जेल में प्राकट्य होने के बाद वासुदेव ने रातों-रात उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां पहुंचा दिया और उनके यहां जन्मी पुत्री को देवकी की गोद में दे दिया। उधर, गोकुल में जैसे ही सुबह सभी जागे तो नंदबाबा के यहां लाला का जन्म होने की बात पता चलते ही पूरा गोकुल जश्न मनाने लगा। सभी ब्रजवासी नाचते-झूमते हुए 'नन्द घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की' गाते हुए मस्त हो रहे थे।

खेल के मैदान से

इटौरा के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर जीता खिताब

स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिला वालीबाल प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को महिला वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें इटौरा की टीम की खिलाड़ियों ने बढ़िया प्रदर्शन कर विजेता का खिताब पाया।

लीग समन्वयक डा. तुषारकांत शास्त्री ने बताया कि प्रदेश में चल रहे खेलो इंडिया लीग अभियान के तहत जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में यह प्रतियोगिता हुई।

इसमें संत थामस सीनियर सेकेंड्री स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरा, इटौरा स्पोर्ट्स तथा पानी संस्थान आरोही, पानी संस्थान चकौंध और पहाड़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर की टीमें शामिल रहीं। फाइनल में इटौरा की दोनों टीमों ने विजेता एवं उप विजेता का खिताब पाया। पानी संस्थान टीम तृतीय स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण एवं समापन अवसर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस मौके पर जिला ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नेता जगदीश गौतम, अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, वालीबाल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राकेश चौधरी, रामेंद्र शर्मा, शिवकुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम मौर्या, प्रिया मौर्या, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह, अंकित कुशवाहा, महेश गर्ग आदि मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका में डा. तुषारकांत शास्त्री, राजकुमार निषाद, श्यामसुंदर यादव, श्रीकेशन, कमलेश, अशोक सेन, महेश प्रजापति, शशि भूषण, राजकरण, रोहित कुमार, अंगद यादव, जितेन्द्र सिंह, दीप्ति त्रिपाठी, मुस्कान देवी, फिरोज अंसारी रहे। इसके पूर्व सदर विधायक अनिल प्रधान ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। उन्होंने कहा कि खेलकूद महिला पुरुष दोनों के लिये बहुत जरूरी है।

खेल के क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं बेहतर प्रदर्शन कर रहीं हैं। महिलायें उच्च स्थान हासिल कर देश प्रदेश में नाम रोशन कर रहीं हैं। ऐसी प्रतियोगिताओं से गांव व शहरों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, शील्ड देते जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार

किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष देवसिंह पटेल के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपा है। जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि किसानों को निजी नलकूपों के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। उन्होंने निजी नलकूपों को कम से कम 18 घंटे बिजली देने की मांग की है। ऐसे में गायर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए। इसके अलावा मूंग की फसल को खसरा में दर्ज कराने एवं सरकारी दलहन केंद्र खुलवाने की भी मांग की गई। किसानों ने उनकी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है। इस मौके पर रामपाल सिंह सेंगर, धर्मेंद्र सिंह, कृपाल सिंह, धनीराम, राजकुमार तिवारी, योगेंद्र सिंह, मानवेंद्र सिंह, भगवानदास राठौर आदि रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2009 रोल नंबर 1473 523 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2011 रोल नंबर 0884150 के प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। **शिवप्रकाश पुत्र उमाशंकर तिवारी बेला रोड तिलक नगर बिधूना जनपद औरैया।**

सूचना
मैंने अपने पुत्र दीपक के अनुचित आचरण के कारण उससे समस्त संबंध विच्छेद कर लिया है तथा उसे अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसका मुझसे अथवा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई संबंध नहीं है। भविष्य में वह कोई भी कार्य करता है, उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी। **बालक राम पुत्र धनीराम निवासी– ग्राम गपकापुर, मौजा लखनापुर, थाना दिबियापुर, जनपद औरैया**

सूचना
भवन संख्या 280/366, ब्लाक बी, ई.डब्लू-एस, स्कीम कानपुर नगर के स्वामी रघुराज द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फा. लि. में बंधक हेतु प्रस्तुत किया है। जिसका मूल आवंन्टन पत्र व नामान्तरण पत्र दिनांकित 11/08/2021 व 10/02/2022 घर मे कहीं खो गये है उक्त सम्पत्ती पर यदि किसी का कोई सत्व/दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सर्म्पण करें अन्याथा उक्त सम्पत्ती को बंधक स्वीकार कर लिया जाएगा। **शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट) चेम्बर नं0 24 बाबूलाल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कानपुर मो0– 9335063025**

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	77,269.40	24,119.30
बढ़त	355.90	121.75
प्रतिशत में	0.46	0.51

सोना 1,52,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,49,000 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, मंगलवार, 5 मई 2026

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

एचएफसीएल को मिला निजी कंपनी से 84 करोड़ रुपये का ठेका

नई दिल्ली। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी एचएफसीएल को एक प्रमुख घरेलू निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी से 84.23 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह ठेका 'ऑप्टिकल फाइबर केबल' की आपूर्ति के लिए है और इसे कंपनी की अनुषंगी एचटीएल लिमिटेड के साथ मिलकर प्राप्त किया गया है। हालांकि, कंपनी ने संबंधित दूरसंचार संचालक का नाम उजागर नहीं किया है। कंपनी के अनुसार इस घरेलू अनुबंध को अगस्त 2026 तक पूरा किए जाने की योजना है।

बजाज ऑटो ने अप्रैल में बेचे 5,13,792 वाहन

नई दिल्ली। बजाज ऑटो लिमिटेड की अप्रैल में कुल बिक्री 40 प्रतिशत बढ़कर 5,13,792 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के इसी महीने में 3,65,810 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 2,48,210 इकाई हो गई जबकि अप्रैल 2025 में यह 2,20,615 इकाई थी। निर्यात में 83 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज हुई और यह 2,65,582 इकाई रहा। अप्रैल 2025 में यह 1,45,195 इकाई रहा था। घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 2,10,063 इकाई हो गई जबकि अप्रैल 2025 में यह 1,88,615 इकाई थी।

बीएचईएल का शुद्ध लाभ ढाई गुना हुआ

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ ढाई गुना से अधिक होकर 1,290.47 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 504.45 करोड़ रुपये रहा था। बीएचईएल ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय बढ़कर 12,553.50 करोड़ रुपये हो गई जो 2024-25 की इसी तिमाही में 9,142.64 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बिजली क्षेत्र से राजस्व 9,509.85 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी-मार्च 2025 में 6,192.41 करोड़ रुपये था।

एक्साइड का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। बैटरी विनिर्माता कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15% बढ़कर 216.73 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 187.91 करोड़ रुपये रहा था। एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 4,735.13 करोड़ रुपये रही जो एक वर्ष पहले इसी तिमाही में 4,335.42 करोड़ रुपये थी।

अशोक लेलैंड की बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। अशोक लेलैंड की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 14,646 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष इसी महीने 13,421 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 14,242 इकाई रही जबकि अप्रैल 2025 में यह 12,509 इकाई थी। घरेलू बाजार में मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 7,977 इकाई रही जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 7,406 इकाई थी।

चुनावी नतीजों से शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा

उम्मीदों के अनुरूप चुनाव परिणाम और कंपनियों के बेहतर नतीजों ने बढ़ाया निवेशकों का भरोसा

मुंबई, एजेंसी

प्रमुख कंपनियों में लिवाली आने और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 356 अंक की मजबूती रही जबकि निफ्टी 122 अंक चढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 355.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 997.25 अंक उछलकर 77,910.75 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,119.30 अंक पर बंद हुआ।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े जोखिमों को नजरअंदाज करते हुए पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों के अनुकूल रुझान और चौथी तिमाही के बेहतर नतीजों से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए जबकि जापान में अवकाश के कारण कारोबार बंद रहा। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

घरेलू शेयर बाजार महाराष्ट्र दिवस पर शुक्रवार को बंद थे। गुरुवार को सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 और निफ्टी 180.10 घटकर 23,997.55 अंक पर बंद हुए थे।

निफ्टी भी 122 अंक चढ़कर 24100 के पार

बढ़त के साथ बंद हुए शेयर : सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल और मारुति सुजुकी के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

नुकसान में रहे शेयर : भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे।

स्मॉलकैप में 0.79, मिडकैप में 0.75 प्रतिशत की तेजी

बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.79 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.75 प्रतिशत की तेजी रही। रियल्टी खंड, सेवा, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक खंड एक प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, आईटी और बैंक खंड में गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में से 2,607 शेयर बढ़कर बंद हुए जबकि 1,735 शेयरों में गिरावट रही।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.48 % बढ़कर 109.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- विदेशी विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 8,047.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,487.10 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

आगे भी बढ़त का रुख रहने की उम्मीद

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बाजार में आगे भी बढ़त का रुख बने रहने की उम्मीद है। यह कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, मजबूत घरेलू आंकड़े और पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक स्पष्टता पर आधारित रहेगा।

चांदी 6,800 रुपये उछली, सोना 2,000 रुपये टूटा

नयी दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 6,800 रुपये चढ़कर 2.49 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। विदेशी बाजारों में कीमतों पर दबाव के बावजूद आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की तरफ से मजबूत खरीदारी के कारण घरेलू बाजार में भाव में तेजी रही। हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,000 रुपये, यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। गुरुवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान बातचीत को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच सोमवार को कम कारोबार वाले सत्र में सोने की कीमत में गिरावट आई। तेल की बढ़ती कीमतों ने इस आशंका को और मजबूत किया है कि ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं।

निवेश की पाठशाला

सावधान! आपका ATM कार्ड भी हो सकता है कॉपी

कारोबार डेस्क

डिजिटल दौर में बैंकिंग आसान है, लेकिन इसके खतरे भी उतने ही अधिक हैं। एटीएम से कैश निकालना हो, पेट्रोल पंप पर पेमेंट करनी हो या रेस्टोरेंट में बिल चुकाना हो, हम इस सबके लिए डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं। लेकिन इसी कार्ड को कॉपी करके अपराधी आपका बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं। इसे कार्ड क्लोनिंग कहते हैं। जरा सी लापरवाही बड़ी चोट पहुंचा सकती है। ऐसे में जानते हैं बचाव के तरीके और जरूरी सावधानियां ...

क्यों बढ़ रहे मामले

ज्यादा ट्रांजैक्शन का अर्थ है अपराधियों के लिए ज्यादा मौके। साइबर ठग फ्रॉड के लिए नित नए तरीके ढूंढ रहे हैं। इसमें कार्ड क्लोनिंग से लेकर डार्क वेब पर आपका डेटा बेचा जाना तक शामिल है। वहां से इस डेटा का गलत इस्तेमाल करके ये अपराधी आपके अकाउंट में सेंधमारी करते हैं। आपकी सावधानी ही मुख्य बचाव है।

क्या है कार्ड क्लोनिंग?

- अंतरराष्ट्रीय असल में आप किसी भी स्वाइप मशीन या एटीएम मशीन में कार्ड यूज करते हैं तो कार्ड कापी हो जाता है। कार्ड क्लोनिंग में ठग एटीएम या स्वाइप मशीन पर छोटा डिवाइस लगा देते हैं। इसको ही डिवाइस को 'स्किमर' कहा जाता है।
- जब आप मशीन में कार्ड डालते या स्वाइप करते हैं, तो यह डेटा कॉपी कर लेता है। यह आपकी मैग्नेटिक स्ट्रिप की जानकारी चुरा लेता है। साथ में छिपा कैमरा या नकली कीपैड लगाया जाता है। इससे आपका एटीएम पिन भी रिकॉर्ड कर लिया जाता है।

कहां-कहां है जोखिम

- एटीएम मशीन
- पेट्रोल पंप
- रेस्टोरेंट
- पीओएस या स्वैप मशीन
- अनजान भीड़भाड़ वाले स्थान

इन संकेतों से पहचानें खतरा

- बिना ट्रांजेक्शन किए पैसे कटने का मैसेज
- खाते से अचानक बड़ी रकम निकलना
- एटीएम के कार्ड स्लॉट में ढीलापन
- मशीन के आसपास अजीब-सा छोटा डिवाइस या वायर
- कीपैड पर एक्स्ट्रा परत या चिपका हुआ हिस्सा
- मशीन देखकर जरा भी शक हो, तो इस्तेमाल न करें

कैसे बचें कार्ड क्लोनिंग से

- पिन डालते समय कीपैड हाथ से ढकें।
- अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर कार्ड डिटेल शेयर न करें।
3. बैंक की SMS और ईमेल अलर्ट सर्विस हमेशा एक्टिव रखें।
4. जरूरत न हो तो इंटरनेशनल और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन बंद रखें।
5. अपना एटीएम पिन बदलते रहें।
6. मैग्नेटिक स्ट्रिप कार्ड हो तो बदलकर चिप कार्ड जारी करवा लें।

काम की बात

- अगर आपके खाते से बिना अनुमति पैसे निकल जाएं, तो घबराएं नहीं, तुरंत बैंक के कस्टमर केयर पर कॉल कर कार्ड ब्लॉक कराएं।
- तत्काल नजदीकी ब्रांच में लिखित शिकायत दें।
- राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल ([www.cybercrime.gov.in] (http://www.cybercrime.gov.in)) पर शिकायत दर्ज करें।
- ट्रांजेक्शन का स्क्रीनशॉट और मैसेज सुरक्षित रखें। रिपोर्ट जल्दी करने से पैसे वापस मिलने के चांस रहते हैं।

कमोडिटी डेरिवेटिव्स में बैंकों, बीमा कंपनियों की एंट्री के पक्ष में नहीं सेबी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के नियामक अपने विनियमित संस्थानों को जिंस डेरिवेटिव खंड में निवेश की अनुमति देने के पक्ष में नहीं हैं।

श्री पांडेय ने यहां 'आईएमसी कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस 2026' में एक संवाद सत्र के दौरान कहा कि संबंधित नियामक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) बैंकों और बीमा कंपनियों को जिंस डेरिवेटिव में निवेश की अनुमति देने को लेकर बहुत सकारात्मक नहीं हैं और इसके पीछे उनके पास ठोस कारण हैं।

सेबी प्रमुख ने कहा कि भारत में पेंशन कोष विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने भी पेंशन कोष को जिंस डेरिवेटिव में निवेश की अनुमति देने के प्रस्ताव पर विचार किया है, लेकिन इस पर अंतिम निर्णय का खुलासा नहीं किया है। जिंस डेरिवेटिव खंड वित्तीय बाजार का वह हिस्सा है जहां सोना, चांदी, कच्चा तेल या कृषि उत्पादों जैसी वस्तुओं की भविष्य की कीमतों पर आधारित वायदा एवं विकल्प अनुबंधों में कारोबार होता है। सेबी इस खंड का नियमन करता है।

सेबी चेयरमैन बोले- जल्दी ही एंथ्रोपिक माइथोस जैसे एआई टूल की वजह से उभर रहे जोखिमों को लेकर परामर्श जारी करेंगे

उन्होंने कहा कि सेबी जल्द ही बाजार मध्यस्थों के लिए एंथ्रोपिक माइथोस जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) टूल की वजह से उभर रहे जोखिमों को लेकर परामर्श जारी करेगा।

पांडेय ने कहा कि हमने इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों के साथ बातचीत की है और जल्द ही हम यह सलाह जारी करेंगे कि संभावित कमजोरियों के प्रति सतर्क रहने और सक्रिय रूप से जोखिम प्रबंधन करने की आवश्यकता है।

पूंजी बाजार विनियामक के मुखिया ने कहा कि भारत को दीर्घकालिक पूंजी की जरूरत है और बाजार-आधारित वित्त को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को बेहतर विकल्प देने के लिए बाजार के विकास और निवेशक संरक्षण को साथ-साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) उद्योग के लिए समयबद्ध तरीके से कोष जारी करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए हाल में बदलाव किए गए हैं, जिसमें पर्याप्त निगरानी भी सुनिश्चित की गई है।

एनसीएलएटी ने जेपी मामले में खारिज की अदाणी के खिलाफ वेदांता की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने उद्योगपति अनिल अग्रवाल नीत वेदांता लिमिटेड की दो याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं।

कंपनी ने इनमें कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए गौतम अदाणी नीत अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की बोली के चयन को चुनौती दी थी। एनसीएलएटी ने वेदांता द्वारा उठाए गए मुद्दों में कोई आधार नहीं पाया और उसकी दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया। एनसीएलएटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुण मित्रा की दो-सदस्यीय पीठ ने पाया कि ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने जेएएल के लिए वेदांता की समाधान योजना के मुकाबले अदाणी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को प्राथमिकता देकर सही फैसला किया था। इस फैसले को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंजूरी दे दी थी, जिसके खिलाफ वेदांता ने एनसीएलएटी में अपील दायर की थी।

एनसीएलएटी ने अपने आदेश में कहा कि अपीलकर्ता (वेदांता) द्वारा ऐसा कोई आधार नहीं बनाया गया है जिससे एनसीएलटी के निर्णय में हस्तक्षेप किया जा सके। अपील में कोई दम नहीं है। दोनों अपीलें खारिज की जाती हैं। कोई आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है।

टाटा समूह की कंपनियों के निदेशक करें टाटा संस की सूचीबद्धता की पहल

- संस्थागत निवेशकों को परामर्श देने वाली कंपनी इनगवर्न रिसर्च ने किया आग्रह
- कंपनी के निजी बने रहने पर जोखिम पैदा कर सकते हैं आरबीआई के नियामकीय बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। संस्थागत निवेशकों को परामर्श देने वाली इनगवर्न रिसर्च सर्विसेज ने टाटा समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों से टाटा संस को सूचीबद्ध कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया है, ताकि शेयरधारकों के हितों की रक्षा हो सके।

इनगवर्न रिसर्च के प्रबंध निदेशक एवं संस्थापक श्रीराम सुब्रमण्यन ने टाटा समूह की सात कंपनियों के स्वतंत्र निदेशकों एवं बोर्ड सदस्यों को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के 2026 के नियामकीय बदलाव टाटा संस के निजी बने रहने पर प्रणालीगत जोखिम पैदा कर सकते हैं। यह पत्र टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा केमिकल्स, टाटा पावर, इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन को संबोधित है, जिनकी टाटा संस में संयुक्त हिस्सेदारी करीब 12 प्रतिशत है। पत्र में कहा गया है कि बोर्ड (निदेशक मंडल) का यह दायित्व है कि वह टाटा संस की सूचीबद्धता के लिए प्रयास करे और इस पर स्पष्ट रुख सार्वजनिक रूप से रखे। इनगवर्न ने तीन-स्तरीय रणनीति सुझाते हुए कहा कि कंपनियां सूचीबद्धता के लिए स्पष्ट रूपरेखा की मांग करें, टाटा संस में अपनी हिस्सेदारी का बाजार आधारित पुनर्मूल्यांकन कराएं और कंपनी संचालन सुधारों को आगे बढ़ाएं। टाटा संस को सूचीबद्ध करना न केवल नियामकीय जरूरत है, बल्कि समूह के विस्तार में निवेश करने वाले शेयरधारकों के प्रति जिम्मेदारी भी है।

इनगवर्न रिसर्च ने पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में रिजर्व बैंक से आग्रह किया था कि वह टाटा संस को उच्चस्तरीय एनबीएफसी के रूप में मार्च 2027 तक सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करे।

भारत कमजोरियां पहचान कर जोखिम प्रबंधन करे: ईएसी-पीएम चेयरमैन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने सोमवार को कहा कि देश को भविष्य में पश्चिम एशिया जैसे संकट का असर कम करने के लिए ऊर्जा, खाद्य, उर्वरक, धातु एवं महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में अपनी आर्थिक कमजोरियों को चिह्नित कर उन पर निगाह रखनी चाहिए। देव ने बातचीत में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने जोखिम प्रबंधन के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति बाधाओं और कीमतों में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए सक्रिय रणनीति अपनानी जरूरी है।

देव ने कहा कि इसके लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के विस्तार और आवश्यक वस्तुओं के भंडारण जैसी भौतिक सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करना होगा। केवल विदेशी मुद्रा भंडार और खाद्यान्न भंडार पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत को ऊर्जा, खाद्य, उर्वरक, धातु और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रमुख आर्थिक कमजोरियों की पहचान कर उनकी निगरानी करनी चाहिए और आपूर्ति में बाधाओं एवं कीमतों में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए सक्रियता दिखाते हुए कदम उठाने चाहिए।

- आपूर्ति बाधाओं और कीमतों में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए सक्रिय रणनीति अपनानी जरूरी

ईएसी-पीएम के प्रमुख ने आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने पर जोर देते हुए कहा कि आपूर्ति स्रोतों और व्यापार मार्गों में विविधता लाने के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का प्रभावी उपयोग करना जरूरी है। दीर्घावधि में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना स्थायी समाधान होगा।

यूपीआई के जरिए अप्रैल में हुए 22.35 अरब लेनदेन: डीएफएस

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के जरिये लेनदेन इस साल अप्रैल सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 22.35 अरब रहा। वित्तीय सेवा विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। वित्तीय सेवा विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि अप्रैल 2026 में यूपीआई के जरिये 22.35 अरब लेनदेन हुए। यूपीआई के उपयोग में आसानी के साथ मजबूत सुरक्षा व्यवस्था भी है। इसके तहत आरबीआई के दो-स्तरीय प्रमाणीकरण नियम है। इसमें पहला स्तर उपयोगकर्ता के बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर और दूसरा यूपीआई पिन होता है, जिससे लेनदेन तेज और सुरक्षित बनते हैं। वर्तमान में भारत में कुल डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी लगभग 85 प्रतिशत है। इसका प्रभाव देश की सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर पर वास्तविक समय पर डिजिटल भुगतान में करीब 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यूपीआई संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ देशों में सक्रिय है, जिससे वहां रहने या यात्रा करने वाले भारतीयों को बिना किसी अतिरिक्त जटिलता के भुगतान करने की सुविधा मिलती है।

भारत-कनाडा ने फिर शुरू की एफटीए पर दूसरे दौर की वार्ता, यात्रा पर जाएंगे गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता का दूसरा दौर सोमवार को शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते को आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस वार्ता में वस्तुओं, सेवाओं तथा अन्य पारस्परिक रूप से सहमत नीतिगत क्षेत्रों में व्यापार पर चर्चा की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि पांच दिवसीय वार्ता चार मई से यहां शुरू हुई। वार्ता का पहला दौर मार्च में आयोजित किया गया था। यह दौर महत्वपूर्ण है क्योंकि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस माह के अंत तक वार्ता को गति देने के लिए कनाडा की यात्रा करेंगे। यह वार्ता प्रक्रिया फिर से शुरू होने का संकेत भी है क्योंकि कनाडा ने 2023 में वार्ता को रोक दिया था। हालांकि अब दोनों ने बातचीत को नए सिरे से शुरू करने का निर्णय लिया है। यह वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्षों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।

- मार्च में हुई थी पहले दौर की बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार 50 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

भारत से कनाडा को प्रमुख निर्यात में दवाइयां, लोहा एवं इस्पात, समुद्री उत्पाद, सूती परिधान, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन शामिल हैं। वहीं प्रमुख आयात में दालें, मोती एवं अर्ध-कीमती पत्थर, कोयला, उर्वरक, कागज तथा कच्चा पेट्रोलियम शामिल हैं।

पश्चिम एशिया संकट | उर्वरक विभाग में अतिरिक्त सचिव ने अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में कहा

बजट अनुमान से अधिक रह सकती है उर्वरक सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण आयातित यूरिया और अन्य उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के बीच वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार का उर्वरक सब्सिडी खर्च 1.71 लाख करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन से अधिक होने का अनुमान है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह बात कही।

उर्वरक विभाग में अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर एक अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम जानते हैं कि कीमतें बढ़ी हैं। यूरिया और अन्य उर्वरकों दोनों की कीमतों में बढ़ोतरी का रुझान दिख रहा है...। निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। श्री शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों के बावजूद, खरीफ 2026 सत्र में उर्वरकों की उपलब्धता 'अच्छी' और स्थिर बनी हुई है।

मार्च-अप्रैल के लिए घरेलू उत्पादन 67.76 लाख टन रहा। इसमें यूरिया (40.72 लाख टन), डाई अमोनियम फॉस्फेट (5.39 लाख टन), एनपीके (13.65 लाख टन) और एसएसपी (8 लाख टन) शामिल हैं। इसके अलावा 17 लाख टन का आयात भी किया गया। यह आयात बंदरगाह और विदेश मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से संभव हो पाया। विभाग ने मई महीने के लिए 22 लाख टन यूरिया, 4 लाख टन डीएपी और 8 लाख टन एनपीके के घरेलू उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि यूरिया के कुछ ऐसे संयंत्र जो अस्थायी रूप से बंद हो गए थे, वे अब फिर से चालू होने वाले हैं। उनके लिए गैस की आपूर्ति पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। यूरिया के आयात के लिए एक वैश्विक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और मई-जून तक इसकी आपूर्ति होने की उम्मीद है। उर्वरकों की बढ़ती मांग पूरा करने के लिए 19 लाख टन एनपीके उर्वरकों के आयात हेतु एक अलग वैश्विक निविदा भी जारी किया गया है।

खरीफ सत्र में 390 लाख टन उर्वरकों की जरूरत

कृषि विभाग ने खरीफ 2026 सत्र के लिए उर्वरकों की आवश्यकता 390.54 लाख टन रहने का अनुमान जताया है। इसके मुकाबले, राज्यों ने पहले ही 195.71 लाख टन उर्वरक का स्टॉक जमा कर लिया है। यह कुल आवश्यकता का लगभग 50 प्रतिशत है। अधिकारियों के अनुसार यह 'बेहतर योजना और समय से पहले स्टॉक जमा करने' की रणनीति है। कृषि मंत्रालय के आकलन के आधार पर राज्यों के हिसाब से मांग का खाका तैयार कर लिया गया है और इसके लिए स्टॉक जमा करने तथा अग्रिम योजना बनाने का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है।

वर्ल्ड ब्रीफ

केन्या में बाढ़ से 18 लोगों की मौत

नैरोबी। केन्या में लगातार जारी भारी बारिश के कारण हाल में आई बाढ़ से पिछले एक सप्ताह में 18 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत डूबने से हुई है। देश के गृह मंत्रालय के अनुसार, देशभर में बाढ़ से पिछले एक सप्ताह में 18 लोगों की मौत हुई है और 54,000 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं जिनमें से 6,000 परिवार देश की राजधानी नैरोबी के हैं। देशभर में कई विद्यालयों और अस्पतालों में पानी भर गया है तथा 17 सड़कों पर आवागमन बाधित हो गया है। भूस्खलन के कारण पश्चिमी रिफ्ट वैली क्षेत्र में हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। देश के जलविद्युत बांधों में जलस्तर बढ़ने के कारण ताना और अथी नदियों के किनारे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की गई है।

हंता वायरस से दंपति समेत तीन की मौत

केपटाउन। अटलांटिक महासागर में एक क्रूज जहाज पर संदिग्ध हंता वायरस के प्रकोप के कारण एक बुजुर्ग दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम तीन अन्य के बीमार होने की सूचना है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन और दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य विभाग ने दी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, मामले की जांच जारी है और कम से कम एक मामले में हंता वायरस के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने बताया कि एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है, जबकि जहाज पर इसके लक्षण वाले दो अन्य मरीजों को वहां से निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ऑर्बिटल डेटा सेंटर उपग्रह को साझेदारी

नई दिल्ली। अमेरिकी-भारतीय अंतरिक्ष कंपनी पिक्सल ने बेंगलुरु स्थित कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी सर्वम के साथ मिलकर एक ऑर्बिटल डेटा सेंटर सैटेलाइट बनाने के लिए साझेदारी की है। पिक्सल उपग्रह को डिजाइन, निर्माण, प्रक्षेपण और संचालित करेगा, जबकि सर्वम कक्षा में सीधे प्रशिक्षण और इन्फरेंस दोनों संभालेगा। सोमवार को पिक्सल के सीईओ अवैस अहमद ने कहा कि जमीन पर आधारित डेटा सेंटर ऊर्जा, भूमि, विनियमन और पैमाने के संबंध में बढ़ती बाधाओं का सामना कर रहे हैं और वर्तमान मॉडल को पर्यावरण की दृष्टि से बनाए रखना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑर्बिटल डेटा सेंटर एक नया आयाम खोलते हैं।

नेपाल ने लिपुलेख दर्रे पर अपना क्षेत्रीय दावा दोहराया

काठमांडू, एजेंसी

- नेपाल की सरकार ने की भारत से बातचीत करने की मांग

नेपाल ने लिपुलेख पर अपने क्षेत्रीय दावे को सोमवार को दोहराया और इस मुद्दे को सुलझाने के लिए भारत के साथ बातचीत की वकालत की। एक दिन पहले भारत ने इस क्षेत्र पर नेपाल के रुख को दृढ़ता से खारिज कर दिया था।

भारत ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से दशकों से आयोजित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति को रविवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा एकतरफा कृत्रिम विस्तार अस्वीकार्य है। भारत की इस प्रतिक्रिया के पहले नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर भारत और चीन द्वारा लिपुलेख दर्रे के रास्ते आगामी कैलाश मानसरोवर यात्रा आयोजित करने की योजना पर आपत्ति जताई और दावा किया कि यह उसका क्षेत्र है। नेपाल सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने कहा कि नेपाल का अपनी सीमा बढ़ाने का इरादा नहीं है, यह क्षेत्र नेपाल का है।

भारत-जमैका संबंधों में निरंतरता और परिवर्तन जैसी विशेषता

किंग्सटन, एजेंसी

- कैरिबियाई देश की पहली यात्रा पर बोले विदेशमंत्री जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और जमैका के बीच संबंध 'निरंतरता और बदलाव' से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि यह संबंध साझा इतिहास पर आधारित हैं जो वर्तमान सहयोग से मजबूत हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर अग्रसर है।

जमैकन ग्लीनर अखबार में रविवार को प्रकाशित एक लेख में जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों को एक गहरी और अधिक लचीली साझेदारी बनाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए जो दोनों देशों के लोगों के लिए काम करे और एक अधिक न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण में योगदान दे। भारत और जमैका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयशंकर शनिवार को कैरेबियाई देश की अपनी पहली यात्रा पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय का जमैका के साथ 180 वर्षों से संबंध है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय का यही रिश्ता हमारे संबंधों को एक विशेष रंग प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि कई भारतीयों के लिए जमैका का नाम सुनते ही माइकल होल्डिंग और क्रिस गेल का क्रिकेट, बॉब मार्ले और जिमी क्लिफ का संगीत, उसेन बोल्ट और एलेन थॉम्पसन-हेराह का एथलेटिक्स तथा सांस्कृतिक हस्ती मिस लू के लेखन की याद आ जाती है।

जयशंकर ने कहा कि ये संबंध दोनों देशों के बीच गहरे जुड़ाव को दर्शाते हैं, जिसमें ग्लोबल साउथ और राष्ट्रमंडल की सदस्यता शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत और जमैका दोनों बहुलवादी समाज, राजनीतिक लोकतंत्र और बाजार आधारित अर्थव्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता अंततः निरंतरता और परिवर्तन की एक कहानी है, जो एक साझा अतीत में निहित है, वर्तमान सहयोग से प्रगाढ़ हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर उन्मुख है। भारत और जमैका के संबंधों की कहानी 19वीं और 20वीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में भारतीय गिरमिटिया श्रमिकों की इस भूमि की यात्रा से शुरू हुई। उन्होंने कहा कि 1845 में 'ब्लंडेल हंटर' जहाज पर सवार होकर भारतीयों का पहली बार 'ओल्ड हार्बर बे' में उतरना इस यात्रा की शुरुआत थी। उन्होंने कहा कि आज, लगभग 70,000 भारतीय मूल के लोगों का एक समुदाय दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है। जयशंकर ने कहा कि भारतीय-जमैका समुदाय एक सक्रिय और गतिशील शक्ति है जो दोनों देशों के संबंधों को आधार प्रदान करती है और आगे बढ़ाती है। जब दोनों देशों के बीच 1962 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए तो हमने उस चीज को औपचारिक रूप दिया जिसकी नींव दोनों देशों के लोग पहले ही डाल चुके थे।

जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अमेरिका ने होर्मुज में बनाया अलग मार्ग

ईरान द्वारा समुद्र में बिछाए गए बारूदी सुरंगों के चलते जहाजों से मार्ग बदलने को कहा

दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने सोमवार को ईरान के प्रभाव वाले होर्मुज जलडमरूमध्य से फंसे हुए जहाजों को सुरक्षित रूप से मार्गदर्शन देने के प्रयास की शुरुआत की, ताकि क्षेत्र में जारी आर्थिक व्यवधान को कम किया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक दिन पहले घोषित प्रोजेक्ट फ्रीडम के बाद ज्वाइंट मैरीटाइम इंफॉर्मेशन सेंटर ने बताया कि अमेरिका ने मुख्य शिपिंग मार्गों के दक्षिण में एक उन्नत सुरक्षा क्षेत्र स्थापित किया है और समुद्री यात्रियों से ओमान के अधिकारियों के साथ समन्वय करने को कहा है।

सेंटर ने चेतावनी दी कि सामान्य यातायात मार्ग के पास से गुजरना अत्यंत खतरनाक हो सकता है, क्योंकि वहां बारूदी सुरंगों की मौजूदगी की आशंका है। अमेरिका के नेतृत्व वाले समुद्री कार्य बल की यह घोषणा जलमार्ग पर वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही बहाल करने और विश्वास बहाल करने के प्रयास की शुरुआत मानी जा रही है। इस जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग 20 फीसदी तेल का परिवहन होता है, लेकिन यह युद्ध के बाद गंभीर रूप से बाधित हुआ है। इस युद्ध की शुरुआत 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा की गई थी, जिसके बाद वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस अभियान को प्रोजेक्ट फ्रीडम बताते हुए कहा कि अमेरिका तटस्थ और बेकसूर देशों के जहाजों को सुरक्षित मार्ग देगा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार इस अभियान में गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, 100 से अधिक विमान और लगभग 15,000 सैनिक शामिल होंगे। हालांकि पेंटागन ने तैनाती को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी। खबरों के अनुसार कई जहाज, विशेषकर तेल और गैस टैंकर, युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। चालक दल ने मिसाइलों और ड्रोन हमलों के बीच पानी, भोजन और अन्य आवश्यकताओं की कमी की स्थिति का सामना करने की बात कही है। ट्रंप ने इसे मानवीय पहल बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ईरान सहित पश्चिम एशिया के देशों की मदद करना है, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ईरान के सरकारी मीडिया ने ट्रंप की घोषणा को भ्रमपूर्ण बताया है। ईरान के संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने भी चेतावनी दी है कि जलडमरूमध्य में किसी भी हस्तक्षेप को संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा। वहीं, ईरान ने यह भी कहा है कि वह युद्ध समाप्त करने के उसके प्रस्ताव पर अमेरिका के जवाब की समीक्षा कर रहा है।

होर्मुज स्ट्रेट में जहाज पर मिसाइल से हमला

दुबई। ब्रिटेन की सेना ने सोमवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में एक जहाज पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया। ईरान और अमेरिका के मध्य तनाव के बीच कुछ ही घंटों में इस तरह का यह दूसरा हमला है। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि रविवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर जलडमरूमध्य में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा के पास एक टैंकर को निशाना बनाया गया था। सेना ने कहा कि टैंकर पर अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ है। सेना के केंद्र ने कहा कि चालक दल सुरक्षित हैं। पर्यावरण पर कोई असर नहीं पड़ा है। रविवार को जलडमरूमध्य में एक अन्य जहाज पर भी हमला हुआ था।

अमेरिकी पोत पर ईरानी हमले के दावे खारिज

दुबई। अमेरिकी सेना ने सोमवार को उन दावों को खारिज कर दिया कि ईरान ने उसके नौसैन्य पोत पर हमला किया है। अमेरिका फारस की खाड़ी के निकटवर्ती क्षेत्र में सक्रिय है और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को रास्ता देने तथा ईरान द्वारा उन जहाजों पर नाकेबंदी को हटाने की पेशकश कर रहा है जिन्हें नौवहन की अनुमति प्राप्त नहीं है। ईरानी समाचार एजेंसियों ने दावा किया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिण-पूर्व में अमेरिकी नौसेना के एक पोत पर हमला किया, और उस पर समुद्री सुरक्षा और नौवहन मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

अमेरिकी झंडे वाले दो जहाज होर्मुज से गुजरे

दुबई। अमेरिकी सेना ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के झंडे वाले दो वाणिज्यिक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सफलतापूर्वक गुजरे हैं। यह घोषणा ऐसे समय में की गई, जब होर्मुज से वाणिज्यिक जहाजों के सुरक्षित आवागमन को लेकर तनाव बढ़ गया है।

जब्त ईरानी जहाज के चालक दल को पाकिस्तान पहुंचाया

इस्लामाबाद। अमेरिका ने अपने सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए एक ईरानी जहाज पर हिरासत में रखे गए चालक दल के 22 सदस्यों को विश्वास-बहाली उपाय के तहत पाकिस्तान भेज दिया है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स समूह के जहाज एमवी टौस्का को 19 अप्रैल को ओमान की खाड़ी में ईरान के चाबहार बंदरगाह के तट पर अमेरिकी सेना ने अपने कब्जे में ले लिया। इस जहाज पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखे हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा, अमेरिका द्वारा विश्वास बढ़ाने के उपाय के रूप में, जब्त किए गए ईरानी कंटेनर जहाज एमवी टौस्का पर बंधक बनाए गए चालक दल के 22 सदस्यों को पाकिस्तान लाया गया है।

एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई छात्रों के परिवारों से लिए थे 20 से 30 लाख रुपये

दिल्ली पुलिस ने एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो नीट अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर कथित रूप से ठगी करता था। इस बाबत संदिग्ध सरगना और एक डॉक्टर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि तीन मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2026 परीक्षा से पहले कुछ नाबालिग समेत 18 विद्यार्थियों को इन ठगों के चंगुल से बचाया। आरोपी उन्हें प्रश्न उपलब्ध कराने के बहाने अज्ञात स्थानों पर ले जा गए थे।

आरोप है कि फर्जी प्रश्न पत्र पिछले वर्षों की सामग्री और कोचिंग संस्थानों की सामग्री का उपयोग करके बनाए गए थे। आरोपियों ने छात्रों के परिवारों से कथित रूप से 20 से 30 लाख रुपये की मांग की और मेडिकल कॉलेजों में सीट दिलाने की गारंटी देते हुए कुछ पैसा ले भी लिया। अधिकारी ने बताया कि सूरत पुलिस से दो मई को सूचना मिली कि दिल्ली में एक संदिग्ध गिरोह नीट के माध्यम से मेडकिल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने का दावा कर रहा है जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई और तकनीकी निगरानी के आधार पर जांचकर्ता महिपालपुर एक्सटेंशन के कई होटलों की तलाशी ली। होटल में ठहरे चार आरोपियों को पकड़ा।

तेजाब हमले चिंता का विषय, सजा बढ़ाने पर विचार करे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने तेजाब पीड़िता की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार को दिए निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने बर्बर तेजाब हमलों के मामलों में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए सोमवार को केंद्र से ऐसे अपराधों के लिए सजा बढ़ाने पर विचार करने और बेगुनाही साबित करने का भार आरोपी पर डालने का सुझाव दिया। आपराधिक न्यायशास्त्र के तहत, जब तक कानून में अन्य प्रावधान नहीं हों, आरोपी के खिलाफ दोष साबित करने का भार अभियोजन पक्ष पर होता है।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि उपयुक्त संशोधन होने तक, जिन लोगों को जबरन तेजाब पिलाया गया हो या जिन्हें बाहरी विकृति के बिना आंतरिक चोटें आई हों, वे दिव्यांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत तेजाब हमलों के पीड़ितों के दायरे में आएंगे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह स्पष्टीकरण 2016 के अधिनियम के लागू होने के समय से ही शामिल माना जाएगा। पीठ ने कहा कि यदि संबंधित मंत्रालय औपचारिक रूप से इस संशोधन को अधिसूचित करता है तो इसका स्वागत किया जाएगा।

अपने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करेंगे भारत-बांग्लादेश

ढाका। बांग्लादेश में भारत के निवर्तमान उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को यहां विदेश मंत्री कहलिलुर रहमान से भेंट की जिसमें उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भविष्य में दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर बनाने की उम्मीद जतायी। भारतीय उच्चायोग के बयान का हवाला देते हुए सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने कहा है कि भारतीय उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से ढाका में विदेश मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भविष्य में दोनों देशों के बेहतर संबंधों को लेकर उम्मीद जतायी। दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत करने और आगे बढ़ाने पर भरोसा जताया। वर्मा ने भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया कि वह बांग्लादेश की जनता और सरकार के साथ मिलकर काम करेगा ताकि दोनों देशों के विकास की प्राथमिकताओं और आपसी हित तथा लाभ के आधार पर सभी क्षेत्रों में जन केंद्रित सहयोग को और मजबूत किया जा सके। एजेंसी की खबरों में कहा गया है कि रहमान ने 21 सितंबर, 2022 को बांग्लादेश में उच्चायुक्त का पद संभालने वाले वर्मा का धन्यवाद किया और उनके कार्यकाल के दौरान दोनों पड़ोसी देशों के संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उनकी सराहना की।

- बांग्लादेश के विदेशमंत्री से मिले भारतीय उच्चायुक्त

क्रिप्टोक्रोम के सहारे करते मीलों का सटीक सफर

पक्षियों का जीपीएस

हर साल, करोड़ों पक्षी बिना नक्शे या स्मार्टफोन के हजारों मील का सफर तय करते हैं और ठीक उसी जगह पहुंचते हैं जहां उनके पूर्वज गए थे। वर्षों तक वैज्ञानिकों के लिए यह एक पहेली थी कि ये नन्हे जीव समुद्रों, पहाड़ों और घने जंगलों के ऊपर से उड़ते हुए अपना रास्ता कैसे खोज लेते हैं। हालिया शोधों ने एक क्रांतिकारी सच्चाई को उजागर किया है। पक्षी केवल दिशा का अनुमान नहीं लगाते, बल्कि वे पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को अपनी आंखों से देख सकते हैं। इस अद्भुत क्षमता के पीछे क्रिप्टोक्रोम नामक विशेष प्रोटीन है। यह प्रोटीन पक्षियों की रेटिना में पाया जाता है और नीली रोशनी के प्रति संवेदनशील होता है।

यह कोई साधारण दृष्टि नहीं

यह क्वांटम भौतिकी के सिद्धांतों पर आधारित एक जटिल प्रक्रिया है। जब प्रकाश की किरणें पक्षी की आंख में प्रवेश करती हैं, तो क्रिप्टोक्रोम सक्रिय हो जाता है, जिससे उनके मस्तिष्क में एक दृश्य मानचित्र उभरता है। यह मानचित्र उन्हें उत्तर और दक्षिण दिशा के बीच के सूक्ष्म चुंबकीय अंतर को पहचानने में मदद करता है। कल्पना कीजिए कि आपके चश्मे पर एक ऐसी परत चढ़ी हो जो आपको हवा में तैरती अदृश्य रेखाएं दिखा दे, पक्षियों के लिए पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र ठीक वैसा ही है। यह क्षमता उन्हें घने कोहरे या अंधेरी रातों में भी रास्ता भटकने नहीं देती। पक्षियों का यह 'जैविक जीपीएस' न केवल जीव विज्ञान, बल्कि भविष्य की नेविगेशन तकनीक के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

नेविगेशन के अन्य सहयोगी कारक

- सौर और नक्षत्र नेविगेशन : दिन में सूरज और रात में तारों की स्थिति
- घ्राण शक्ति : कुछ पक्षी गंध के जरिए अपने घोंसले पहचानते हैं।
- चोंच में आयरन : कई पक्षियों की चोंच में मैग्नेटाइट के कण पाए जाते हैं, जो चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता मापने में मैग्नेटोमीटर की तरह काम करते हैं।

क्रिप्टोक्रोम क्या है

- क्रिप्टोक्रोम प्रोटीन का एक परिवार है जो पौधों से लेकर मनुष्यों तक लगभग सभी जीवित जीवों में पाया जाता है। पौधों में यह प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया देता है, जबकि मनुष्यों में यह हमारी सर्केडियन रिदम (सोने-जागने का चक्र) को नियंत्रित करता है। हालांकि पक्षियों (विशेषकर प्रवासी पक्षियों जैसे 'यूरोपीय रॉबिन') में क्रिप्टोक्रोम 4 नामक एक विशेष संस्करण विकसित हुआ है जो चुंबकीय संवेदनशीलता के लिए जिम्मेदार माना जाता है।

यह कैसे काम करता है

- क्वांटम एंटैंगलमेंट का खेल पक्षियों की दृष्टि साधारण कैमरों जैसी नहीं होती। क्रिप्टोक्रोम के भीतर होने वाली प्रक्रिया को रैडिकल पेयर मैकेनिज्म कहा जाता है।
- प्रकाश का प्रभाव : जब नीली रोशनी पक्षी की आंख पर पड़ती है, तो वह क्रिप्टोक्रोम के एक इलेक्ट्रॉन को उत्तेजित कर देती है।
- रैडिकल पेयर का निर्माण : यह उत्तेजना दो अलग-अलग अणुओं के बीच एक क्वांटम संबंध बनाती है।
- चुंबकीय प्रतिक्रिया : ये अणु पृथ्वी के अत्यंत कमजोर चुंबकीय क्षेत्र के प्रति भी बहुत संवेदनशील होते हैं। चुंबकीय क्षेत्र के कोण के आधार पर, इन अणुओं के रासायनिक गुणों में बदलाव आता है।
- दृश्य संकेत : मस्तिष्क इन रासायनिक परिवर्तनों को 'प्रकाश और छाया' के पैटर्न के रूप में पढ़ता है, जिससे पक्षी को दिशा का आभास होता है। है।

पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र

- पृथ्वी के ध्रुवों से निकलने वाली चुंबकीय रेखाएं पूरे ग्रह को घेरे रहती हैं। पक्षी इन रेखाओं की 'तीव्रता' और 'झुकाव' दोनों को महसूस कर सकते हैं।
- इन्क्लिनेशन कंपास : पक्षी यह पहचान लेते हैं कि चुंबकीय रेखाएं सतह के सापेक्ष किस कोण पर हैं।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष: आज दिन की शुरुआत अच्छी होगी। धन-संबंधी परेशानियों में घिरे रहेंगे। रात के समय सड़क यात्रा करने से बचें।	तुला: आज आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ाएंगे।
वृष: आज कार्यक्षेत्र के विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। प्रेम संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा।	वृश्चिक: आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। संपत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है।
मिथुन: आज व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त होगा। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा। पाचन तंत्र में कुछ परेशानी हो सकती है।	धनु: आज स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की संभावना बन रही है। नए दोस्तों पर अधिक विश्वास न करें। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।
कर्क: आज व्यर्थ के प्रपंचों से आपको दूर रहना चाहिए। शेयर और जोखिम भरे निवेशों से थोड़ी परेशानी होगी। यात्रा के कारण थकान रहेगी।	मकर: आज नकदी की समस्या दूर होने की संभावना है। व्यवसाय में धन-लाभ प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण वस्तुओं को संभालकर रखें।
सिंह: आज व्यावसायिक क्षेत्र में नए विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम संबंधों में शंका की भावना न पनपने दें। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।	कुंभ: आज आपकी सलाह दूसरों के लिए हितकारी रहेगी। आपकी कलात्मक क्षमताओं का विकास होगा। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं।
कन्या: आज मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।	मीन: आज नए कार्यों को आरंभ करने की योजना बना सकते हैं। आर्थिक हानि हो सकती है। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 5 मई, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी पूर्ण रात्रि।

दिशाशूल-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 12 .55 तक तत्पश्चात मूल।

सुडोकू - 139 का हल

8	7	9	2	4	6	1	3	5
6	5	3	7	9	1	4	8	2
1	2	4	3	8	5	6	9	7
4	8	2	5	7	9	3	6	1
5	3	1	6	2	8	7	4	9
7	9	6	1	3	4	2	5	8
9	1	7	4	5	3	8	2	6
3	6	5	8	1	2	9	7	4
2	4	8	9	6	7	5	1	3

सुडोकू -140

	4	6						
		7	5					4
		9		2		8		
4						7		8
			3		7			
5		8						2
		4		6		3		
8		3			9	4		6
	1					9	8	

प्रतिरक्षा तैयारी | प्रयागराज के न्यू कैंट क्षेत्र में नॉर्थ टेक सिंपोजियम के उद्घाटन कार्यक्रम में बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिखाई भारत की सैन्य क्षमताएं

नई दिल्ली/प्रयागराज, एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ से कुछ दिन पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अभियान को भारतीय सेना द्वारा उन्नत तकनीक का उपयोग करके आतंकी समूहों और उनके आकाओं पर निर्णायक प्रहार करने का एक अद्वितीय उदाहरण बताया।

प्रयागराज में न्यू कैंट क्षेत्र में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोजियम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों ने धैर्य दिखाते हुए आतंकी ढांचे को नष्ट करने में दक्षता दिखाई। इस अभियान ने पूरी दुनिया को भारतीय सेना की क्षमताओं का एहसास कराया। भारत ने पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था जिसका लक्ष्य पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में स्थित आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था। इन हमलों के कारण चार दिन तक भीषण सैन्य संघर्ष हुआ और इसे 10 मई को रोकने पर सहमति बनी। सिंह ने कहा कि हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को जो निर्णायक जवाब दिया, उससे पूरा देश गौरवान्वित हुआ। अच्छी बात थी कि हमने धैर्य दिखाया और केवल आतंकवादियों को तबाह किया, अन्यथा, पूरी दुनिया जानती है कि हमारे सशस्त्र बल क्या करने में सक्षम हैं। रक्षा मंत्री ने इस अभियान को तकनीक के उपयोग का एक अनूठा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में आकाश और ब्रह्मोस जैसी उन्नत मिसाइल प्रणालियों के साथ-साथ कई नवीनतम उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। सिंह ने कहा कि इससे साबित होता है कि हमारी सेनाएं बदलावों को समझती हैं और आत्मविश्वास के साथ उनका उपयोग करती हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में प्रद्योगिकी जबरदस्त ढंग से बदल रही है और मानव इतिहास में शायद ही कभी इतनी अधिक तेजी से प्रौद्योगिकी बदली है।

प्रयागराज में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोजियम के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तरी कमान के जेओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और अन्य।

अमेरिका में पार्टी में हुई गोलीबारी 12 लोग घायल

एडमंड। अमेरिका के ओक्लाहोमा सिटी के पास एक झील पर आयोजित पार्टी में रविवार रात हुई गोलीबारी में कम से कम 12 लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडमंड पुलिस की प्रवक्ता एमिली वार्ड ने बताया कि रात करीब नौ बजे आर्केडिया झील के पास युवाओं के एक जमावड़े में गोली चलने की सूचना मिली। उन्होंने रविवार देर रात बताया कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा, यह बेहद भयावह स्थिति है और हम जनता तथा प्रभावित लोगों की चिंता को समझते हैं।

गुजरात टाइटंस ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन इसके बावजूद वह मैच जीत रहा है और आईपीएल के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।
–जेसन होल्डर

स्टेडियम

कानपुर, मंगलवार, 5 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
चेन्नई सुपर किंग्स

समय - शाम 7:30 बजे

मार्श और पूरन की तूफानी पारियों से लखनऊ ने दिया 229 रनों का लक्ष्य

आईपीएल-2026 : मुंबई इंडियंस के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

मुंबई, एजेंसी

निकोलस पूरन के तूफानी अर्धशतक से लखनऊ सुपर जाएंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट पर 228 रन बनाए। पूरन (63 रन, 21 गेंद, आठ छक्के, एक चौका) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़कर सुपर जाइंट्स को ठोस मंच प्रदान किया।

हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और एडेन मारक्रम (नाबाद 31, 25 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे।

मुंबई की ओर से कोर्बिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। अल्लाह गजनफर (50 रन पर एक विकेट), विल जैक्स (34 रन पर एक विकेट) और रघु शर्मा (36 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने तीसरे ओवर में ही जोस इंग्लिस (13) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने स्पिनर गजनफर की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच थमाया।

उन्होंने इससे पहले इस स्पिनर पर लगातार दो चौके मारे। मार्श ने दीपक चाहर की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से शुरुआती की और फिर जसप्रीत बुमराह की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे। पूरन ने विल जैक्स पर तीन छक्कों के साथ फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। उन्होंने गजनफर पर भी दो छक्के और एक चौका जड़ा।

सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 90 रन बनाए। पूरन ने चाहर पर फाइन लेग पर छक्के के साथ सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पूरन हालांकि इसके बाद बॉश की गेंद पर विकेटकीपर रेयान रिकेल्टन को कैच दे बैठे। बॉश ने इसी ओवर में मार्श को भी नमन के हाथों कैच कराके सुपर जाइंट्स को दोहरा झटका दिया। कप्तान ऋषभ का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह 15 रन बनाने के बाद जैक्स की गेंद पर रिकेल्टन के हाथों लपके गए। अक्षत रघुवंशी भी 11 रन बनाने के बाद रघु सिंह की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाइंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 160 रन हो गया। हिम्मत सिंह ने धीमी शुरुआत के बाद गजनफर की गेंद पर लगातार गेंद पर छक्का और चौका जड़ा और फिर रघु पर चौके के साथ 17वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया।सुपर जाइंट्स की टीम अंतिम तीन ओवर में 22 रन ही जुटा सकी।

विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के मिचेल मार्श। एजेंसी

लखनऊ सुपर जाएंट्स

228/5 (20 ओवर)

मिचेल मार्श का नमन बो बॉश	44
जोश इंग्लिस का सूर्यकुमार बो गजनफर	13
निकोलस पूरन का रिकेल्टन बो बॉश	63
ऋषभ पंत का रिकेल्टन बो जैक्स	15
एडेन मार्करम नाबाद	31
अक्षत रघुवंशी का एवं बो रघु	11
हिम्मत सिंह नाबाद	40

अतिरिक्त: 11, **विकेट पतन**: 1-29, 1-123, 3-125, 4-148, 5-160, **गेंदबाजी**: चाहर 4-0-43-0, बुमराह 4-0-45-0, गजनफर 4-0-50-1, जैक्स 2-0-34-1, बॉश 2-0-20-2, रघु 4-0-36-1

मुंबई इंडियंस ने बीच में बदला कप्तान रोहित की वापसी

मुंबई। खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या सोमवार को पीठ में जकड़न के कारण लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी टीम से बाहर हो गए जबकि रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई है। भारत के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉस के लिए आए और बताया कि वह बीमार पंड्या की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। टीम के बयान में कहा गया हार्दिक पंड्या पीठ में खिंचाव के कारण अस्वस्थ हैं इसलिए आज के मैच के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर पंड्या के लिए आईपीएल 2026 भुला देने वाला रहा है।

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	पंजाब किंग्स	9	6	2	1	13	0.855
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	9	6	3	0	12	1.420
3.	सनराइजर्स हैदराबाद	9	6	4	0	12	0.644
4.	राजस्थान रॉयल्स	10	6	4	0	12	0.510
5.	गुजरात टाइटंस	10	6	4	0	12	-0.147
6.	चेन्नई सुपर किंग्स	9	4	5	0	8	0.005
7.	दिल्ली कैपिटल्स	9	4	5	0	8	-0.895
8.	कोलकाता नाइट राइडर्स	9	3	5	1	7	-0.539
9.	मुंबई इंडियंस	9	2	7	0	4	-0.803
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	8	2	6	0	4	-1.106

ऑरेंज कैप

- अभिषेक शर्मा हैदराबाद - 440 रन
- केएल राहुल दिल्ली - 433 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद - 425 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु - 17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई - 17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात - 16 विकेट

धोनी के बारे में जानकारी देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर, वह लगातार कर रहे सुधार : सिमंस

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने सोमवार को कहा कि दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच के लिए टीम के साथ नहीं आए हैं, लेकिन उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। धोनी पिंडली की चोट के कारण इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। इस सत्र का आधे से अधिक हिस्सा बीत चुका है और सीएसके अपना 10वां मैच खेलने जा रही है। टीम का प्रदर्शन अब तक उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से हर सत्र में 44 वर्षीय इस महान भारतीय खिलाड़ी के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। सिमंस मंगलवार को यहां खेले जाने वाले मैच से एक दिन पहले मीडिया से बातचीत के लिए पहुंचे, तो पहला सवाल धोनी के बारे में ही पूछा गया। धोनी पिछले कुछ दिनों से नेट सत्र में बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं। सिमंस ने कहा धोनी को लेकर अपडेट (जानकारी) देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। वह इस समय हमारे साथ दिल्ली में नहीं हैं, लेकिन धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। वह कब खेलने के लिए तैयार होंगे, यह उन्हें खुद बेहतर पता है। गेंदबाजों के प्रदर्शन पर बात करते हुए सिमंस ने अंशुल कंबोज की जमकर सराहना की। कंबोज ने खेल के हर चरण में प्रभावित किया है और 17 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं। सिमंस ने कहा अंशुल ने शानदार प्रदर्शन किया है। आज आप जिस अंशुल को देख रहे हैं, वह केवल इस सत्र का परिणाम नहीं है। उसने पिछले साल से ही इसकी शुरुआत कर दी थी। हमने कुछ चीजों पर काम किया था। उसने घरेलू सत्र में अपनी गेंदबाजी के कोण और यॉर्कर की सटीकता पर खास काम किया।

हाईलाइट

मियामी फॉर्मूला वन ग्रैंड प्रिक्स ऑटो रेस के बाद विनर्स पोडियम पर दूसरे स्थान पर रहने वाले ब्रिटेन के मैकलारेन ड्राइवर लैंडो नोरिस (बाएं); पहले स्थान पर रहने वाले इटली के मर्सिडीज ड्राइवर किमी एंटोनेली (दाएं से दूसरे) और तीसरे स्थान पर रहने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैकलारेन ड्राइवर ऑस्कर पियास्त्री (दाएं)। एजेंसी

पेशावर ने पीएसएल का खिताब जीता

लाहौर। आरोन हार्डी के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर पेशावर जाल्मी ने हैदराबाद किंग्समेन को फाइनल में पांच विकेट से हराकर 2017 के बाद पहली बार पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। हार्डी ने 27 रन देकर चार विकेट लिए जिससे पेशावर ने हैदराबाद को 18 ओवर में केवल 129 रन पर आउट कर दिया। पेशावर की तरफ से साइम अयूब (54) ने जुझारू अर्धशतक बनाया। इसके बाद हार्डी ने 39 गेंदों पर 56 रन की नाबाद पारी खेली जिससे पेशावर ने गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 15.2 ओवर में पांच विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। पेशावर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने चार विकेट 40 रन पर खो दिए। इनमें कप्तान बाबर आजम का विकेट भी शामिल था जो खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद हार्डी ने अब्दुल समद (46) के साथ पांचवें विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को जीत दिलाई।

चोटिल फिल साल्ट स्वदेश लौटे

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट पिछले महीने उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं। इस चोट के कारण साल्ट आरसीबी के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह उनके हमवतन जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ पारी का आगाज किया। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 18 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान दीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गया था। उनकी बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से अनुबंधित साल्ट इंग्लैंड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और उनकी उंगली का स्कैन किया गया है।

भारतीय तीरंदाजों के सामने शंघाई विश्व कप में कड़ी चुनौती

- खराब योजना, दिशाहीनता और पूर्णकालिक विदेशी कोच की अनुपस्थिति से जूझ रही टीम

शंघाई, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज मंगलवार से यहां शुरू होने वाले विश्व कप के दूसरे चरण में खराब योजना, दिशाहीनता और पूर्णकालिक विदेशी कोच की अनुपस्थिति से घिरे माहौल में उतर रही है। इस विश्व कप में मजबूत टीमों की मौजूदगी और इस साल होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए भारत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जापान के ऐची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल तेजी से नजदीक आ रहे हैं, लेकिन भारत की तैयारी बिल्कुल भी भरोसेमंद नहीं दिख रही है।

सत्र की शुरुआत मेक्सिको में हुए विश्व कप के पहले चरण से हुई, जहां भारतीयों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पहलू महिलाओं की कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक था। दक्षिण कोरिया जैसी दिग्गज टीम की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय रिकर्व तीरंदाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। यह प्रदर्शन हकीकत का आईना साबित हुआ, जहां तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत जैसे बड़े नाम भी पदक दौर तक नहीं पहुंच सके। पुरुष रिकर्व टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई। महिला टीम ने शुरुआती मुकाबला जीता, लेकिन क्वार्टर फाइनल में तुर्की से हार गई। व्यक्तिगत स्पर्धा में देश की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी दूसरे दौर में ही बाहर हो गईं, जबकि अंकिता, सिमरनजीत कौर और कुमकुम मोहोड़ तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद भारतीय तीरंदाजी महासंघ ने शुरुआती विश्व कप के इस चरण के लिए भी वही टीम बरकरार रखी है। एशियाई खेलों और आगामी विश्व कप चरणों के लिए चयन ट्रायल 15 मई से सोनीपत में प्रस्तावित हैं। शंघाई में एक बार फिर भारत को अनुभवी लेकिन फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों पर निर्भर रहना होगा।

भारतीय टीम

रिकर्व पुरुष: तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे। **रिकर्व महिला**: दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, सिमरनजीत कौर और कुमकुम मोहोड़। **कंपाउंड पुरुष**: अभिषेक वर्मा, कुशल दलाल, ओजस देवताले और साहिल जाधव। **कंपाउंड महिला**: ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी, प्रगति और मधुरा धमांगांवकर।

घरेलू मैदान का लाभ लेना चाहेगा दिल्ली

- चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबला आज

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के सिलसिले को खत्म करने के लिए मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के नौ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। अब जबकि उनके पांच मैच बचे हुए हैं तब छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को जयपुर में खेले गए मैच में महत्वपूर्ण जीत हासिल की। उसने इससे पहले जो तीन मैच गंवाए थे उनमें से दो हार उसे घरेलू मैदान पर मिलीं थी।

कोटला में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसकी टीम 264 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाई थी जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। इससे पहले दिल्ली को कोटला में गुजरात टाइटंस से भी एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। सीएसके के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी लय में आ गए हैं। केएल राहुल अच्छी फॉर्म में हैं, जबकि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के आने से उसका गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

जयपुर में अपने आखिरी ओवर में तीन छक्के खाने के बाद कुलदीप यादव अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। वह अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने नौ मैचों में केवल सात विकेट लिए हैं और प्रति ओवर 10.26 रन लुटाए हैं। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ टी नटराजन का भी इकोनॉमी रेट अच्छा नहीं है। उन्होंने नौ मैचों में केवल पांच विकेट लिए हैं। उतार-चढ़ाव भरे दौर के बावजूद कप्तान अक्षर पटेल शांत और व्यावहारिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। अक्षर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, आपको हर दिन अभ्यास करते रहना होगा। आप हमेशा परिस्थितियों को बदल सकते हैं।

अभ्यास सत्र के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल। एजेंसी

टीम

दिल्ली कैपिटल्स : अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, अमन खान।

विशेष शिविर | आयरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेविड विलियम्सन ने दिए टिप्स

महिला हॉकी टीम की गोलकीपरों का निखरा कौशल

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपरों सविता, बिचू देवी खारिबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किंडो ने आयरलैंड के डेविड विलियम्सन द्वारा आयोजित एक विशेष गोलकीपिंग शिविर में हिस्सा लिया।

यह शिविर मुख्य कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में आयोजित किया गया था और दो मई को यहां साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्र में समाप्त हुआ। कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के 'आनंदना' के सहयोग से आयोजित यह 11 दिवसीय शिविर 22 अप्रैल को शुरू हुआ था जिसमें गोलकीपरों को केंद्रित और उच्च-प्रदर्शन वाला प्रशिक्षण दिया गया। विलियमसन उत्तरी आयरलैंड के एक अत्यंत अनुभवी फील्ड हॉकी कोच और पूर्व खिलाड़ी हैं। वह एक जाने-माने गोलकीपिंग विशेषज्ञ हैं जिन्होंने अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है। सीनियर गोलकीपरों सविता, बिचू देवी, बंसरी और माधुरी ने इन सत्र में भाग लिया जिससे उन्हें तकनीकी बुनियादी बातों, निर्णय लेने की क्षमता, रक्षात्मक पहलुओं और मैच की स्थितियों में रणनीतिक जागरूकता पर गहनता से ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिला।

यह ऐसे समय में हुआ जब टीम आगामी अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही है।

बहुत कुछ सीखने को मिला : सविता

गोलकीपरों के लिए ऐसे केंद्रित शिविरों के लाभ के बारे में बात करते हुए सविता ने कहा, एक गोलकीपर होने के नाते मैंने हमेशा यह अनुभव किया है कि इस तरह के शिविर आपको बहुत कुछ सीखने में मदद करते हैं। साथ ही आपके कौशल को निखारते और बेहतर बनाते हैं। हम ट्रेनिंग के दौरान मैच जैसी स्थितियां बनाते हैं और उन पर खूब चर्चा करते हैं। इसलिए ये विशेष शिविर हमेशा महत्वपूर्ण होते हैं। शिविर में अपने अनुभव को साझा करते हुए सविता ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि उन्होंने युवा गोलकीपरों का मार्गदर्शन करने की भूमिका को किस तरह अपनाया।

इंटर मिलान ने इटालवी लीग का खिताब जीता

मिलान। इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराकर तीन दौर के मैच शेष रहते ही इटालवी लीग फुटबॉल टूर्नामेंट सीरी ए का खिताब अपने नाम कर लिया।

इंटर मिलान को ट्रॉफी हासिल करने के लिए केवल एक ड्रॉ की जरूरत थी। उसने परमा पर जीत से 2025 के चैंपियन और दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली पर 12 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है। यह इंटर मिलान का 21वां सीरी ए खिताब है। वह सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में युवेंटस (36) के बाद दूसरे स्थान पर है।

इंटर मिलान की तरफ से पहला गोल पहले हाफ में मार्कस थुरम ने किया जबकि 37 वर्षीय हेनरिक मखितार्यान ने 80वें मिनट दूसरा गोल दागा।

शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन की पुरस्कार राशि पर जताई नाखुशी

पेरिस, एजेंसी

नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, एरीना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर 'अपनी गहरी निराशा' व्यक्त की है। यह क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता इस महीने के आखिर में पेरिस में शुरू होगी। खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी कुछ अन्य मांगें भी हैं जिन पर आयोजकों ने ध्यान नहीं दिया है। इनमें बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य और पेंशन शामिल हैं।

खिलाड़ियों की यह मांग तब आई जब फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि रोलां गैरां पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है, जिससे कुल पुरस्कार राशि 61.7 मिलियन यूरो (72.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 मिलियन यूरो अधिक है। फ्रेंच ओपन 24 मई से शुरू होगा। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उपविजेता खिलाड़ियों को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वालों को सात लाख 50 हजार यूरो जबकि पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 87000 यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल विजेताओं को 600,000 यूरो और मिश्रित युगल चैंपियन को 122,000 यूरो मिलेंगे। खिलाड़ियों ने हालांकि बयान में कहा असली आंकड़े बिल्कुल अलग कहानी बयां करते हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार फ्रेंच ओपन ने 2025 में 395 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त किया, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक था। इसके बावजूद पुरस्कार राशि में केवल 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



खिलाड़ियों की मांग

खिलाड़ियों ने सोमवार को जारी बयान में कहा फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट के राजस्व में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 2024 में 15.5 प्रतिशत से घट गई है और 2026 में इसके 14.9 प्रतिशत रहने की संभावना है।